e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 179
मंगलवार
02.07.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

बड़ी यात्रा की शुरुआत, एक छोटे से कदम से ही होती है।

## क्विक न्यूज

### डिजिटल इंडिया एक दशक में की गई भारत की प्रगति की झलक : प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को डिजिटल इंडिया पहल के 9 साल पूरे होने के अवसर पर कहा कि यह एक दशक में की गई भारत की प्रगति की झलक देता है।प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि डिजिटल इंडिया एक सशक्त भारत है, जो जीवन की सुगमता और पारदर्शिता को बढ़ावा देता है। यह धागा प्रौद्योगिकी के प्रभावी उपयोग के कारण एक दशक में की गई प्रगति की एक झलक देता है।

### पूरे उत्तर भारत में भारी बारिश का जारी किया अलर्ट

**नई दिल्ली** : दक्षिण-पश्चिम मानसून तेज गति पकड़ते हुए सोमवार को उत्तर प्रदेश, पंजाब और हरियाणा के अधिक हिस्सों में आगे बढ़ गया है। इसके अगले चार पांच दिनों में पूरे भारत को कवर करने की संभावना है। इसके साथ ही मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के लिए पूरे उत्तर भारत में बहुत भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।सोमवार को मौसम विभाग की वैज्ञानिक सोमा सेन ने बताया कि दक्षिण-पश्चिम मॉनसून आज उत्तर प्रदेश, पंजाब और हरियाणा के अधिक हिस्सों में आगे बढ़ गया है। अभी यह उत्तर पश्चिम राजस्थान, दक्षिण पंजाब और दक्षिण पश्चिम हरियाणा को छोड़कर देश के अधिकांश हिस्सों को कवर कर चुका है। आने चार-पांच दिनों में यह पूरे भारत को कवर कर लेगा। उन्होंने बताया कि अगले तीन दिनों के दौरान पूरे उत्तर भारत में बहुत भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। दिल्ली में भी बारिश होने की संभावना जताई गई है।

### एक ही परिवार के पांच लोगों के शव फांसी के फंदे पर मिला

**भोपाल :** मध्य प्रदेश के आलीराजपुर से दर्दनाक घटना सामने आई है। बता दें कि राउडी गांव में पति-पत्नी और उनके तीन बच्चों के शव फांसी के फंदे पर लटके मिले हैं। घटना के बाद से गांव में सनसनी फैल गई है। सूचना मिलने के बाद पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची।जानकारी के अनुसार गुनेरी पंचायत के राउडी गांव के एक घर में राकेश सिंह, पत्नी ललिता, बेटी लक्ष्मी, बेटा प्रकाश और अक्षय के शव घर में ही फंदे पर लटके मिले। कुछ ग्रामीणों ने हत्या कर शवों को फंदे पर लटकाने की आशंका जताई है।

### पुलिस ने की छापेमारी, 9 साइबर अपराधी गिरफ्तार

**धनबाद :** वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश के आलोक में अपराध अनुसंधान विभाग द्वारा पुलिस के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। जहां वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस उपाधीक्षक साइबर अपराध रोकथाम के लिए टीम गठित की गई थी। जहां नावाडीह स्थित सन ब्राइट अपार्टमेंट में छापेमारी की गई। मौके पर से सोमनाथ सिंह समेत 9 साइबर अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से दर्जनों मोबाइल फोन, क्रेडिट व डेबिट कार्ड, पासबुक, पांच लैपटॉप सहित अन्य सामान भी बरामद किए गए हैं। न्यायिक हिरासत मे लेकर पुलिस ने सभी को जेल भेज दिया है।

### पाकिस्तान में जेल से फरार हुए 18 खूंखार कैदी, फिल्मी स्टाइल में वारदात के दिया गया अंजाम

**इस्लामाबाद** : पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के एक जेल से कम से कम 18 खतरनाक अपराधी एक सुरक्षाकर्मी पर हमला करने के बाद फरार हो गए हैं। अधिकारियों ने सोमवार को इस बारे में जानकारी दी है। अधिकारियों ने बताया कि फरार कैदियों में से छह को मौत की सजा सुनाई गयी थी। घटना शुक्रवार को रावलकोट जेल में हुई जब एक कैदी ने सुरक्षाकर्मी को पिस्तौल का भय दिखाकर जेल की चाबियां छीन लीं।पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि फरार होने वाले 18 कैदियों में से छह को मौत की सजा सुनाई गयी थी जबकि तीन अन्य कैदी आजीवन कारावास की सजा काट रहे थे। अधिकारी ने बताया कि फरार होने की कोशिश कर रहे एक अन्य कैदी की गोली लगने से मौत हो गयी।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 38° |
| न्यूनतम | 27° |

### लोकसभा में राहुल गांधी के हिंदू पर दिए बयान पर हुआ जोरदार हंगामा

# पूरे हिंदू समुदाय को हिंसक कहना गंभीर मामला : पीएम मोदी

**राहुल ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग अपने आप को हिंदू कहते हैं वह 24 घंटे हिंसा, हिंसा, हिंसा, नफरत, नफरत, नफरत, असत्य, असत्य, असत्य करते रहते हैं। ये हिंदू हैं ही नहीं। आप हिंदू हो ही नहीं। हिंदू धर्म में साफ लिखा है कि सत्य के साथ खड़े होने चाहिए।**





एजेंसी

**नई दिल्ली** : लोकसभा में नेता विपक्ष के तौर पर राहुल गांधी के हिंदुओं पर दिए एक बयान ने हंगामा मचा दिया। दरअसल, राहुल ने कहा था जो खुद को हिंदू कहते हैं, वह हिंसा-हिंसा करते हैं।

इसे लेकर सदन में जबरदस्त हंगामा हुआ। राहुल ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग अपने आप को हिंदू कहते हैं वह 24 घंटे हिंसा, हिंसा, हिंसा; नफरत, नफरत, नफरत; असत्य, असत्य, असत्य करते रहते हैं। ये हिंदू हैं ही नहीं। आप हिंदू हो ही नहीं। हिंदू धर्म में साफ लिखा है कि सत्य के साथ खड़े होने चाहिए।

सत्य से पीछे नहीं हटना चाहिए। अहिंसा फैलाना चाहिए। पीएम मोदी ने इस दौरान बीच में ही उठकर राहुल गांधी को रोका और कहा कि यह बात बहुत गंभीर है। पूरे हिंदू समुदाय को हिंसक कहना गंभीर विषय है। इस पर राहुल ने जवाब दिया कि मैंने भाजपा को हिंसक कहा, नरेंद्र मोदी पूरा हिंदू समाज नहीं है। भाजपा पूरा हिंदू समाज नहीं है। आरएसएस पूरा हिंदू समाज नहीं है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी राहुल गांधी पर जमकर पलटवार किया। शाह ने कहा कि राहुल गांधी को इस बयान के लिए माफी मांगनी चाहिए।

पीएम मोदी ने सदन में कहा, इस संविधान ने मुझे सिखाया है कि मुझे विपक्ष के नेता को गंभीरता से लेना चाहिए।

### राहुल गांधी हिंदू धर्म का अपमान नहीं कर सकते : प्रियंका गांधी

राहुल गांधी के बचाव में उनकी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा, राहुल गांधी हिंदू धर्म का अपमान नहीं कर सकते, उन्होंने बहुत स्पष्ट बोला है। उन्होंगे भारतीय जनता पार्टी और उसके नेताओं के बारे में बोला है।कांग्रेस सांसद राजीव शुक्ला का कहना है कि राहुल गांधी ने हिंदुओं के बारे में टिप्पणी नहीं की। कांग्रेस नेता ने कहा 'राहुल ने कहा कि भाजपा के जो लोग खुद को हिंदू कहते हैं, वे हिंदु धर्म का पालन नहीं करते। हम सब हिंदू हैं। शिवजी ने जो कहा हम उसका पालन करते हैं। राहुल गांधी भाजपा के लोगों को बोल रहे थे कि आप हिंसा फैलाते हो और हिंदू धर्म का पालन नहीं करते हो। भाजपा के नेताओं को लगता है कि सिर्फ वे ही हिंदू हैं।कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने कहा कि राहुल गांधी ने अपने संबोधन में भगवान शिव का उल्लेख किया।वेणुगोपाल के अनुसार, राहुल गांधी ने बताया कि असली हिंदू कौन है। भाजपा नेता चुनाव में हिंदुओं का इस्तेमाल ध्रुवीकरण के लिए करते हैं। वे चुनाव जीतने के लिए हिंदुओं का इस्तेमाल करते हैं। राहुल गांधी ने स्पष्ट रूप से अपनी बात रखी है और भाजपा नेता इसे लेकर गलत बयानबाजी कर रहे हैं।

### राहुल को माफी मांगनी चाहिए : अमित शाह

राहुल गांधी के बयान पर पलटवार करते हुए अमित शाह ने कहा, शोरशराबा कर के इतने बड़े कृत्य को छिपाया नहीं जा सकता। विपक्ष के नेता ने कहा कि जो अपने आप को हिंदू कहते हैं, वह हिंसा करते हैं, हिंसा की बात करते हैं। इनको शायद मालूम नहीं है कि करोड़ों लोग खुद को गर्व से हिंदू कहते हैं। क्या वे सभी लोग हिंसा करते हैं। हिंसा की भावना को किसी धर्म के साथ जोड़ना ठीक नहीं है। मुझे लगता है उन्हें इसकी माफी मांगनी चाहिए। शाह ने आगे कहा,मैं उनको एक गुजारिश भी करना चाहता हूं कि इस्लाम में अभयमुद्रा, इस पर इस्लाम के विद्वानों का मत एक बार वो ले लें। गुरुनानक साहब की अभयमुद्रा पर एसजीपीसी का मत वो ले लें। अभय की बात इनको करने का कोई हक नहीं है। आपातकाल में पूरे देश को इन्होंने भयभीत किया है। लाखों लोगों को जेल में डाला गया। वैचारिक आतंक कभी था तो आपका आपतकाल था।

### सीएम ने जमशेदपुर में ब्रह्मानन्दम अस्पताल का किया विधिवत उद्घाटन

## बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना प्राथमिकता : चंपाई सोरेन

**स्वस्थ समाज से ही समृद्ध एवं विकसित राज्य का होगा निर्माण**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर** : मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कागल नगर, सोनारी स्थित ब्रह्मानंदम अस्पताल का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मनुष्य जीवन में अस्पताल की काफी महत्ता है, अस्पताल का खुलना सराहनीय प्रयास है। बेहतर चिकित्सीय सुविधा मिलेगी तभी लोग स्वस्थ रहेंगे। ब्रह्मानंदम अस्पताल पहले से ही सरायकेला-खरसांवा जिले में अपनी सेवा दे रहा है। जमशेदपुर के शहरी क्षेत्र में इस अस्पताल के खुलने से अब यहां के लोग लाभान्वित होंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अस्पताल प्रबंधन को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि अस्पताल प्रबंधन गरीब-जरूरतमंद मरीजों के बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार राज्य में चिकित्सा व्यवस्था के गुणात्मक सुधार हेतु निरंतर प्रयासरत है। यहां के लोगों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा मुहैया करायी जा सके यह राज्य सरकार की प्राथमिकता है। स्वस्थ एवं निरोगी समाज से ही समृद्ध एवं विकसित राज्य की परिकल्पना पूरी की जा सकेगी। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने मौके पर नवनिर्मित अस्पताल के ओ.टी, चाइल्ड केयर यूनिट, महिला व पुरुष वार्ड सहित अन्य चिकित्सीय सुविधाओं का अवलोकन भी किया।

**मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि अस्पताल प्रबंधन गरीब-जरूरतमंद मरीजों के बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार राज्य में चिकित्सा व्यवस्था के गुणात्मक सुधार हेतु निरंतर प्रयासरत है। यहां के लोगों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा मुहैया करायी जा सके यह राज्य सरकार की प्राथमिकता है।**

इस अवसर पर स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के मंत्री बन्ना गुप्ता, विधायक सविता महतो, विधायक रामदास सोरेन, राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजू गिरी, 20 सूत्री उपाध्यक्ष मोहन कर्मकार, जिला के उपायुक्त, वरीय पुलिस अधीक्षक सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## देश के ज्यादातर हिस्सों में सामान्य से अधिक बारिश होने की संभावना : आईएमडी



एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने सोमवार को कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्रों के कुछ हिस्सों को छोड़कर भारत में जुलाई में सामान्य से ज्यादा बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के प्रमुख मृत्युंजय महापात्र ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि पूरे देश में जुलाई की औसत बारिश सामान्य से अधिक होने की संभावना है, जो 28.04 सेमी की लंबी अवधि के औसत से 106 प्रतिशत ज्यादा है। उन्होंने कहा,पूर्वोत्तर भारत के कई हिस्सों और उत्तर-पश्चिम, पूर्व और दक्षिण-पूर्वी प्रायद्वीपीय भारत के कुछ हिस्सों को छोड़कर देश के ज्यादातर हिस्सों में सामान्य से अधिक बारिश होने की संभावना है। वहीं, मौसम विभाग ने बताया है कि पश्चिमी तट को छोड़कर उत्तर-पश्चिम भारत और दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत के कई हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से कम रहने की संभावना है।बयान में आगे कहा गया है कि मध्य भारत, पूर्व और पूर्वोत्तर भारत तथा पश्चिमी तट के कई हिस्सों में सामान्य से अधिक अधिकतम तापमान रहने की संभावना है। मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि उत्तर-पश्चिम भारत के कुछ हिस्सों और मध्य भारत के आसपास के क्षेत्रों तथा दक्षिण-पूर्वी प्रायद्वीपीय भारत के कुछ हिस्सों को छोड़कर देश के ज्यादातर हिस्सों में न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है।आईएमडी ने बयान में कहा कि उत्तर-पश्चिम भारत में पिछले महीने जून में 1901 के बाद से सबसे गर्म महीना दर्ज किया गया, जिसमें औसत तापमान 31.73 डिग्री सेल्सियस रहा। आईएमडी के आंकड़ों के मुताबिक, क्षेत्र में मासिक औसत अधिकतम तापमान 38.02 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 1.96 डिग्री सेल्सियस अधिक है। औसत न्यूनतम तापमान 25.44 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 1.35 डिग्री सेल्सियस अधिक है।

### सवैधानिक संस्थानों में रिक्त पदों के मामले में हाई कोर्ट ने जताई नाराजगी, कहा

# कछुए की चाल से क्यों चल रही राज्य सरकार?




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट ने राज्य में लोकायुक्त, सूचना आयुक्त, मानवाधिकार आयोग सहित अन्य संवैधानिक संस्थानों में पदों को राज्य सरकार द्वारा नहीं भरे जाने पर मौखिक रूप से कहा कि सरकार कछुए की गति से क्यों चल रही है? लोकायुक्त, मानवाधिकार आयोग, सूचना आयुक्त सहित कई संवैधानिक संस्थाओं के पद तीन से पांच साल से खाली पड़े हैं। लेकिन इन्हें अब तक इसे नहीं भरा जा सका है। कोर्ट ने कहा कि शपथ पत्र के माध्यम से राज्य सरकार द्वारा लोकायुक्त सहित कई संवैधानिक पदों पर नियुक्ति को लेकर एक टाइम फ्रेम दिया जा रहा है, जो एक माह से ज्यादा का समय है।सरकार को टाइम फ्रेम की अवधि कम करनी होगी। हाई कोर्ट में सोमवार को राज्य में सूचना आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित राजकुमार की अवमानना याचिका समेत राज्य के 12 संवैधानिक संस्थाओं में अध्यक्ष एवं सदस्यों के पद रिक्त रहने को लेकर दायर जनहित याचिका की सुनवाई हुई। कोर्ट ने मामले की सुनवाई मंगलवार निर्धारित करते हुए सरकार को फ्रेश शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया। कोर्ट में सरकार को लोकायुक्त सहित अन्य संवैधानिक संस्थाओं में नियुक्ति के लिए निर्धारित किए गए टाइम फ्रेम को कम करने का निर्देश दिया है। इससे पहले वरीय अधिवक्ता वीपी सिंह ने कोर्ट को बताया कि सरकार की ओर से सूचना आयुक्त, लोकायुक्त सहित कई संवैधानिक पदों पर नियुक्ति के लिए पहले नेता प्रतिपक्ष नहीं रहने की आपत्ति को लगाया गया था।इसमें करीब डेढ़ साल का समय बीत गया। सरकार अब भी इन पदों पर नियुक्ति के लिए एक माह से अधिक का टाइम फ्रेम निर्धारित कर रही है।

## विकसित भारत के निर्माण के लिए विकसित मानसिकता आवश्यक : राष्ट्रपति



एजेंसी

**नई दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण के लिए विकसित मानसिकता आवश्यक है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अधिकारी नई सोच और नए समाधानों के साथ देश के विकास को आगे बढ़ाएंगे। राष्ट्रपति ने सोमवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2022 बैच के अधिकारियों के एक समूह को राष्ट्रपति भवन में संबोधित करते हुए उक्त बातें कहीं। राष्ट्रपति मुर्मू ने आईएएस अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे देश में भारतीय प्रशासनिक सेवा को एक स्वप्निल करियर माना जाता है। उन्होंने कहा कि लाखों महत्वाकांक्षी युवा आईएएस अधिकारी बनने का सपना देखते हैं। उनमें से कई इस सेवा में चयन के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि ऐसे सभी युवाओं में से केवल आपको ही इस प्रतिष्ठित सेवा के माध्यम से नागरिकों के कल्याण के लिए काम करने का अवसर मिला है। उन्होंने अधिकारियों को सलाह दी कि वे जहां भी काम करें, अपनी संवेदनशीलता, ईमानदारी और कार्यकुशलता से अपनी छाप छोड़ें।राष्ट्रपति ने कहा कि इस उच्च प्रौद्योगिकी युग में जब लोगों को देश-दुनिया की जानकारी वास्तविक समय में मिल रही है, तब अधिकारियों की चुनौतियां और बढ़ गई हैं। जब तक आप किसी भी योजना के सामाजिक या आर्थिक लक्ष्य को प्राप्त करेंगे, तब तक लोगों की ज़रूरतें, जागरूकता और आकांक्षाएं और बढ़ चुकी होंगी। इसलिए आपको ऐसी व्यवस्थाएं बनानी चाहिए जो उन्हें भविष्य के लिए तैयार रहने में सक्षम बनाएं।

### नए आपराधिक कानून के तहत देश में पहला मामला ग्वालियर में हुआ दर्ज

एजेंसी

**ग्वालियर :** नए कानून के तहत देश भर में पहला मामला ग्वालियर के हजीरा थाने में दर्ज किया गया है। यह जानकारी सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी है। भारतीय न्याय संहिता लागू होते ही ग्वालियर के हजीरा थाने में रात 12.24 बजे जिले की पहली एफआईआर बाइक चोरी की दर्ज हुई। ग्वालियर के महाराजपुरा क्षेत्र के सीएसपी नागेन्द्र सिंह सिकरवार ने बताया कि मूलरूप से भिंड के गोरमी स्थित ग्राम कल्याणपुरा में रहने वाले सौरभ पुत्र नागेंद्र सिंह नरवरिया ग्वालियर के हजीरा इलाके में यादव धर्मकांटा के पास मां पीतांबरा कालोनी में किराए से रहते हैं। रविवार रात करीब 12 बजे वह घर आए और अपनी बाइक घर के बाहर खड़ी कर दी। महज पांच मिनट बाद जब वह लौटकर आए तो बाइक गायब थी। वह तत्काल हजीरा थाने पहुंच गए, जहां थाना प्रभारी शिवमंगल सिंह सेंगर मौजूद थे। उन्होंने इस मामले में भारतीय न्याय संहिता- 2023 की धारा 303(2) के तहत एफआइआर दर्ज की।

असर्फी कैंसर संस्थान
वही तरीका वही इलाज
संभव है कैंसर को हराना, सही समय पर जाँच कराना
PET CT Scan
की सुविधा उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity, Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad - 828105

# जेल प्रशासन की ओर से बन्दियों को तीन नए आपराधिक कानून की दी गई जानकारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** जेल आईजी के निर्देश पर केंद्रीय कारा मेदिनी नगर में सोमवार को पहली जुलाई से लागू हो रहे तीन नए आपराधिक कानून को लेकर बन्दियों को जानकारी दी गई।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने लीगल एड डिफेंस काउंसिल के अधिवक्ताओं के साथ कानून की बारीकियों की जानकारी दी।उन्होंने कहा कि न्याय को सुलभ बनाने व जल्द से जल्द न्याय लोगो को मिल सके इसलिए पुराने कानून को बदलकर नए कानून लागू किये गए है।उन्होंने कहा कि देश मे अंग्रेज के जमाने का कानून था। इसमे काफी बदलाव का जरूरत था। क्योंकि अब नई टेक्नोलॉजी आ गई है।बर्तमान समय मे टेक्नोलॉजी की क्रांति आई है।उन्होंने कहा कि अब जीरो एफ आई आर का प्रावधान किया गया है।साथ ही एफ आई आर ऑनलाइन दर्ज करने का भी प्रावधान है। उन्होंने कहा कि कम्प्लेन केस में पहले शिकायत कर्ता कोर्ट में आता था दो तीन गवाह लाता था अभियुक्त के बिना सुने न्यायालय के द्वारा मुदालय पर सम्मन निर्गत हो जाता था।लेकिन नए कानून मे अब मुदालय का भी पक्ष सुना जाएगा।व अदालत को लगेगा कि यह केस में आगे बढ़ना है तभी बढ़ा जाएगा।अन्यथा केस वही समाप्त कर दिया जाएगा।उन्होंने कहा कि नए कानून के तहत एक व्यक्ति सशरीर पुलिस स्टेशन में उपस्थित हुए बगैर भी इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से घटना के रिपोर्ट कर सकता है। उन्होंने कहा कि नए कानून में जीरो एफआईआर की शुरुआत की गई है। पीड़ित किसी भी थाना में अपनी एफ आई आर दर्ज करा सकता है। पीड़ित को एफ आई आर की निशुल्क कॉपी भी मिलेगी। उन्होंने कहा कि सशक्त जांच के लिए गंभीर आपराधिक मामलो में सबूत जुटाने के लिए क्राइम सीन पर फॉरेंसिक विशेषज्ञों का जाना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि सबूत एकत्र करने की प्रक्रिया की वीडियो ग्राफी अनिवार्य होगी। उन्होंने कहा कि गवाहों की सुरक्षा व सहयोग के लिए विटनेस प्रोटेक्शन प्रोग्राम लागू किए जाने का प्रावधान है। इस मौके पर एल ए डी सी के चीफ अमिताभ चंद सिंह ने कहा कि नए कानून मे तलासी और जब्ती की ऑडियो वीडीओ माध्यम से रिकॉर्ड किया जाएगा।जिसमे जब्ती सूची तैयार करने की रिकॉर्डिंग भी शामिल है।एल ए डी सी के डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय ने कहा कि नए कानून में मामूली अपराधों के लिए दंड स्वरूप सामुदायिक सेवा की विधान शुरू किया गया है।इससे समाज के लिए सकारात्मक योगदान देकर दोषी अपनी गलतियों को सुधरने का काम करेगा। इस मौके पर प्रोजेक्टर के माध्यम से तीन नए आपराधिक कानून के बारे में बंदियों दी गई। इस मौके पर जेलर प्रमोद कुमार, विधिक सेवा बचाव अधिवक्ता में मुख्य बचाव अधिवक्ता अमिताभ चन्द सिंह, उप बचाव अधिवक्ता संतोष कुमार पांडेय, असिस्टेंट पुष्कर राज, उत्तम कुमार समेत दर्जनो बन्दी उपस्थित थे।

## मुखिया के ट्रैक्टर से बैटरी हुई चोरी



**केतार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना अंतर्गत केतार पंचायत के मुखिया प्रमोद कुमार के ट्रैक्टर से रविवार की रात्रि बैटरी चोरी कर ली गई जानकारी देते हुए उक्त मुखिया ने बताया कि हर दिन की भाति मेरा ट्रैक्टर घर के समीप ही लगा हुआ था परंतु किसी अज्ञात चोरों ने कुछ दिन पहले मोटर की चोरी कर ली थी और अब ट्रैक्टर से बैटरी की चोरी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि दो दिन पहले थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी व बीडीओ सावित्री कुमारी के नेतृत्व में व्यावसायिक सुरक्षित कैसे रहें इसके लिए संयुक्त रूप से विचार विमर्श को लेकर आरके सिंह पब्लिक स्कूल में बैठक की गई थी। इस दौरान प्रशासन के द्वारा व्यवसाइयों को आश्वस्त किया गया था की क्षेत्र से किसी तरह का अपराधीक घटना ना घटे इसके लिए स्थानीय प्रशासन हर हमेशा तत्पर रहेगी।

## पंडा नदी से अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जप्त



**केतार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी ने सोमवार को ग्राम-पंचायत केतार से अवैध बालू लद्दा ट्रैक्टर को जप्त कर थाना लाया। साथ ही अग्रेतर कार्रवाई के लिए विभाग को पत्र प्रेषित किया गया है। ज्ञात हो की थाना क्षेत्र में अवैध उत्खनन कर ऊंचे कीमत पर बेचे जाने वाले बालू माफिया को अब खैर नहीं उक्त थाना प्रभारी द्वारा क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर लगातार कार्रवाई किया जा रहा है। अवैध बालू कारोबारी द्वारा हर दिन थाना क्षेत्र के सोन नदी एवं पंडा नदी से एनजीटी रोक के बावजूद भी धड़ल्ले से बालू का उत्खनन कर ऊंची कीमतों में बिक्री की जाती रही थी जिसे लेकर उक्त थाना प्रभारी द्वारा लगातार कार्रवाई जारी है।

## नर्स ने ही की थी झोलाछाप डॉक्टर की हत्या, पुलिस ने आरोपी पत्नी को किया गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** छतरपुर थाना क्षेत्र में एक झोलाछाप डॉक्टर की एक नर्स ने हत्या कर दी है. झोलाछाप डॉक्टर और नर्स शादीशुदा थे और दोनों एक दूसरे से प्रेम करते थे. दोनों एक दूसरे के साथ छतरपुर में रहा करते थे. झोलाछाप डॉक्टर की हत्या करने के बाद नर्स भाग गई थी. पुलिस ने आरोपी नर्स को पकड़ लिया है।घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पूरे मामले में छानबीन की तो चौंकाने वाली बात निकलकर सामने आई. जिसके बाद पुलिस ने आरोपी नर्स को गिरफ्तार कर लिया.0 झोलाछाप डॉक्टर अनुज कुमार यादव नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के ललगड़ा का रहने वाला था. छतरपुर एसडीपीओ नौशाद आलम ने बताया कि आरोपी नर्स को मेदिनीनगर के इलाके से गिरफ्तार किया गया है. नर्स ने ही झोलाछाप डॉक्टर की हत्या की है. पुलिस पूरे मामले में आगे की जांच कर रही है. प्रेम प्रसंग में घटना को अंजाम दिया गया है. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।दरअसल झोलाछाप डॉक्टर अनुज कुमार यादव और आरोपी नर्स छतरपुर थाना क्षेत्र के बारा में एक किराए के मकान में रहा करते थे. डॉक्टर और नर्स दोनों शादीशुदा थे और एक दूसरे को पति-पत्नी बताकर छतरपुर में रहा करते थे. हत्या की आरोपी नर्स पलामू की चैनपुर थाना क्षेत्र की रहने वाली है. हत्या के बाद से नर्स फरार थी. घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तो देखा कि डॉक्टर का शव फर्श पर पड़ा हुआ था और गाल में गमछा लपेटा हुआ है. पुलिस को पूरी घटना संदिग्ध लगी, जिसके बाद अनुसंधान शुरू किया तो पता लगा कि डॉक्टर की हत्या की गई है।

## भारतीय न्याय संहिता के जरिए देश में पुलिस राज लागू कर विरोधियों को दबाने का षडयंत्र : शत्रुघ्न कुमार शत्रु



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने आज पटेल नगर स्थित आवास पर प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए आज से देश-भर में भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 को आनन-फानन में लागू करने की कड़ी आलोचना करते हुए कहा है कि भारतीय संसद में विपक्ष के सैंकड़ों सांसदों को निलंबित कर बिना पर्याप्त बहश के पारित कराए गए इन कानूनों को लागू कर मोदी सरकार देश को बेलगाम पुलिस राज में तब्दील कर विरोधियों को हमेशा के लिए जमींदोज कर मनु संहिता को नये रुप में थोपना चाहती है, जो निंदनीय है। प्रेस को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा है कि भारत में किसी भी न्यायिक सुधार की प्रक्रिया को कानूनी रुप देने से पहले न्यायिक सेवाओं में कमजोर वर्गो की व्यापक भागेदारी सुनिश्चित करनी चाहिए,इस तरह के कानूनों को लागू करने से पहले संसद में गंभीर चर्चा के साथ लॉ कमिशन की सिफारिशों के अलावा निष्पक्ष न्यायविदों, कानूनविदों के अलावा भारत के संदर्भ में विभिन्न तरह के अपराधों की वैज्ञानिक विवेचना के बाद लोगों से व्यापक सुझाव लेकर ऐसे कानूनों को सही रुप में लागू करना चाहिए था, लेकिन हठधर्मिता व तानाशाही सोच की मोदी सरकार ने ट्रेस, ट्रैक व ट्रैनिंग के मोर्चे पर बिना तैयारी के इस कानून को लागू कर विरोधियों के अंदर भय व अराजकता की स्थिति पैदा कर दी है,जो गंभीर चिंता का विषय है।वार्ता को सम्बोधित करते हुए झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक ने कहा है कि वाहन चालकों के संदर्भ में अराजक व असंगत कानून से देश भर में ड्राइवरों के भारी धरना व प्रदर्शन जैसे भारी विरोध के बावजूद भी आत्ममुग्ध मोदी सरकार सुधरने वाली नहीं है। अगर शीघ्र ही मोदी सरकार ने इन कानूनों को वापस लेकर फिर से समीक्षा नहीं की तो एक बार फिर जनता सड़क पर होगी।

## प्रखंड में आयोजित एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधियों की उपेक्षा से बीडीओ और प्रमुख में ठनी



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा रविवार को प्रखंड कार्यालय हुसैनाबाद में मेगा सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में बीडीओ रौशन कुमार द्वारा किसी भी पंचायत प्रतिनिधि को आमंत्रित नहीं किया गया। इससे नाराज प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने कहा कि बीडीओ की तानाशाही रवैया से जनप्रतिनिधि परेशान हैं। प्रखंड के किसी भी जनप्रतिनिधि को कार्यक्रम की सूचना नहीं देकर प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा केवल विभागीय कर्मचारियों को ही सूचना दी गयी। प्रमुख राजकुमारी ने कहा कि सशक्तिकरण शिविर में जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा करना बड़ा ही दुर्भाग्यपूर्ण है। प्रमुख का कहना है कि किसी भी शिविर की सूचना जब पंचायत प्रतिनिधियों को नहीं दी जाएगी तो फिर इसमें आम जनता की भागीदारी कैसे सुनिश्चित होगी। यही कारण है कि उक्त कार्यक्रम केवल खानापूर्ति बनकर रह गई। उन्होंने कहा कि बीडीओ की कार्यशैली से विकास की कई योजनाएं लंबित हैं तो कई अधूरा पड़ा हुआ है।सूत्रों के अनुसार फिलवक्त उक्त कार्यक्रम से उपेक्षित प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी काफी आहत हैं और भविष्य में यह नाराजगी बीडीओ को भारी पड़ सकती है। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व बीडीसी की बैठक में अधिकारियों-कर्मचारियों की गैरमौजूदगी से पंचायत प्रतिनिधि बीडीओ से काफी नाराज थे।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धुरकी :** प्रखंड मुख्यालय के गेट के समीप हाइड्रा से कुचल कर एक लूना सवार बुजुर्ग की मौत हो गया। घटना के जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार अपने दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर घटना की जानकारी लिया। थाना प्रभारी ने घटना स्थल से मृतक का शव उठाने की कोशिश की लेकिन स्थानीय ग्रामीण व जनप्रतिनिधि ने शव को नही उठाने दिया।बल्कि घटना स्थल पर ठेकेदार को बुलाने की बात कही और मृतक के परिजन को मुआवजा दिलाने की मांग पर अड़े रहे। मृतक का पहचान ग्राम टाटीदीरी गांव के महेश साव उर्फ चटपटी साव उम्र (65 वर्ष) रूप में हुई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया की मृतक चावल गेहूं खरीदने के कार्य करता था और दिनचर्या की तरह वह गांव के आस -पास सहित दूसरे गांव में घूम-घूम कर खरीदारी करता था। मृतक खरीदारी करके धुरकी से अपने गांव दो पहिया लूना वाहन से चावल गेहूं लेकर लौट रहा था। इसी क्रम में सड़क में कार्य कर रहे हाइड्रा मशीन के चपेट में आ गया जिससे उसे घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गया।इधर ग्रामीणों ने बताया की सड़क के संवेदक की घोर लापरवाही है। सड़क निर्माण में अनियमिता बरती जा रही है और संवेदक के द्वारा धीमी गति से सड़क निर्माण में कार्य होने से इस सड़क में ऐसे छोटी बड़ी घटना लगातार घटती रही रहती है। खबर लिखे जाने तक शव घटना स्थल पर ही पड़ा हुआ था।

## दर्जनों छात्राओं ने दो घंटे तक 75 को जाम रखा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** अंबालाल बालिका उच्च विद्यालय की छात्राओ ने सोमवार को विद्यालय के शिक्षक प्रकाशचंद सोनी के प्रतिनियुक्ति किए जाने के विरुद्ध में विद्यालय मुख्य गेट के सामने एनएच 75 को जाम कर दिया। भारी बारिश के बीच दर्जनों छात्राएं दो घंटा तक सड़क को 75 को जाम रखा। इस दौरान छात्राएं हाथ में प्रकाश सोनी के समर्थन में लिखा हुआ तख्ती ली थी। एनएच 75 को छात्राओं ने सुबह 9 बजे से 11 बजे तक जाम किया। सूचना के बाद जाम स्थल पर पहुंचे बीडीओ आदिति गुप्ता और सीओ बिकास कुमार सिंह द्वारा विद्यालय के अंदर वार्तालाप करने के बात पर जाम समाप्त हुआ। जाम कर रही छात्राओं ने बताया कि विद्यालय के शिक्षक प्रकाश चंद सोनी पर जिस आरोप लगाकर विद्यालय से हटाया गया है वह पूरी तरह गलत है। छात्राओं ने बताया की शिक्षक प्रकाश चंद सोनी विद्यालय में अच्छा शिक्षा देते थे साथ ही उनका व्यवहार भी अच्छा था लेकिन विद्यालय के प्रधानाध्यापिका द्वारा उन पर गलत आरोप लगाया गया है।बीडीओ और सीओ ने छात्राओं से बातचीत के दौरान जानकारी देते हुए बताया की सभी मामलों का जांच किया जाएगा। जांच के बाद जो दोषी होंगे उनपर कारवाई किया जाएगा। जाम के कारण न 75 पर कारण आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया।जाम स्थल के दोनों ओर गाड़ियों कि लंबी कतार लग गई। कई किलोमीटर में गाड़ियों की लाइन लगी थी। आने जाने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। थाना प्रभारी आदित्य नायक सहित अन्य पुलिस बल के जवान जाम खत्म कराने में लगे रहे। जाम करने वालो छात्राओं में पीहू पांडे, वसा कुमारी, महिमा कुमारी, मुनि कुमारी सहित काफी संख्या में छ्त्राए उपस्थित थी। प्रदर्शन करने वाली छात्राओं में पीहू पांडेय, वसा कुमारी सहित अन्य छात्राओं ने कहा कि प्रकाशचंद्र सोनी काफी अच्छे शिक्षक हैं। वे स्कूल में गलत कामों का विरोध करते थे। जिस कारण उनको गलत तरीके से फंसाया गया है। उन पर लगा सभी आरोप गलत है उनकी प्रतिनियुक्ति कर दी गई है जिसके कारण स्कूल में शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है। उनका प्रतिनियुक्ति तत्काल रद्द किया जाए। वहीं इस संबंध में प्रिंसिपल सविता गुप्ता ने कहा की प्रकाश चंद्र सोनी के इशारे पर कुछ छात्राएं ऐसा कर रही हैं। प्रकाश चंद सोनी जब स्कूल में थे तो वह लड़कियों के साथ गलत व्यवहार करते थे। छात्राओं से अश्लील बातें करते थे। वीडियो फोटो बनाते थे। स्कूल में मनमानी करते थे। जिसकी शिकायत मेरे द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी से की गई थी। इसके बाद उनकी प्रतिनियुक्ति 3 महीने के लिए रमकंडा हाई स्कूल में कर दी गई है। वहीं से वे अन्य छात्राओं के साथ कांटेक्ट में रहकर उकसाने का काम कर रहे हैं। आज भी जाम स्थल पर मझिआंव से उनके भाई सहित अन्य लोग आकर बच्चियों को उकसाने का काम कर रहे थे। वहीं इस संबंध में प्रकाशचंद्र सोनी ने कहा की मेरे ऊपर लगा सभी आरोप गलत है। स्कूल में प्रिंसिपल टीसी काटने के लिए पैसा लेती थी। जिसका मैं विरोध करता था। जिस कारण मेरे ऊपर गलत आरोप लगाया गया है। अभी मैं रमकंडा में हूं। कैसे सड़क जाम करवा सकता हूं। वहीं घटना के बाद जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा गठित जांच टीम ने पूरे मामले की स्कूल आकर जांच की। स्कूल में अध्यनरत सभी छात्राओं से बारी-बारी से बात करते हुए बयान कलमबद्ध किया। जांच टीम में क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी कैसर रजा, गढवा क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी रंभा चौबे सहित अन्य सदस्य थे। जांच के बाद टीम के सदस्यों ने कहा की मामले की जांच की गई है।

## प्रसिद्ध भोजपुरी ब्यास कैलाश दुबे का निधन, कई लोगों ने किया शोक व्यक्त

**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रसिद्ध भोजपुरी ब्यास सह सेवानिवृत रेलकर्मी कैलाश दुबे का निधन हो गया.वे पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। रविवार को उनकी तबियत ज्यादा बिगड़ गई। उन्हे गढ़वा परमेश्वरी हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। सोमवार को विश्रामपुर थाना क्षेत्र के गौरा गांव के शमशान घाट पर उनका दाह संस्कार किया गया मुखागणी उनके नाती मृत्युंजय दुबे ने दी.यहां बताते चलें कि स्व कैलाश दुबे पत्रकार ब्रजेश दुबे के चचेरे चाचा थे। दाह संस्कार में युवा भाजपा नेता मनीष कुमार, दिनेश दुबे, पूर्व उप मुखिया गोपाल सिंह, संजय उपाध्याय, मोहन उपाध्याय, कमलेश उपाध्याय सहित काफी संख्या में लोग शामिल हुए। इधर उनके निधन पर कई लोगों ने शोक व्यक्त किया है। शोक व्यक्त करने वालों में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, वरीय कांग्रेसी नेता अमृत शुक्ला, जिला पार्षद विजय रविदास, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, पूर्व प्रमुख संतोष चौबे, भाजपा नेता अजय दुबे सहित कई लोगों का नाम शामिल हैं।

## खेल से बच्चों में होता है सर्वांगीण विकास : गीता




**पंडवा (पलामू)(प्रभात मंत्र संवाददाता):** खेल से बच्चों में सर्वांगीण विकास होता है। खेल पढ़ाई का एक हिस्सा है। उक्त बातें पंडवा प्रमुख गीता मेहता ने उपस्थित बच्चों को संबोधित करते हुए कही वे सोमवार को कोकरसा के खेल मैदान में आयोजित प्रखंड स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि बोल रही थी।कहा कि अब के दौर में आप सभी अपना कैरियर खेल के क्षेत्र में भी बना सकते हैं। मौके पर बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल हमें नैतिक और संयमित रहने का पाठ पढाता है। कहा कि खेल हमें अनुशासित बनता है। खेल को खेल भावना की तरह खेलना चाहिए । खेल में हार जीत से विचलित नहीं होना चाहिए। इससे पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद और प्रमुख गीता मेहता ने संयुक्त रूप से फिता काट कर किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक रामानुज प्रसाद व अभय द्विवेदी ने संयुक्त रूप से किया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में लेखपाल जयप्रकाश ठाकुर का अहम योगदान रहा। आज के इस प्रतियोगिता में उच्च विद्यालय लामी पतरा, प्लस टू सुरत उच्च विद्यालय लोहड़ा, उत्क्रमित उच्च विद्यालय दुलही उमवि मुरमा, कोकरसा, लोहड़ी, लामी, मध्य विद्यालय पतरा, तेलियाही के बच्चे भाग लिए। इस मौके पर शिक्षक नंदकुमार मेहता , अनिल सिन्हा रंजीत सिंह, बीपीएम जरीना परवीन, शशि भूषण सिंह, बीआरपी ओमप्रकाश सिंह, सुभाष चन्द्र ओझा, दिलीप कुमार सिंह, मिथिलेश दुबे, राजीव रंजन कुमार, कुलदीप राम सहित दर्जनों उपस्थित थे।

## अबुआ आवास के लापरवाह लाभुको पर प्रशासन सख्त, 85 लाभुको को भेजा गया नोटिस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** अबुआ आवास के लापरवाह लाभुको के विरुद्ध प्रखंड प्रशासन ने खड़ा रूप अख्तियार कर लिया है।प्रखंड विकास पदाधिकारी अदिति गुप्ता ने फर्स्ट फेज़ के अबुआ आवास के 85 लाभुको को नोटिस जारी कर एक सप्ताह के भीतर आवास निर्माण कार्य प्रारंभ करने की हिदायत दिया है। बताते चलें झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन ने पीएम आवास योजना से वंचित, वैसे गरीब जिन्हें आवास योजना का लाभ नहीं मिल पाया था को मकान देने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2023- 24 अबुआ आवास योजना का शुभारंभ किया था। जिसके तहत नगर उंटारी प्रखंड के 624 गरीबो को अबुआ आवास की स्वीकृति दिया गया था। स्वीकृति मिलने के बाद लाभुको के बैंक खाते में प्रथम किस्त के रूप में ?30000 की राशि का भुगतान भी कर दिया गया है। राशि भुगतान के बाद लाभुको ने आवास निर्माण कर प्रारंभ कर दिया। अधिकांश लाभुक पीलिंथ लेबल का कार्य पूर्ण कर डोर लेवल के लिए कार्य कर रहे हैं। वैसे लाभुकों को दूसरे क़िस्त की राशि का भी जारी कर दिया गया है। किंतु कई लाभुक वैसे हैं, जो राशि लेने के बाद भी निर्माण कार्य शुरू नहीं कर किया है। उन सभी लाभुको को प्रखंड प्रशासन उनके विरुद्ध सख्त कदम उठाते हुए 85 लाभुको को नोटीस जारी जार दिया है।जिसमे कधवन पंचायत के 16, भोजपुर के 4, हलिवंता के9, पिपराडीह के 3, कुंबखुर्द के 10, कोलझिकि के 8, कुशदण्ड के 27 एवं चितविश्राम पंचायत के 8 लाभुको को नोटिस जारी कर एक सप्ताह के भीतर आवास का निर्माण कार्य प्रारंभ करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा है कि नोटिस के बाद भी आवास का निर्माण कारण नहीं प्रारम्भ होने पर यह मान लिया जाएगा कि उक्त लाभुको को आवास की आवश्यकता नहीं है। वे सभी सरकारी राशि की गबन करने की मंशा में है। बीडीओ ने कहा कि कार्य नहीं करने की स्थिति में उक्त लाभुको के खिलाफ कार्रवाई के लिए उच्च अधिकारियों को सूचित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लाभुक से संपूर्ण भुगतान की राशि वसूल की जाएगी।

## भंडार गायत्री शक्तिपीठ का आकर्षक रूप में होगा जीर्णोद्धार

### मंदिर को पूर्ण रूप देने के लिए ग्रामीण युवा आए आगे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर संवादात (पलामू)** : जिले के बिश्रामपुर प्रखंड स्थित ग्राम भंडार एनएच 39 किनारे बीते लगभग 45 वर्ष पहले गायत्री शक्तिपीठ की स्थापना की गई थी, इस गायत्री शक्तिपीठ से इलाके के रहने वाले लोग तन्मयता से जुड़े हुए थे समय-समय पर बड़े संत के द्वारा यज्ञ, प्रवचन अनेको कार्यक्रम इस मंदिर के परागण में होता रहता था। जिसे देखते ही बनता था चारु ओर वैदिक मंत्रों उच्चारण के गुंज से वातावरण भी शुद्ध होती थी, देख-रेख के अभाव में काफी समय से यह शक्तिपीठ काफी लचर हालत में है, अगर इस भंडार ग्राम का बात करें तो यहां के लोग देश के अलग-अलग हिस्से में अच्छे-अच्छे पद पर सुशोभित है, अक्सर छुट्टियों के दिन में एक बार मंदिर में आना-जाना लगा रहता था पर मंदिर की लचर हालत होने के कारण लोग यहां उपस्थित नहीं होते, ऐसे में ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं ने सराहनीय कदम उठाते हुए पलामू एसडीएम अनुराग तिवारी से मिल कर अपनी बातें रखी, उन्होंने तत्काल सराहनीय कदम उठाते हुए भारत वाणिज्य कंपनी से बात कर मंदिर मुआवजे की राशि पचास हजार रुपए तत्काल अकाउंट में भिजवाने का कार्य किया शेष बचे मुआवजे की राशि कंपनी जल्द ही भेजने की बात कही, इस मंदिर को पूर्व की भांति संचालित करने के लिए सात जुलाई दिन रविवार को सुबह 10:00 बजे ग्राम के वरिष्ठ गार्जियन, युवा की एक बैठक बुलाई गई है जहां मंदिर से जुड़े समस्या पर चर्चा की जाएगी उपस्थित सौरव पांडे, भीम पांडे, परीक्षित मिश्रा,बुबुन पांडेय, मुकुल पांडे, वेद प्रकाश पांडे, राजू पांडे, पप्पू पांडे, युगल किशोर पांडे काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे

## संक्षिप्त खबरें

### सूचना आयुक्तों की नियुक्ति के लिए सीएम की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय चयन समिति गठित



**रांची :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने राज्य सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त व सूचना आयुक्तों के रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए नामों की अनुशंसा के लिए चयन समिति का पुनर्गठन किया है। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन इसके अध्यक्ष होंगे जबकि सदस्य के रूप में नेता प्रतिपक्ष व अनुसूचित, जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री दीपक बिरुआ होंगे। कार्मिक विभाग ने सोमवार को इस संबंध में अधिसूचना जारी की है और पूर्व की अधिसूचना को विलोपित कर दिया है।

### रांची में 24वीं झारखंड राज्य ताइक्कांडो प्रतियोगिता पांच से

**रांची :** 24वीं झारखंड राज्य ताइक्कांडो प्रतियोगिता रांची में आयोजित होगी। झारखंड ताइक्कांडो संघ के तत्वावधान में रांची जिला ताइक्कांडो संघ की ओर से पांच से सात जुलाई को आइडियल इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, दलादली में इसका आयोजन किया जाएगा। इसमें 46 प्लेयर्स गोल्ड मेडल के लिए आपस में फाइट करेंगे। चैंपियनशिप में आयोजन सचिव झारखंड ताइक्कांडो संघ के मिथलेश कुमार सिंह होंगे। चैंपियनशिप में पूरे झारखंड से सब जूनियर, जूनियर गर्ल्स ब्वॉयज कोच, मैनेजर समेत लगभग 600 लोग भाग लेंगे।

# जिला बदर कुख्यात अपराधी अवैध हथियार के साथ मांडर से गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा ने बताया कि उन्हें सूचना प्राप्त हुई कि सीसीए वाद सं-09/2024 में 23.05.2024 से 22. 11. 2024 तक जिला बदर सक्रिय अपराधकर्मी संतु उरॉव उर्फ मुन्ना उराँव टांगरबसली, थाना माण्डर, जिला राँची को माण्डर थाना क्षेत्र में ग्राम बुढ़ाखुखरा से कैम्बो जाने वाले रास्ते में स्थित जंगली क्षेत्र में घुमते हुए देखा गया है। इसी सूचना पर कार्रवाई करने के लिए पुलिस उपाधीक्षक खलारी राम नारायण चौधरी, के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन कराया गया और अविलंब सत्यापन कर कार्रवाई करने का निर्देशि दिया गया। छापामारी दल द्वारा माण्डर थाना क्षेत्र के बुढ़ाखुखरा से कैम्बो जाने वाले रास्ते में स्थित जंगल में छापामारी किया गया एवं अपराधकर्मी संतु उरॉव को खदेड़कर पकड़ा गया। जिसके पास से एक देशी लोडेड पिस्तौल बरामद हुआ। अपराधकर्मी संतु उरॉव के स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर माण्डर थाना क्षेत्र के टांगरबसली में छापामारी कर इनके निशानदेही पर एक देशी कार्रवाईन एवं एक देशी पिस्तौल तथा सात जिन्दा गोली बरामद किया गया। सक्रिय अपराधकर्मी संतु उरॉव उर्फ मुन्ना उरॉव के विरूद्ध लूट, डकैती, हत्या, जैसे संज्ञिन करीब एक दर्जन अपराधिक मामले पूर्व से दर्ज है। यह अपराधी जिला दण्डाधिकारी राँची के सीसीए वाद सं0-09/2024 में छः माह के लिए जिला बदर होने के आदेश का उल्लंघन कर माण्डर क्षेत्र में अपराध करने के नियत से घुम रहा था।

**जब्त सामान :** एक देशी कार्रवाईन, एक देशी पिस्तौल मैग्जीन लगा हुआ, एक देशी पिस्तौल 0.315 बोर का, तीन 0.315 का गोली, तीन 7.62 का गोली, एक 7.65 का गोली

**छापामारी दल में शामिलः** राम नारायण चौधरी, पुलिस उपाधीक्षक, खलारी राँची, पु अनि राहुल, थाना प्रभारी, माण्डर, पु अ, निअरविन्द कुमार, पु अ नि रंजीत किशोर, हव0/448 कृष्णा राम, आरक्षी/2881 रंजीत तिवारी, आरक्षी / 1659 संतोश कुमार रजक, आ0/762 प्रेम शंकर दुबे, आ0/1814 राजीव कुमार, चालक आरक्षी/3618 अजय कुमार रवि।

## देह व्यापार मामले में 9 लड़कियों सहित होटल मालिक व मैनेजर गिरफ्तार




रांची। वरीय पुलिस अधीक्षक रांची चंदन सिन्हा ने बताया कि 30.06.2024 को स्टेशन रोड चुटिया थाना क्षेत्र के होटल रॉयल रेसिडेन्सी में देह व्यापार होने की गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी जिसके बाद पुलिस अधीक्षक, नगर रांची केवी रमन को जिम्मेदारी दी गई उनके निर्देशन में एक छापामारी दल का गठन किया गया, जिसमे चुटिया थाना के पदाधिकारी लक्ष्मीकांत के अलावा महिला थाना प्रभारी रांची पिकी एवं महिला सहित पुलिस बल को शामिल किया गया। गठित टीम द्वारा स्टेशन रोड स्थित होटल रॉयल रेसिडेन्सी में विधिवत छापामारी करते हुए देह व्यापार में संलिप्त नौ लड़कियों सहित कुल ग्यारह (11) लोगों को गिरफ्तार किया गया है जिसमें होटल के मालिक एवं मैनेजर भी शामिल है । छापामारी में सीसीटीवी डीवीआर, मोबाईल फोन, होटल का रजिस्टर आदि को भी जब्त किया गया है। छापमारी के क्रम मे यह भी जानकारी प्राप्त हुई की उक्त होटल मे दलालों की सहायता से देह व्यापार को अंजाम दिया जाता है जिन्हे भी चिन्हित कर कारवाई की जाएगी। इस संबंध मे चुटिया थाना अनैतिक व्यापार अधिनियम 1956 दर्ज किया गया है।

**गिरफ्तार व्यक्तियों की विवरणीः** कुल नौ (09) महिला, होटल मालिक हरमित सिंह उर्फ प्रिन्स. मैनेजर मिथुन गोराई

**जप्त सामानों की विवरणीः** होटल का आगंतुक रजिस्टर - 02, सीसीटीवी डीभीआर-01, मोबाइल फोन्स 13, विभिन्न नाम पता का आधार कार्ड-23 आदि।

## दुष्कर्म के बाद हत्या करने के दोषी को आजीवन कारावास की सजा

**रांची :** अपर न्यायायुक्त एमके वर्मा की अदालत ने 11 साल पुराना मामले में दुष्कर्म के बाद हत्या कर शव को कुएं में फेंकने के मामले के दोषी सुकेन उरांव को सोमवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इससे पूर्व 19 जून को अदालत ने इसे दोषी करार दिया था। यह मामला 20 जून, 2013 का बेड़ो थाना क्षेत्र का है। मामले में अभियोजन की ओर से 15 गवाह पेश किए गए। आरोपित मूल रूप से गुमला के भरनो थाना क्षेत्र के महादेव चुरिया गांव का निवासी है। सुकेन घटना के बाद से ही जेल में है। घटना को अंजाम देने के दौरान आरोपित सुकेन उरांव बेड़ो में रहा था। इसी दौरान 20 जून, 2013 उसने बेड़ो थाना क्षेत्र की युवती के साथ दुष्कर्म किया। युवती ने जब मामले को गांव वालों को बताने की बात कही तो वह डर गया, उसकी पत्थर से मारकर हत्या कर दी। साक्ष्य छिपाने की नियत से शव को कुएं में फेंक दिया था। बाद में युवती के घर वालों के बयान पर केस दर्ज किया गया था।

## भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा ने एसएसपी को सौंपा ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा के प्रतिनिधि ने झारखंड में बढ़ रहे महिलाओं के साथ जघन्य अपराध एवं राज्य में गिरती चरमराती कानून व्यवस्था पर मौन धारण की हुई झारखण्ड की सरकार को चीर निंद्रा से जगाने के लिए मोर्चा के प्रतिनिधि ने वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा को अपना ज्ञापन सौंपा। अपराधियों को स्पीड ट्रायल कर फांसी की सजा देने की मांग की ।इस अवसर पर डॉ सीमा सिंह ,रेनू तिर्की , बबीता वर्मा सिंह , लवली गुप्ता, नीलम चौधरी ,बबीता झा ,महानगर अध्यक्ष श्रीमती अनीता वर्मा, बीना मिश्रा , दिव्या साहू , अर्चना सिंह , नम्रता सोनी , नेहा शर्मा , पायल सोनी , रेणुका पासवान प्रीति केसरी, कुसुम देवी आदि उपस्थित रहीं।

# नए कानून के तहत रांची के कोतवाली थाने में दर्ज हुआ पहला केस, जांच में जुटी पुलिस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** अंग्रेजी हुकूमत की दण्ड संहिता तीन कानून को बदल दिया गया है अब देश में न्याय संहिता के तीन नए कानून 2023 को एक जुलाई से देश भर में लागू कर दिया गया है। इसी के तहत झारखंड प्रदेश के रांची जिला अंतर्गत कोतवाली में खबर लिखे जाने तक पहला मामला दर्ज किया गया है। कोतवाली थाना में भारतीय न्याय संहिता की धारा 303 के तहत पहली प्राथमिकी दर्ज की गई है। शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

**चोरी का मामला हुआ दर्ज :**राँची के कोतवाली थाना में थाना प्रभारी रंजीत सिन्हा के निर्देश पर चोरी से जुड़ी पहली प्राथमिकी दर्ज की गई है। आईपीसी की जगह भारतीय न्याय संहिता की धारा 303 के तहत मामला दर्ज हुआ है। कोतवाली थाना क्षेत्र के अपर बाजार स्थित एक दवा दुकान में चोरी की घटना के बाद पीड़िता रश्मि ने मामला दर्ज करवाया है। पूर्व में चोरी की घटना पर आईपीसी की धारा 379 के तहत मामला दर्ज होता था, लेकिन अब भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2), 305(a) के तहत मामला दर्ज हुआ है।

**एसएसपी ने बताया:**वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा ने बताया कि अभी तक रह पहला मामला दर्ज हुआ है, एक जुलाई 2024 की सुबह अपर बाजार के श्रद्धानंद रोड स्थित रश्मि इंटरप्राइजेज नाम के दवा दुकान को खोलने के लिए जब संचालक रश्मि चौधरी पहुंचीं तो उन्होंने शटर का ताला टूटा पाया।उन्होंने दुकान का गल्ला देखा तो उसमें रखा करीब सवा लाख रुपया, चांदी के आठ सिक्के भी नहीं थे।उन्होंने तत्काल कोतवाली थाना पहुंचकर शिकायत की।उनकी शिकायत पर पुलिस ने नये आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता की धारा 175/24 के तहत 303(2), 305(ए) मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। कोतवाली इंस्पेक्टर रंजीत कुमार सिन्हा ने इस मामले की जांच की जिम्मेदारी सब इंस्पेक्टर लुसी रानी को दिया गया है।

**क्या है नया कानूनः** देश में 1 जुलाई 24 से आईपीसी, सीआरपीसी और इंडियन एविडेंस एक्ट की जगह क्रमशः भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय न्याय सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) लागू हो गया है।इन तीनों कानून को लागू करने से पहले पुलिस के स्तर पर वरीय अधिकारियों और पदाधिकारियों को लगातार ट्रेनिंग दी जा रही है।

## कांटा टोली फ्लाईओवर का नामकरण परमवीर अब्दुल हमीद के नाम करें : समिति



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** परमवीर अब्दुल हमीद स्मारक समिति रांची ने अमर शहीद परमवीर अब्दुल हमीद की 91वीं जयंती कांटा टोली चौक स्थित परमवीर अब्दुल हमीद स्मारक स्थल पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मनाया। इस अवसर पर मुख्य रूप से समिति के अध्यक्ष इम्तियाज मुन्ना , उपाध्यक्ष इरफान इकबाल,सचिव मोहम्मद शाहबुद्दीन,आईयूएमएल झारखंड प्रदेश के महासचिव शानुल हक, प्रदेश सचिव अमानुल हक, झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश के प्रदेश अध्यक्ष मुजीब कुरैशी,महासचिव जावेद कुरैशी, एनामुल हक,आम आदमी पार्टी की झारखंड प्रभारी यासमीन लाल,बाबर ,रंजय वर्मा,लोक सेवा समिति के अध्यक्ष नौशाद खान, मोहम्मद निसार एवं समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। समिति के अध्यक्ष मुन्ना ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि अमर शहीद अब्दुल हमीद ने देश के लिए जिस तरह से कुर्बानी का परिचय दिया है उसकी कोई तुलना नहीं है। जब तक दुनिया कायम है अब्दुल हमीद का नाम अमर रहेगा और लोग उनकी कुर्बानी से प्रेरणा लेते रहेंगे। हमारी समिति वर्तमान चंपई सोरेन सरकार से मांग करती है कि बरसों से वीरान पड़े स्मारक स्थल का सौंदर्यीकरण जल्द कराए एवं फ्लाई ओवर का नामकरण परमवीर अब्दुल हमीद के नाम पर किया जाए। आईयूएमएल के प्रदेश महासचिव शानुल हक , आम आदमी पार्टी की झारखंड प्रभारी यासमीन लाल, जमीयतुल कुरैश जावेद , जमीयतुल कुरैश पंचायत के अध्यक्ष गुलाम गौस कुरैशी, फरहाद कुरैशी, अंजुमन इस्लामिया के शहजाद बब्लू, अली हसन सहित सभी ने अपने विचार रखे।

## पीजीटी सहित अन्य परीक्षाओं की हो सीबीआई जांच : अमर कुमार बाउरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** युवाओं को सपने दिखा कर, राज्य की जनता को झुठ बोल कर सत्ता में आयी जेएमएम, कांग्रेस और राजद की सरकार के खिलाफ अब युवा आक्रोशित है क्योंकि ठगबंधन सरकार ने आज तक जो भी परीक्षाएं ली है उन सभी परीक्षाओं में गड़बड़ियां सामने आयी है। ऐसे में राज्य सरकार को चाहिए कि वो युवाओं के हित में इन सभी परीक्षाओं के गड़बड़ियों की जांच सीबीआई से कराने की अनुशंसा करे।उक्त बातें नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय रांची में संवाददाताओं को संबोंधित करते हुए कही। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि जेएसएससी पीजीटी के अभ्यार्थियों ने मुलाकात कर बताया कि इस परीक्षा में धांधली हुई है।

इसकों लेकर अभ्यार्थी पिछले 17 दिनों से धरना कर रहे है। अभ्यार्थियों ने अपने आवेदन में बताया कि एक ही सेंटर से 70-80 प्रतिशत अभ्यार्थी पास हुए है। बोकारो जिला के श्रेया डिजिटल और रांची जिला के शिवा इनफोटेक से सबसे अधिक अभ्यार्थी पास हुए है। सिरिया डिजिटल से 513 अभ्यार्थी, शिवा इनफोटेक से 279 अभ्यर्थी पास हुए वहीं धनबाद डिजिटल से 273 पास हुए है।प्रेसवार्ता में प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक,प्रवक्ता अविनेश कुमार सिंह,भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज उपस्थित रहे।

## रांची उपायुक्त ने पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक के लिए पदाधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की स्थायी समिति की 14वीं बैठक चार जुलाई को रांची में होगी। इसके मद्देनजर सोमवार को उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में समाहरणालय में बैठक हुई। कार्यक्रम की तैयारी की जानकारी देते हुए उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक के लिए जिलास्तर पर विभिन्न कोषांगों का गठन किया गया है। बैठक में उपायुक्त ने कोषांगों में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को उनके कार्य एवं दायित्व की जानकारी दी। उन्होंने कोषांगों में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों और संपर्क पदाधिकारियों को समन्वय स्थापित करते हुए कर्तव्य निवर्हन का निर्देश दिया। बैठक में शामिल होने वाले पदाधिकारियों का प्रोटोकॉल के अनुसार स्वागत, विदाई और आवश्यकतानुसार अल्पाहार भोजन आदि की सुविधा, वाहन की उपलब्धता, आवासन व्यवस्था के साथ चार जुलाई को होटल रेडिशन ब्लू में निर्धारित बैठक के लिए पूरी तैयारी ससमय सुनिश्चित करने का निर्देश उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को दिया।

## तल्हा खान की डिस्चार्ज पिटीशन पर फैसला चार जुलाई को

**रांची :** पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में सेना के कब्जेवाली बरियातू मौजा के 4.55 एकड़ जमीन की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री मामले में शामिल आरोपित तल्हा खान की ओर से दाखिल डिस्चार्ज पिटीशन पर सोमवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने आदेश सुरक्षित रख लिया है। अदालत अपना सुरक्षित आदेश चार जुलाई को सुनाएगी। आरोपित ने अपने आप को मामले में निर्दोष बताते हुए 20 मई को डिस्चार्ज पिटीशन दाखिल की थी।

## ई रिक्शा चालकों ने की बैठक, डीटीओ को सौंपेंगे मांग पत्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** रांची जिला ई रिक्शा चालक यूनियन के सदस्यों की बैठक रांची स्टेशन दुर्गा पंडाल एवं रांची मोरहाबादी मैदान के प्रांगण में रांची महानगर के अध्यक्ष भोला सिंह के अध्यक्षता में संपन्न हुई । बैठक में उपस्थित पदाधिकारी एवं लगभग 4 से 500 ई-रिक्शा चालकों ने यह निर्णय लिया है कि हाई कोर्ट बार-बार-बार आदेश है कि ई रिक्शा का रूट पास ड्रेस कोड एवं आई कार्ड होना अति आवश्यक अनिवार्य है परंतु रांची शहर में ई-रिक्शा का परिचालन करने हेतु रूट पास लगभग 2018 से रांची नगर निगम द्वारा निर्गत नहीं किया जा रहा है और ना ही चौक चौराहों से 50 मीटर दूरी हटकर अस्थाई यात्री चढ़ा उतार का भी पड़ाव रांची नगर निगम द्वारा नहीं बनाया जा रहा है जिसके चलते रांची शहर में ई-रिक्शा परिचालन करने एवं परिवार का पालन पोषण करना और बैंक का कर्ज कैसे का कैसे पूरा करें इसकी चिंता सभी ई रिक्शा चालक मालिकों को सताई जा रहे हैं । ई-रिक्शा को जबरन जप्त करते हुए मनमानी 3000 से लेकर 15000 तक की फाइन काटा जा रहा है । 2 जुलाई 2024 को रांची जिला ई रिक्शा चालक यूनियन द्वारा यातायात प्रशासन रांची नगर निगम एवं डीटीओ रांची को ई रिक्शा चालकों का समस्या निदान हेतु मांग पत्र सौंपेगा । रांची जिला ई रिक्शा चालक यूनियन के जिला अध्यक्ष दिनेश सोनी, रांची महानगर अध्यक्ष भोला सिंह , रांची रेलवे स्टेशन ई रिक्शा चालक यूनियन के महामंत्री मुन्ना कश्यप , जावेद, संजू नायक , बलदेव लोहार , छोटू गुप्ता, सेतु उरांव, गोपाल राम , वेद नारायण सिंह , महेश साहू, सुनील सिंह, मिथिलेश तूफल गाड़ी , सुनील प्रजापति , अक्षय साहू , पंकज यादव, मंगल यादव , सरवन यादव , अरमान मूर्ति , ठाकुर विजय , नदी निजाम अंसारी, ललन यादव , विनोद साहू, बीरबल राम , बृजेश पंडित, कयूम अंसारी , अरविंद साहू , राजा यादव, राहुल चौधरी , रंजन यादव आदि उपस्थित थे।

# आरपीएफ ने 15 किलो गांजा किया ज़ब्त, दो हिरासत में



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** आरपीएफ रांची मंडल के सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार द्वारा बनाई गई फ्लाइंग टीम ने आरपीएफ पोस्ट हटिया के साथ मिलकर ऑपरेशन नार्कोस के तहत प्लेटफॉर्म 03 पर हटिया रेलवे स्टेशन पर चेकिंग के दौरान देखा कि दो व्यक्ती भारी बैग के साथ संदिग्ध तरीके से बैठे थे। संदेह के आधार पर उनसे पूछने पर उन्होंने अपना नाम सचिन कुमार उम्र 23 वर्ष पता पुरानपुर, थाना बारापुर, जिला बिजनौर उत्तरप्रदेश तथा अक्षित चौधरी उम्र 16 वर्ष पता अजितपूरदासी, थाना धर्मपूर, जिला बिजनौर उत्तरप्रदेश बताया और यह खुलासा किया कि उनके पास बैग में लिपटा हुआ मारिजुआना (गांजा) है, तत्काल मामले की सूचना सहायक सुरक्षा आयुक्त, आरपीएफ, रांची अशोक कुमार सिंह को दी गयाद्य सूचना मिलने पर मौके पर उपस्थित हुए और आदेश के अनुसार उनकी व्यक्तिगत तलाशी ली गई और सभी कानूनी औपचारिकताओं के बाद मौके पर उनके बैग की जांच की गई। जिसके दौरान मिले पैकेटों का डीडी किट से परीक्षण किया गया जो पॉजिटिव पाया गया। इस मारिजुआना के पैकेटों का वजन 15.00 किग्रा, अनुमानित मूल्य 7,50,000 (सात लाख पचास हजार रुपये) पाया गया जिसके बारे मे वो लोग कोई कानूनी अधिकार प्रस्तुत करने में विफल रहे। चूंकि अवैध गांजा को एक राज्य से दूसरे राज्य में ले जाना और लाभ के लिए अवैध रूप से इसकी बिक्री/तस्करी करना एनडीपीएस अधिनियम के तहत एक संज्ञान अपराध है तो बरामद सामग्री को सहायक उपनिरीक्षक रवि शेखर द्वारा जब्त कर लिया गया। पूछे जाने पर उन लोगों ने बताया कि वे इसे संबलपुर उड़ीसा से लेकर हटिया पहुंचे उक्त मारिजुआना को अपने निजी लाभ के लिए ऊंची कीमत पर उत्तरप्रदेश में बेचा जाना थाद्य सभी कानूनी औपचारिकताएं लागू करने के बाद हिरासत में लिए गए सभी व्यक्तियों को जब्त सामग्री और अन्य वस्तुओं के साथ जीआरपी हटिया को सौंप दिया गया।

## खाद्य आयोग ने राज्य आकस्मिक खाद्यान्न कोष के क्रियान्वयन में बड़ा रोल निभाने की पहल की : हिमांशु



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष हिमांशु चौधरी ने कहा कि आयोग ने झारखंड राज्य आकस्मिक खाद्यान्न कोष के क्रियान्वयन में अपना बड़ा रोल निभाने की पहल की है। उन्होंने कहा कि खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग की ओर से जून 2018 में आकस्मिक खाद्यान्न कोष का गठन किया गया था, जिन गरीबों के पास राशन कार्ड नहीं है और राशन नहीं मिल पा रहा, उन्हें आकस्मिक खाद्यान्न कोष से 10 किलो अनाज निःशुल्क दिया जाना है। हिमांशु चौधरी सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि चावल की खरीद के लिए पंचायत एवं वार्ड में इसके लिए उपलब्ध राशि व्यय हो जाए तो जिले के डीसी द्वारा इसके लिए पैसे दिए जाएंगे। पंचायतों, वार्डों में इस पैसे की उपलब्धता, व्यय की स्थिति की समीक्षा के लिए खाद्य आयोग जिलों में भ्रमण करेगा। बीडीओ से राशि की उपलब्धता की जानकारी ली जाएगी। विशेषकर मुखिया के साथ बैठक कर राशि के समुचित उपयोग के संबंध में चर्चा होगी, विमर्श होगा। इसकी शुरुआत जामताड़ा जिले से होगी। इसके बाद धनबाद, बोकारो और रामगढ में यह कार्यक्रम आयोजित होगा। इसके अलावा देवघर, दुमका, पाकुड़, साहेबगंज और गिरिडीह जिलों के लिए भी डेट फाइनल किया गया है।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## पिपरवार में विदाई समारोह आयोजित कर सेवानिवृत्त चार कर्मियों को दी गई विदाई



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय के सभागार में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में पिपरवार एरिया के विभिन्न परियोजना से सेवानिवृत्त हुए चार कोयला मजदूरों को विदाई दी गई।सेवानिवृत होने वाले सीसीएल कर्मियों में डंपर ऑपरेटर भोलानाथ राजभर, ओएस प्रमोद कुमार दास, ईपी फिटर मोहम्मद शमसुद्दीन और चालक गुलाब गंझु का नाम शामिल है।कार्यक्रम में सेवानिवृत्त सभी कोयला मजदूरों को सीसीएल अधिकारियों के द्वारा श्रीफल, अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया,साथ ही सेवा प्रमाण पत्र और उपहार प्रदान कर विदाई दी गई।समारोह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि सेवानिवृत्ति की प्रक्रिया से प्रत्येक कामगारों को गुजरना पड़ता है।सेवानिवृत्त के पश्चात सभी कर्मी अपने परिवार के संग एक नए जीवन की शुरुआत करते हैं।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने सेवानिवृत कामगारों के उज्जवल एवं सुखमय जीवन की कामना की।इस समारोह में मुख्य रूप से पिपरवार क्षेत्र के स्टाफ ऑफिसर एक्सावेशन जयशंकर प्रसाद शर्मा,स्टाफ ऑफिसर विद्युत एवं यांत्रिक जेएन दत्ता, कार्मिक एवं प्रशासनिक अधिकारी नागेश गोपालन, एरिया सिक्योरिटी ऑफिसर अरुण कुमार महतो,कार्मिक प्रबंधक ज्योति कुशवाहा, हेमचन्द महतो,सुमातो दास, टीडी सिंह सहित कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

## भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के सफल बच्चों को किया गया सम्मानित



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में सोमवार को कार्यक्रम आयोजित कर भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।इस कार्यक्रम में स्कूल की प्राचार्या डॉ. आर चौधरी ने परीक्षा में सफल सभी बच्चों को पुरस्कृत किया।भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा मे स्कूल से प्रथम स्थान आदित्य कुमार,द्वितीय स्थान विद्या राज और तृतीय स्थान आयुष शिवम ने प्राप्त किया।इस परीक्षा में कुल 120 छात्र शामिल हुए थे।स्कूल की प्राचार्य डॉक्टर आर चौधरी ने सफल बच्चों को बधाई देते हुए आगे भी इस तरह के प्रतियोगिता में शामिल होकर बेहतर प्रदर्शन करने और अपने क्षेत्र और स्कूल का नाम रोशन करने की कामना की।इधर शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्कूल में कक्षा एलकेजी से कक्षा दुसरी तक एक जुलाई से 15 जुलाई तक नामांकन निःशुल्क कर दिया गया है।स्कूल प्रबंधन द्वारा जारी आदेश के मुताबिक कक्षा तृतीय से कक्षा नवम तक छात्रों का निःशुल्क नामांकन किया जाएगा।वही कक्षा तृतीय से नवम तक नामांकन कराने वाले छात्रों को 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।इस मौके पर स्कूल के कई शिक्षक और बच्चे मौजूद थे।

## अड़की पुलिस ने भाकपा माओवादी के सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया



**अड़की (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खुंटी जिला अंतर्गत अड़की थाना क्षेत्र के सूदूरवर्ती बोहण्डा के दुर्पा हेंब्रम के चौबीस वर्षीय सुपुत्र सादो उर्फ सादो हेंब्रम को घर से अड़की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और उसके पास से 45 माओवादी के पोस्टर,1 माओवादी बैनर,2 मोबाइल फोन,1लूटी हुई ग्लैमर मोटरसाइकिल बरामद किया है। ज्ञात हो की सादो हेंब्रम प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी का सक्रिय सदस्य है जिसके विरुद्ध अड़की थाना में कांड संख्या 68/23 धारा -302,कांड संख्या 62/23धारा 17 सी.एल.ए.एक्ट,कांड संख्या 33/24 धारा 17 सी.एल.ए.एक्ट के तहत मामला दर्ज है और इन मामलों में अभियुक्त फरार चल रहा था।इसी बीच अड़की थाना प्रभारी को गुप्त सूचना मिली थी कि अभियुक्त सादो हेंब्रम अपना घर आया हुआ है इस सूचना के सत्यापन और कारवाई हेतु पुलिस अवर निरीक्षक सह थाना प्रभारी मुकेश कुमार यादव के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई जिसमें पुलिस अवर निरीक्षक मनीष कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक राजीव कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक रौशन खाखा सहित अड़की थाना के सशस्त्र बलों को शामिल किया गया। गठित टीम ने छापामारी कर घने जंगलो के बीच बोहंडा गांव स्थित अभियुक्त को घर से गिरफ्तार कर लिया।

## डॉ आशा लकड़ा की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों की समीक्षात्मक बैठक संपन्न

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, नई दिल्ली की सदस्य डॉ आशा लकड़ा की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभा कक्ष में बैठक आयोजित हुई। इसमें जिला अंतर्गत विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाएं खासकर अनुसूचित जनजाति के हित के संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई। मौके पर संबंधित अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश दिया गया। बैठक में एसपी, खूंटी ने राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य को बताया कि एसटी से संबंधित दर्ज केसों में से 05 केस लंबित हैं। माननीय सदस्य द्वारा एसटी/एससी के मामलों के संबंध में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग को भी सूचित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि पुलिस बल द्वारा उपयोग में लाई जाने वाली पुरानी गाड़ियों को सूची तैयार कर नई गाड़ियां उपलब्ध कराने की दिशा आवश्यक कार्रवाई की जानी चाहिए। सदस्य ने जिले में पलायन की चर्चा करते हुए कहा कि काम की तलाश में अन्यत्र पलायन करने वाले लोगों का थाना एवं श्रम विभाग द्वारा रजिस्ट्रेशन का कार्य प्रारंभ किया जाना चाहिए ताकि पलायन करने वालों के संबंध में पूरी जानकारी हो सके। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य द्वारा शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान जिले के स्कूलों में पठन-पाठन करने वाले एसटी/एससी छात्र, छात्राओं एवं शिक्षकों के संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी से जानकारी प्राप्त की गई। साथ ही संकुल स्तर पर शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयेजित करने का निर्देश दिया गया।

# राष्ट्रीय अनुसूचित जनजातीय आयोग की सदस्य डॉ आशा लकड़ा उलिहातु पहुंची



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अड़की :** खूंटी जिला अंतर्गत अड़की प्रखंड क्षेत्र के भगवान बिरसा मुंडा के पैतृक गांव उलिहातु में सोमवार को राष्ट्रीय अनुसूचित जनजातीय आयोग की सदस्य डॉ आशा लकड़ा पहुंची।सबसे पहले उन्होंने बिरसा ओड़ा में धरती आबा की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की इस दौरान भगवान बिरसा मुंडा के वंशज सुखराम मुंडा और गांव के पहान के द्वारा प्रतिमा स्थल पर विधिवत पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात को उलिहातू स्थित पुस्तकालय भवन में ग्रामीणों के संग डॉ आशा लकड़ा ने एक बैठक कर आम जनों को संबोधित किया और उन्होंने कहा आज बहुत सौभाग्य की बात है की राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग भगवान बिरसा मुंडा की धरती में पहुंचा है पुरे देश में आदिवासीयों के मामले को आयोग देखता है मैं रांची की बेटी हूं ज्यादा दूर की नहीं हुं उन्होंने बैठक में बारी बारी से आमजनों से केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं की प्रगति के संबंध में जायजा लिया। मौके पर ग्रामीणों ने अबुवा आवास योजना,पेंशन योजना,बिजली और जलनल योजना के बद्तर हालात संबंध में बताया उन्होंने कहा कि उलिहातु के लोग भारी जलसंकट से जूझ रहे हैं किसी घर में नल तो लगी है पर पानी नहीं पहुंचा कहीं नल तो लगा पर घर तक पाईप ही नहीं पहुंचा।ग्रामीणों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए रा.अ.ज.आयोग की सदस्य डॉ आशा लकड़ा ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आगामी 11 जुलाई गुरुवार को उलिहातु में शिविर लगाकर त्वरित लोगों को योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाए और धरातल पर विकास की योजनाओं को गति प्रदान किया जाए। मौके जिले और प्रखंड के वरीय पदाधिकारीयों सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## विधायक के पहल पर 200 केबी का नया ट्रांसफार्मर लगाया गया



**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के अखरा टोली में 20 दिनों के बाद उप प्रमुख परवेज राजा के प्रयास से व मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के पहल पर 200 केबीए का नया ट्रांसफार्मर लगने से खुशी से झूम उठे ग्रामीण, रविवार की रात प्रखंड उप प्रमुख परवेज राजा ने फीता काटकर ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। इसके साथ ही अखरा टोली ,जोलहा टोली, चाकबाड़ी सहित अन्य बस्ती में विद्युत आपूर्ति बहाल होने के बाद रोशनी से जगमगा गया। ग्रामीण खुशी से कांग्रेस का झंडा लेकर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ज़िंदाबाद, उप प्रमुख परवेज राजा ज़िंदा बाद का नारा लगाते हुए स्थानीय विधायक का शुक्रिया अदा किया । मौके पर कालिम अंसारी, हाजी नसीम, इश्तेयाक अंसारी, हाजी अफरोज, अजहर इमाम बन्नू, लाला खान, मों सरफराज , सलीम खान, बजरंग साहू, विजय साहू, सुका उरांव, अब्दुर रशीद, सदिक अंसारी, दानिश अंसारी, सहित अन्य उपस्थित थे।

# विभिन्न दलों के सैकड़ों लोगों ने झामुमो की सदस्यता ली, विधायक ने किया स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बुंडू :** रांची जिला अंतर्गत एम.बी.स्कूल एदलहातु, बुंडू के प्रांगण में एक पंचपरगणा छेत्र से अल्पसंख्याक मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसकी अली कॉलोनी कमेटी के अध्यक्ष अताउल खान के द्वारा किया गया. इस मिलन समारोह में सैकड़ों लोगों ने स्थानीय विधायक श्री विकास सिंह मुंडा की अगुवाई में झारखण्ड मुक्ति मोर्चा का सदस्यता ग्रहण किया इस अवसर पर सैकड़ो लोग ने भी झारखंड मुक्ति मोर्चा को सदस्यता ग्रहण किए। इसके साथ साथ भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के विभिन्न पदाधिकारी एवम सदस्यगण ने भी झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामा ।इस अवसर पर मुख्य तौर पर अबु अब्बास अली, मो जमील अंसारी (भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा, जिला उपाध्यक्ष) (भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी), सैयद कमरू जमा , मो समीउल्लाह (अध्यक्ष अड़की प्रखंड), मो रमीज आलम, मो मस्कूर अंसारी (ररगांव प्रखंड अध्यक्ष) मो एनामुल अंसारी ( ग्रामीण अध्यक्ष, बुंडू) एवम मुख्य रूप से मो अरशद वारसी,मो शाहनवाज अंसारी, मो शाहिद, मो असरफ, मो शमसाद, मो सफी अहमद, मो अजहर, मो रउफ, मो जब्बार, मो बबलू, मो सगीर, मो अली हसन, मो मुर्शीद, मो अफगानी, मो इजराइल, मो मंजूर एवं सैकड़ों मुस्लिम समाज के पुरुष और महिलाएं उपस्थित रहे।धन्यवाद ज्ञापन एमबी स्कूल के प्रिंसिपल अबु अब्बास अली ने दी।

# राजा उलातू पंचायत में ग्राम सभा की सहमति के बिना जमीन की खरीद बिक्री पर लगे रोक : आरती कुजूर



**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राजा उलातू पूर्वी क्षेत्रीय भू रक्षा संघर्ष समिति के सदस्य,सामाजिक अगुवा और समाज में अपनी सक्रियता निभाने वाले लोग मुख्यमंत्री में नाम एक ज्ञापन सौंपा द्य जिसकी प्रतिलिपि आयुक्त ,उपायुक्त,एसी,एलआरडीसी,एसडीओ, एसएसपी,ग्रामीण एसएसपी,अंचल अधिकारी,थाना प्रभारी और राजा उलातू पंचायत के मुखिया को भी ज्ञापन सौंपा द्य इस ज्ञापन के माध्यम से राजा उलातू पंचायत के सभी गांव सहित सोगोद,टुटीहारा में जमीन की अवैध खरीद बिक्री और उससे समाज में हो रहे विवाद के कारण ग्रामीण लोगों ने बैठक करके इस समस्या से निपटने हेतु बैठक किया और सभी संबंधित पदाधिकारियों को ज्ञापन सौपाल इस ज्ञापन में उपरोक्त पंचायत के में पैसा कानून का सख्ती से पालन हो,पैसा कानून के तहत ग्राम सभा के बगैर सहमति के जमीन की खरीद बिक्री पर अविलंब रोक लगे,अवैध रूप से खरीद बिक्री हुई जमीन का जांच करके निरस्त करने,बगैर ग्राम सभी के आबंटित वन पट्टा को रद्द करने,फर्जी तरीके से हस्तांतरित जमीन का हस्तांतरण रद्द करने,फर्जी ग्राम सभा के द्वारा आबंटित खनन पट्टा रद्द करने की मांग की द्य यदि सरकार उक्त मामले पर गंभीरता पूर्वक विचार करके करवाई नहीं करती है तो राजा उलातू पंचायत के ग्रामीण आंदोलन को बाध्य होगी द्य प्रतिनिधि मंडल में श्रीमती आरती कुजूर,समिति के अध्यक्ष श्री प्रीति मुंडा,उपाध्यक्ष श्री रामजतन मुंडा,सचिव श्री डेविड कुजूर,सह सचिव श्री अगस्टिन रुंडा सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# श्रद्धालुओं का जत्था अमरनाथ रवाना



**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अमरनाथ यात्रा के लिए श्रद्धालुओं का जत्था नामकुम निवासी अजीत मालाकार के नेतृत्व में राँची रेलवे स्टेशन से रवाना हुआ। श्रद्धालुओं को खिजरी विधायक राजेश कच्छप के निर्देश पर विधायक राजेश कच्छप के निजी सचिव दिनेश चंद्र प्रमाणिक, बिमल घोष, मुरलीधर, एस. के. सिंह सहित कई समाजसेवियों ने जा रहे सभी को गमछा एवं माला पहनाकर यात्रा की शुभकामना दी। जत्थे में ये है शामिल पीयूष कुमार, त्रिभुवन कुमार, श्रवण कुमार, के पवन कुमार, आदित्य कुमार, नीरज कुमार निराला, दीपक चौधरी, राजेश कुजूर, अजीत मालाकार, विश्वजीत, दीपक गुप्ता, राजीव कुमार, मोती लाल गोप, विकास त्रिके, हिमाचल साहू, गणेश महतो, राधेश्याम महतो, सुदामा महतो, आनंद कुमार, नीरज चौधरी, राम सिंह महतो, सत्यनारायण, रंजना मेहता, मुकेश महतो, ओम प्रकाश महतो, तुएंदर महतो, राज कुमार सिंह, बंटी गुप्ता, संजू कुमार कुणाल तिवारी है।

# सेवानिवृत्त सेना के जवान का हुआ भव्य स्वागत



**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के कुंदी निवासी सेना के जवान हॉनरी लेफ्टिनेंट गोयंदा केरकेट्टा की सेवानिवृति पर सोमवार को गांव पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। जवान को इटकी मोड़ से साहेब मोड़ तक ढोल बाजे के साथ लाया गया, जहां जवान ने शहीद प्रकाश गोप के मूर्ति पर माल्यार्पण किया, इसके बाद जवान ने कुंदी देवी मंडप पर माथा टेका और फिर सरना स्थल पर विधि विधान के साथ पूजा अर्चना किया । मौके पर डब्बू केरकेट्टा, मंगल केरकेट्टा, जतरू, रतू, अजय, चारों, विजय, सोमरा, सरना आदिवासी विकास समिति के सदस्य सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## पिपरवार मे मूसलाधार बारिश से लोगो को मिली गर्मी से राहत

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में पिछले दो दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश से लोगों को भीषण भरी गर्मी से राहत मिली है।जानकारी के अनुसार शनिवार 29 जुन से पुरे कोयलांचल क्षेत्र मे झमाझम बारिश हो रही है।पुरे इलाके मे बारिश होने के बाद यहां का मौसम काफी सुहाना हो गया है और लोगों को भीषण भरी गर्मी से राहत मिली है।सोमवार को रूक रूककर मूसलाधार बारिश हुई।बारिश के फुहारे के बीच लोगों ने राहत की सांस ली हैं।बारिश के बाद तापमान में भी काफी गिरावट आई है और लोगों को भारी गर्मी से राहत मिली है।वही बारिश के बाद आवासीय कॉलोनी के अलावा ग्रामीण इलाकों में भी घंटो विद्युत आपूर्ति बाधित रही जबकि सड़कों पर जल जमाव भी देखा गया जिसके कारण आवागमन करने वाले लोगों को काफी परेशानियां हो रही है।

## बायोमेट्रिक से हाजरी बनाने का रैयत विस्थापित मोर्चा ने किया विरोध

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एनके एरिया सीसीएल में बायोमेट्रिक से हाजरी बनाने का रैयत विस्थापित मोर्चा ने विरोध किया है.मोर्चा के एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता ने एक बयान जारी कर कहा कि कामगारो के सुविधा उपलब्ध कराए बिना बायोमेट्रिक सिस्टम को लागू करना ठीक नही है.इसके लिए सीसीएल प्रबंधन को एक बार विचार करना चाहिए.क्योंकि सीसीएल एनके एरिया में अधिकांश कामगार रैयत विस्थापित है जो अपनी जमीन देकर नौकरी ली है.और रैयत विस्थापित की घर से काफी दूर विभिन्न परियोजनाओं में नौकरी के लिए आते जाते हैं.जिनमें अधिकांश रैयत विस्थापित दस से बीस किलोमीटर काफी दूर से प्रतिदिन आते हैं और उन्हें ड्यूटी आने जाने में लेट भी हों जाती है .भोगता ने कहा कि एक तो जमीन भी दिया है और अब नौकरी के लिए हाजरी बनाने के लिए आपाधापी में आना जाना पड़ रहा है.इन्हें रहने के लिए क्वार्टर भी उपलब्ध नहीं कराया गया तो ऐसे में मजदूर कैसे समय पर बायोमेट्रिक से हाजरी समय से बना पाएगा.ये बायोमेट्रिक सिस्टम ठेका मजदूरों के लिए लागू किया गया था, लेकिन प्रबंधन जबरन बायोमेट्रिक सिस्टम को कोयला कर्मचारियों पर थोप रही है जिसे मोर्चा कभी बर्दाश्त नहीं करेगा.

## डीएवी खलारी में बच्चों को दी गई तीन नए कानूनों की जानकारी

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** डीएवी स्कूल खलारी के लीगल लिटरेसी क्लब द्वारा एक जुलाई 2024 से लागू हुए तीन नए कानूनों की जानकारी विद्यालय के बच्चों को दी गई. इस क्लब में शामिल बच्चे आशी सिंह, वाणी राज, साक्षी कुमारी, सेलीना परवीन, शिवांशी, कोमल कुमारी व हर्षसिंह कहलोन ने देश में आज से लागू हो रहे आपराधिक न्याय प्रणाली की दिशा में तीन नए कानूनों भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जानकारी कक्षा 6 से 12वीं तक के बच्चों को दी. विद्यार्थियों ने बच्चों को बताया कि कोई अपराध होने की स्थिति में या आपके साथ कोई धोखाधड़ी का चक्कर हो जाय तो आप किसी भी थाने में जाकर एफआईआर दर्ज करवा सकते हैं. आप आनलाइन या ईमेल से भी प्राथमिकी दर्ज करवा सकते हैं. इन कानूनों में अब दंड के साथ-साथ न्याय व्यवस्था पर भी जोर दिया गया है. विद्यालय के प्राचार्य डा कमलेश कुमार ने भी बच्चों को इन नए कानूनों के बारे में संक्षेप में बताया.उन्होंने कहा कि अब नए कानूनी प्राविधानों के तहत कम समय में अनुसंधान और न्यायिक प्रक्रिया संपन्न कराने की व्यवस्था हमें मिल चुकी है. प्राचार्य महोदय ने लीगल लिटरेसी क्लब के इस कदम की सराहना की.

## विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का हुआ आयोजन, लाभुकों में परिसंपत्ति का वितरण

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार झालसा के तत्वाधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकार डालसा सिविल कोर्ट रांची द्वारा खलारी प्रखंड कार्यालय सभागार में विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित सिविल कोर्ट रांची के न्यायिक पदाधिकारी प्रथम श्रेणी गौतम गोविंद का पौधा देकर स्वागत किया गया. न्यायिक पदाधिकारी ने कहा कि जानकारी के अभाव में अनजाने में गलती हो जाती है. अनेक कमजोर लोग वकील तक नहीं रख पाते हैं. डालसा का उद्देश्य ऐसे जरूरतमंद, असहाय, पीड़ित, न्याय से वंचित, दिव्यांग व्यक्ति व लोगों तक न्याय की सहायता पहुंचाना है.डालसा कार्यालय रांची अथवा स्थानीय पीएलवी को अपनी समस्या से अवगत कराएं. डालसा निःशुल्क वकील देता है, जो सामान्य वकीलों की तरह ही मामले का निष्पादन करते हैं कोयी कैदी जेल के जेलर के माध्यम से डालसा की मदद ले सकता है. अंधविश्वास के डायन बिसाही जैसे मामलों में केस से पहले मध्यस्थता के द्वारा आपसी विवाद का निपटारा करा कर लोगों की मदद की जाती है. बताया कि पुलिस गिरफ्तार करती है तो जानने का अधिकार है कि क्यों पकड़ी है. सिविल (जमीन) मामलों में आवश्यक शुल्क नहीं दे पा रहे हैं तो डालसा मदद करती है. किसी अभियुक्त के जेल जाने से पूर्व डालसा के रिमांड अधिवक्ता कोर्ट में उसकी मदद करते हैं. रिमांड अधिवक्ता देखते हैं कि जेल भेजने में पुलिस नियमों की अनदेखी तो नहीं की है. अपराध अनजाने में हुआ हो तो उसे सुधरने का मौका दे सकते हैं.डालसा स्कूलों में लीगल लिटरेसी क्लास का आयोजन भी करता है, ताकि अधिकार व कर्तव्य के प्रति जागरूकता हो. वहीं सड़क दुर्घटना में मृत परिवार को मुआवजे की राशि दिलाना, पीड़ित मुआवजा अधिनियम के तहत पीड़िता को न्याय द्वारा संरक्षण देकर मुआवजा दिलाना है. बालकों की देख रेख संरक्षण पर डालसा द्वारा खलारी में प्रचार प्रसार के जरिए बच्चों के सुरक्षित भविष्य बनाने के लिए कार्य किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि समय समय पर डालसा द्वारा खलारी में क़ानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है ताकि लोग अपने अधिकारों को समझें और डालसा की मदद उन्हें मिल सके. सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी कम लोगों को होती है.डालसा सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक भी करती है.वही प्रखण्ड विकास पदाधिकारी खलारी के द्वारा कार्यक्रम में लाभार्थियों के बीच परिसम्पत्तियों का वितरण किया गया.कार्यक्रम का संचालन मुन्नु शर्मा ने किया व धन्यवाद ज्ञापन प्रखण्ड विकास पदाधिकारी खलारी संतोष कुमार ने किया. इस अवसर पर अंचल अधिकारी खलारी प्रणव अम्बष्ट, थाना प्रभारी खलारी पुनि विजयकुमार सिंह, प्रखण्ड कर्मी, सभी पंचायत के मुखिया, पंसस सहित ग्रामीण उपस्थित थे.

## आजीविका स्वयं सहायता समूहों को मिला 89 लाख रूपए की सहायता

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी प्रखंड कार्यालय में आयोजित 'मेगा लीगल इंपावरमेंट कैंप' में रविवार को कुल 98 लाभुकों के बीच परिसंपत्तियां बांटी गयी. खलारी के आजीविका स्वयं सहायता समूहों को 89 लाख रूपए का सहयोग दिया गया. न्यायिक पदाधिकारी गौतम गोविन्द ने समूह की महिलाओं को इसे प्रदान किया. इसमें शिक्षा विभाग के सौजन्य से 20 बच्चों को शिक्षा सामग्री दी गयी.कल्याण विभाग की ओर से 20 विद्यार्थियों को साइकिल प्रदान किया गया. पंचायती राज की ओर से 15 को खेल सामग्री दिया गया. बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना के तहत 22 लाभुकों को कूप की योजना दी गयी. बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत 18 लाभुकों को लाभ दिया गया. इसके अलावा अबुआ आवास, बत्तख चूजों का वितरण किया गया.

## यह उपलब्धियों की एक शताब्दी है : केशव कुमार हलदर

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चावल और तेल निर्माण की अग्रणी कंपनी हलदर समूह ने भारत में 1924 में अपनी स्थापना के बाद से अग्रणी सफलता की शताब्दी मनाई है। दशकों से हलदर समूह एक वैश्विक शक्ति के रूप में विकसित हुआ है, जिसने भारत और उसके बाहर चावल उद्योग को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित किया है और राष्ट्र की प्रगति में बहुत योगदान दिया है। कंपनी अपने क्षितिज को व्यापक बनाने और खुदरा परिदृश्य में कदम रखने की योजना बना रही है, जिसका लक्ष्य आज के उपभोक्ताओं की उभरती जरूरतों को पूरा करना है। हलदर ग्रुप के प्रबंध निदेशक और सीईओ केशव कुमार हलदर कहते हैं, यह साल हलदर ग्रुप में हम सभी के लिए असाधारण है। यह उपलब्धियों की एक शताब्दी और अगले 100 वर्षों के लिए एक साहसिक दृष्टिकोण का प्रतीक है।

## आईडीएच ने तीसरी बहु-हितधारक बैठक आयोजित की

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आईडीएच ने अपने लघु चाय उत्पादक स्थिरता कार्यक्रम (एसटीजीएसपी) के माध्यम से उत्तर बंगाल के चाय क्षेत्र में जीवित आय प्राप्त करने के लिए सहयोगात्मक रूप से कार्य योजना तैयार करने के लिए अपनी तीसरी बहु-हितधारक बैठक आयोजित की। जलपाईगुड़ी जिला लघु चाय उत्पादक संघ के साथ साझेदारी में चर्चा का उद्देश्य असम में पिछले संवादों के बाद, जीवित आय की साझा समझ में विविध हितधारकों को एकजुट करना है। उत्तर बंगाल (दोआर्स, तराई और दार्जिलिंग) की अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से कृषि आधारित है, जिसमें चाय प्रमुख फसल है। ये जिले भारत में उत्पादित कुल चाय का 30% योगदान देते हैं। चाय क्षेत्र में, 35,000 एसटीजी हैं जो राज्य में उत्पादित कुल चाय का 60% हिस्सा हैं, जो 25,000 हेक्टेयर में फैले हुए हैं।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## ब्रांड स्टोरी ने कोलकाता में स्टोरी देवासम स्पा एंड रिसॉर्ट के लॉन्च के साथ पश्चिम बंगाल में कदम रखा

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आईटीसी होटल्स द्वारा स्टोरी देवासम रिसॉर्ट एंड स्पा, कोलकाता के साथ पश्चिम बंगाल में कदम रखा गया है। 3 एकड़ में फैला यह रिसॉर्ट आरामदेह प्रवास या स्पा हॉलिडे के लिए एकदम सही जगह है। चाहे अकेले यात्रा करना हो या दोस्तों और परिवार के साथ जश्न मनाना हो, स्टोरी कोलकाता आपको यादगार प्रवास बनाने के लिए कई विकल्प प्रदान करता है।साउथ सिटी रिट्रीट डिस्ट्रिक्ट में स्थित, ईस्टर्न मेट्रोपॉलिटन (ईएम) बाईपास से 20 मिनट की ड्राइव दूर, स्टोरी कोलकाता आपको शहरी जीवन की कोलाहल से दूर रखता है, मन और शरीर को शांत करने वाले व्यक्तिगत और कायाकल्प करने वाले अनुभव प्रदान करता है।स्थानीय लोकाचार के तत्वों को प्रदर्शित करने के लिए प्रतिबद्ध, स्टोरी कोलकाता में सुंदर ओवरहैंग, आश्रय वाले पैदल मार्ग और जीवंत उद्यान हैं। आईटीसी होटल्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनिल चड्ढा ने कहा, %ब्रांड स्टोरी सिटी ऑफ जॉय में आ गया है! कोलकाता में स्टोरी देवासम स्पा एंड रिसॉर्ट के लॉन्च से पूर्वी भारत में हमारी उपस्थिति मजबूत हुई है और यह पश्चिम बंगाल में हमारी पेशकशों के गुलदस्ते में एक महत्वपूर्ण बढ़ोत्तरी है। रिसॉर्ट में विशाल कमरे, सुइट्स और विला का एक अच्छा मिश्रण है। हर कमरे से हरे-भरे परिवेश का एक शानदार दृश्य दिखाई देता है।



## पटमदा इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों का हुआ स्वागत

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा इंटर कॉलेज, जाल्ला के प्राचार्य अरुण कुमार के द्वारा 11वीं कक्षा, सत्र 2024- 26, संकाय कला, विज्ञान एवं वाणिज्य तीनों संकायों के छात्र-छात्राओं का सोमवार को स्वागत किया गया। इसके पश्चात प्राचार्य ने सभी विषय के व्याख्याताओं से उनका परिचय कराया एवं सभी व्याख्याता ने उच्च शिक्षा, पाठ्यक्रम, शिष्टाचार, प्रेरणा, लक्ष्य आदि के बारे में जानकारी दी। प्राचार्य ने राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसे छात्रवृत्ति, सावित्रीबाई फुले आदि के बारे बताते हुए सभी छात्र- छात्राओं को विज्ञान विषय की प्रयोगशाला का सही तरीके से उपयोग करने की प्रेरणा दी। साथ ही कंप्यूटर प्रयोगशाला में कंप्यूटर शिक्षण के बारे में जानकारी दी। दूसरी ओर कॉलेज में अध्ययनरत 12वीं की छात्रा चिंतामणि हांसदा की रविवार को सर्पदंश के कारण मृत्यु हो जाने पर शोक व्यक्त किया गया एवं उनकी आत्मा की शांति के लिए कॉलेज परिवार के शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं ने दो मिनट का मौन रखा। मौके पर व्याख्याता गुरुपद महतो, अमित कुमार महतो, प्रभाष चंद्र महतो, सावित्री महतो, लक्ष्मी महतो, जयदेव महतो, बाबूलाल बेसरा, सोनू भगत, कवि गोराई, रवींद्र नाथ रुहिदास, शंकर चंद्र महतो, कृष्णचंद्र महतो, विश्वनाथ महतो व झंटू महतो आदि उपस्थित थे।



## जेबीकेएसएस के मिलन समारोह में विस चुनाव में पार्टी प्रत्याशियों को भारी मतों से जिताने का लिया निर्णय

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की ओर से कांड्रा स्थित पाउड़ी स्थान में कोल्हान स्तरीय कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन जेबीकेएसएस नेता राहुलदेव महतो एवं आस्तिक महतो के नेतृत्व में किया गया। समारोह में मुख्य रूप से राज्य की सत्ता में बदलाव लाने पर जोर दिया गया। इस मौके पर विस्थापन नीति समेत किसान, श्रमिक, बेरोजगारी, शिक्षण नीति आदि पर चर्चा करते हुए एकताबद्ध होकर जेबीकेएसएस को सशक्त बनाए जाने पर बल दिया गया। इस दौरान जेबीकेएसएस के नेता राहुल देव महतो एवं जीबीएस के नेता आस्तिक महतो ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में हमारे नेता जेबीकेएसएस सुप्रीमो जयराम महतो के उम्मीदवारों को भारी मतों से विजयी बनाना है। इस मौके पर मनसा दास, भोलू महतो, मनसा महतो, गौतम महतो, अशोक महतो, उदय महतो, राकेश महतो, रौनक महतो, अजय कान्डरोआर, गुरूचरण मंडल, सुसेन बास्के, सालो मांझी, बबलू मुर्मू, पार्षद हरिशंकर सिंह सरदार, मोतिलाल सिंह सरदार, धीरेन महतो, विनोद महतो, अंकित पांडे, कालू घोस, पश्चिमी सिंहभूम जिलाध्यक्ष बसंत महतो, जिला प्रवक्ता वासिल हेम्ब्रम, संजय महतो , नारायण कांडियांग, धरनीधर महतो, समेत कई कार्यकर्ता एवं सैकड़ो की ग्रामीण उपस्थित थे।



## विवेक विद्यालय की टीम जेनिथ ने ऊर्जा संरक्षण प्रतियोगिता में जीते 4 राष्ट्रीय गोल्ड मेडल

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** छोटा गोविंदपुर स्थित विवेक विद्यालय की टीम जेनिथ ने क्वालिटी सर्कल फोरम ऑफ इंडिया, पुणे चैप्टर द्वारा आयोजित ऊर्जा संरक्षण प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 4 राष्ट्रीय गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। प्रतिभागियों ने विद्यालय एवं अपने अभिभावकों का नाम पूरे राष्ट्र में रोशन किया है। टीम जेनिथ के छात्रों ने केस स्टडी प्रेजेंटेशन, स्लोगन प्रतियोगिता (हिंदी एवं अंग्रेजी), तथा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीते। यह प्रतियोगिता 18 मई को पुणे में तथा 6 जून को वर्चुअल रूप से आयोजित हुई थीं। प्राचार्य अवधेश सिंह ने कहा कि आज के समय में विवेक विद्यालय के छात्र हर क्षेत्र में अनरवत उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं और टीम जेनिथ आज तक जहां गई है वहां से गोल्ड मेडल ले कर लौटी है जो कि विद्यालय के लिए गर्व की बात है। क्वालिटी सर्कल फॉर्म ऑफ इंडिया, पुणे चैप्टर द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में भी टीम जेनिथ ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया तथा वहां उपस्थित सभी दर्शकों एवं जजों को अपने प्रदर्शन से मंत्रमुग्ध किया।उन्होंने टीम जेनिथ के सदस्यों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु धन्यवाद दिया तथा गोल्ड मेडल पाने के लिए बधाई देते हुए सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की।



### बड़ा सिजुलता गाँव शादी समारोह में पहुंचे मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन, बोले

# खेतों में सिंचाई अंडर ग्राउंड पाइपलाइन से जल्द होगी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**राजनगर :** राजनगर प्रखंड के बड़ा सिजुलता में अपने करीबी नीबू प्रधान के भतीजे की शादी समारोह में मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन शामिल हुए। वहीं उन्होंने वर वधु को आशीर्वाद दिया। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि सुखाड़ की स्थिति में किसानों के खेतों में नदी से पानी पहुंचाया जायेगा। झारखंड में सुखाड़ की स्थिति से निपटने को लेकर भी योजना तैयार हो रही है,ताकि किसानों को इसका लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरायकेला जिले कई गांवों को चिन्हित कर अंडर ग्राउंड पाइपलाइन योजना से खेतों में पानी पहुंचाने के योजना को समय से धरातल पर पूरा किया जा रहा है। ग्रामीणों के जमीनों का बिना अधिग्रहण किए हुए पाइपलाइन योजना को सफलतापूर्वक पूरा करना है। देश में तीन नये कानून लागू होने के सम्बन्ध में पूछे जाने पर कहा कि इस कानून के संबंध में देख लेंगे इसके पश्चात ही कुछ कहा जा सकता है।मालूम हो कि मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन बीतें रविवार को हुल दिवस के अवसर पर राजनगर प्रखंड क्षेत्र के कुमडीह गांव में सिदो-कान्हू मुर्ति पर माल्यार्पण करने के बाद कार्यक्रम में भाग लिया एवं राजनगर बाजार में सिदो-कान्हू मुर्मू की मूर्ति का अनावरण कर कार्यक्रम में भाग लिया। इसके पश्चात उनके आवास जिलिंजगोड़ा गांव में रात्रि विश्राम करने के बाद सोमवार को राजनगर प्रखंड के सिजूलता गांव में निजी कार्यक्रम शादी समारोह में भाग लिया।



## बारीडीह बस्ती में बन रहे सड़क की शिकायत पर विधायक सरयू राय पहुंचे निरीक्षण करने



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** बबलू झा जिला उपाध्यक्ष द्वारा बारीडीह बस्ती में बन रहे सड़क की शिकायत पर आज जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय कार्य स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान बबलू झा एवं बस्ती वासियों ने बस्ती में कई समस्याए से विधायक को रुबरु करवाया, जिसमें प्रमुखता से नाला की साफ़ सफाई, कचड़ा उठाव की समस्या एवं श्रीराम टावर बहुमंजिला इमारत बनाने के कार्य में इलेक्ट्रिक खंबा को किस तरह अंदर किया गया एवं बहु मंजिला इमारत बनने से सड़क में जाम की स्थिति को प्रमुखता से बताया। विधायक सरयू राय ने बस्ती वासियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए तुरंत अक्षेस पदाधिकारी से बात की एवं आश्वासन दिया की बहुत जल्द इस लापरवाही पर कार्य किया जाएगा।बता दें कि 11.2.2024 को उप नगर आयुक्त जमशेदपुर अक्षेस के द्वारा बजरंग चौक बारीडीह होते हुए भोजपुर कॉलोनी पार्क तक सड़क का कालीकरण, प्लैंक में पेवर्स ब्लॉक का अधिष्ठापन एवं नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास सांसद एवं विधायक के कर कमल द्वारा किया गया था जिसकी कुल राशि रू 12087371.00 है। मौके पर बारीडीह बस्ती से पीएन झा , गणेश झा, बबलू झा, उत्तम गोराई, वरुण कुमार, सनातन कुमार, कृष्णा भगत ,लखींद्र विशाल कुमार अभिषेक कुमार, अंकित एवं अन्य उपस्थित थे।

## ट्रैलर की चपेट में आने से रांची निवासी बाइक सवार घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के सिल्ली रांगामाटी सड़क पर खेरवन के पास चांदनी चौक में ट्रैलर के चपेट में आने से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। ट्रैलर से बाइक का सीधा भीड़ंत हो गया, जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया एवं बाइक पुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। समाजसेवी व स्थानीय लोगों ने घायल को मुरी स्थित सिंहपुर नर्सिंग होम में भर्ती कराया। घायल का पहचान रांची जिला के सोनाहातु थाना के कुटीडीह निवासी 35 वर्षीय मोहन सिंह मुण्डा के रूप में की गई। घटना की सुचना मिलते ही ईचागढ़ पुलिस घटनास्थल पर पहुंचे व वाहनों को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई के लिए जुटी।

## करीम सिटी कॉलेज रोटरैक्ट क्लब ने किया डॉ. अंजनी भूषण कुमार का सम्मान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज, जमशेदपुर के रोटरैक्ट क्लब ने नए रोटरैक्ट वर्ष 2024-2025 की शुरुआत अपने पहले प्रोजेक्ट के साथ की, जिसमें उन्होंने राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर डॉ. अंजनी भूषण कुमार का सम्मान किया।क्लब के अध्यक्ष, मोहम्मद शाहिद रज़ा, सदस्य साहिल रज़ा, अतिक़ा महफूज़ और अन्नू कुमारी के साथ डॉ. कुमार से मिलने गए और उनके उत्कृष्ट समर्पण और चिकित्सा पेशे में सेवा के लिए एक प्रशंसा पत्र प्रस्तुत किया। इस पत्र में डॉ. कुमार के सामुदायिक योगदान और रोगियों की देखभाल के प्रति उनके अडिग समर्पण को रेखांकित किया गया।संक्षिप्त समारोह के दौरान, अध्यक्ष मोहम्मद शाहिद रज़ा ने क्लब की ओर से आभार व्यक्त किया और स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा की गई मेहनत और बलिदानों को मान्यता देने के महत्व पर जोर दिया।

## बिष्टुपुर तुलसी भवन में उन्नति फेस्टिवल मेला शुरू




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** लोकल फॉर वोकल को बढ़ावा देने और महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा तीन दिवसीय उन्नति फेस्टिवल मेला (प्रदर्शनी सह बिक्री) का शुभारंभ सोमवार को तुलसी भवन बिष्टुपुर में किया गया। यह उन्नति फेस्टिवल मेला सुबह 10 से रात 9 बजे तक बुधवार 03 जुलाई तक चलेगा। अतिथियों द्वारा मेला का उदघाटन फीता काटकर एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में मारवाड़ी युवा मंच के प्रदेश अध्यक्ष अरूण गुप्ता, पद्रेश महासचिव सार्थक अग्रवाल, समाजसेवी उमेश शाह, अभिषेक अग्रवाल गोल्डी उपस्थित थे। मौके पर सुरभि शाखा अध्यक्ष कविता अग्रवाल, सचिव पूजा अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पायल अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजिका संजना अग्रवाल एवं खुशबू कांवटिया ने बताया कि महिलाओं को स्वावलंबी बनाने हेतु इस मेले में ऐसी कई महिलाओं को प्लेटफार्म उपलब्ध कराया गया हैं, जो घर में खाना बनाकर रोजगार कर रही है। इस मेला में 52 स्टॉल लगाये गये हैं।

## रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर वेस्ट ने चिमटी पहाड़िया गांव में लगाये 500 पेड़

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर वेस्ट के नए सत्र 2024-25 का शुभारंभ सोमवार को पटमदा के नजदीक चिमटी पहाड़िया गांव में ग्रामीणों की मदद से सागवान एवं कई फलों का 500 वृक्षारोपण और 100 गुणा 100 फीट का एक बड़ा तालाब बनाने हेतु निर्माण कार्य शुरू कर किया गया। यह कार्यक्रम रोटरी क्लब जमशेदपुर वेस्ट की नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ अमित मुखर्जी एवं सचिव दीप्ति सिंह के संयुक्त नेतृत्व में आयोजित हुआ। उन्होंने बताया कि इस गांव वालों के पास जीवन जीने के लिए कोई भी संसाधन उपलब्ध नहीं है। ना सड़क है, ना बिजली है, ना पानी है, ना खेती है, ना स्कूल है। ऐसे गांव को रोटरी क्लब जमशेदपुर वेस्ट ने गोद लिया है। गांव में तालाब का निर्माण कराया जा रहा है जिसमें पहाड़ के जल को इकट्ठा करके गांव वालों के लिए खेती एवं दिनचर्या के लिए पानी उपलब्ध रहेगी। आने वाले समय में इस गांव के लिए खेती, बिजली (सोलर पैनल) और शिक्षा एवं चिकित्सा पर रोटरी क्लब सदस्य काम करेंगे। इस अवसर पर अध्यक्ष डॉ अमित मुखर्जी, सचिव दीप्ति सिंह, सदस्य अमिताभ, जे बी सिंह, संजीव सहगल, अनु सहगल, एमके झा, अशोक झा, आलोक सरकार एवं नंदकिशोर अग्रवाल आदि उपस्थित थे।



## प्रखंड स्तरीय शिविर में 36 दिव्यांग बच्चो को दिया गया सहायक उपकरण, 65 नए बच्चे चिन्हित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** समावेशी शिक्षा के अंतर्गत विद्यालय में अध्यनरत दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराने हेतु उत्क्रमित मध्य विद्यालय, प्रखंड मुख्यालय में प्रखंड स्तरीय जांच एवं उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुब्रता महतो आउट विशिष्ट अतिथि जिला समावेशी प्रभारी सुभाष हेंब्रम द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत प्रत्येक दिव्यांग व्यक्ति को प्रति माह 1000 रुपए दिया जा रहा है। इस दौरान दिव्यांग बच्चों की जांच एलिमको, भुनेश्वर के विशेषज्ञ डॉ प्रिया वर्मा ( प्रोस्थेटिक एवं ऑर्थोटीस्ट), डॉ राजेश कुमार, डॉ आलोक कुमार साहू (ऑडियोलॉजिस्ट) तथा डाटा एंट्री टेक्नीशियन प्रिंस अवस्थी द्वारा किया गया। इस दौरान पूर्व में जांच किए दिव्यांग बच्चों में दो ट्राई साइकिल, तीन व्हीलचेयर, 20 कान के मशीन (ब्रेल किट), 10 एल्बो करच, एक रोलेटर समेत कुल 36 बच्चों को सहायक उपकरण प्रदान किया गया।



## वर्ल्ड डॉक्टर्स डे पर डॉ. अजय ने किया डॉ. सिद्धू को सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** वर्ल्ड डॉक्टर्स डे के अवसर पर पूर्व सांसद सह कांग्रेस पार्टी के वर्किंग कमिटी के सदस्य डॉ अजय कुमार ने सोमवार को शहर के नामचीन बुजुर्ग डॉक्टर कृपाल सिंह सिद्धू को उनके सोनारी स्थित आवास पर अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर अजय कुमार ने कहा कि वर्तमान समय जब लोगों के ईलाज काफी महंगा हो गया है। ऐसे समय डॉ सिद्धू इतने कम फीस में लोगों की सेवा कर रहे है। सही मायने ये अभी के समय में लोगों के लिए भगवान है। वर्ल्ड डॉक्टर्स डे ऐसे शख्सियत को सम्मानित कर मैं स्वयं को गर्वावित महसूस कर रहा हूं। मैं ईश्वर से उनकी लंबी आयु की कामना करता हूं। केंद्र सरकार पर हमला करते हुए उन्होंने कहा स्वास्थ्य को लेकर मोदी सरकार की स्पष्ट नीति नही है। हाल के दिनों में जीवनरक्षक दवाओं की कीमतों में इजाफा हुआ है। नीट यू जी की परीक्षा इतने बड़े पर हुई धांधली से पता चलता है की मोदी सरकार स्वास्थ्य सेवा के प्रति कितनी गंभीर है। इस अवसर पर मुख्य रूप से रविन्द्र झा उर्फ नट्टू झा,धर्मेंद्र सोनकर,,बबलू झा,अभिजीत सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



## मृत घोषित करने के बावजूद ओझा से झाड़ फूंक करा रहा था परिवार, प्रशासन के हस्तक्षेप से भेजा गया पोस्टमॉर्टम कराने

*मामला : पटमदा के बांतोड़िया गांव में सर्पदंश से हुई लड़की की मौत का*

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** रविवार को जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल में जिस लड़की को मृत घोषित कर दिया गया था उसका पोस्टमॉर्टम के बजाय परिजनों ने घर वापस लाकर बंगाल के एक ओझा से लगातार 18 घंटे तक झाड़ फूंक कराया और गांव में पुलिस-प्रशासन के पहुंचने के बाद परिजन पोस्टमॉर्टम को राजी हुए। सोमवार की दोपहर शव को एमजीएम मेडिकल कॉलेज भेजा गया। मामला है पटमदा थाना क्षेत्र अंतर्गत लच्छीपुर पंचायत के बांतोड़िया गांव का। यहां महेंद्र हांसदा की करीब 17 वर्षीय बेटी चिंतामणि हांसदा को रविवार की सुबह करीब 10 बजे किसी जहरीले सांप ने खेतों मे मवेशी चराने के दौरान पैर में डस लिया था। तत्काल उसे कुछ समझ नहीं आने से वह करीब दो घंटे तक वहीं रही और धीरे-धीरे जब सांप का जहर उसके शरीर में फैलने लगा तो वह अपने घर लौट गई। पूछताछ में उसने बताया कि शायद किसी सांप ने काट लिया है। वह कुछ भी स्पष्ट जवाब नहीं दे पा रही थी। आनन-फानन में उसे एमजीएम अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर पहुंचे पटमदा थाना प्रभारी करमपाल भगत ने परिजनों को समझा बुझाकर शव को एमजीएम मेडिकल कॉलेज भेजा। आपदा प्रबंधन विभाग से सर्पदंश पीड़ित परिवार को 4 लाख रुपए मुआवजा मिलने का प्रावधान है। बताते हैं कि चिंतामणि पटमदा इंटर कॉलेज, जाल्ला में 11वीं की छात्रा थी और रविवार को छुट्टी होने की वजह से मवेशी चराने गई हुई थी।



## अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने राष्ट्रपति को पत्र लिख तीनों काले कानून को रद्द करने की अपील की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सोमवार से पूरे देश में लागू हो रहे तीनों कानून संहिता को वापस लेने की मांग झारखंड के जमशेदपुर से अधिवक्ता एवम समाजवादी चिंतक सुधीर कुमार पप्पू ने की है।उन्होंने इसे काला कानून की संज्ञा दी है और कहा कि नरेंद्र मोदी की सरकार ने अपने छुपे एजेंडे के तहत देश पर इसे थोपा है।संसद में यह कानून सर्वसम्मति से पारित नहीं हुआ है। बहुमत का आंकड़ा के बल पर जबरन पास किया गया है और संवैधानिक प्रावधान के कारण महामहिम राष्ट्रपति जी को हस्ताक्षर करना पड़ा है। इस तीनों कानून संहिता के कारण देश में पूंजीपति प्रकाशकों की चांदी कट रही है। मनमाने दाम पर पुस्तक बेची जा रही है। देश के लाखों वकीलों के साथ लाखों पुलिस कर्मियों अदालत कर्मियों और कानून की पढ़ाई पढ़ रहे विद्यार्थियों पर आर्थिक मार पड़ी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार को बताना चाहिए आखिरकार इस तीनों नए कानून संहिता में नया क्या है? बस जिस तरह से प्रतियोगी परीक्षाएं होती हैं और उसमें ए बी सी और डी समूह के परीक्षार्थी होते हैं। प्रश्न सभी समूह के समान रहते हैं परंतु उनका क्रम अलग-अलग समूह में अलग-अलग रहता है। बस यही बाजीगरी इस नए न्याय संहिता में भी की गई है।भारतीय दंड संहिता 1860 के अनुसार हत्या के लिए धारा 302 का प्रयोग होता था और अब भारतीय न्याय संहिता 2023 में धारा 103 का प्रयोग होगा। भारतीय दंड संहिता 1860 में 511 धारा थी जिसे घटाकर 358 कर दिया गया है। वहीं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 में 167 धारा थी जिसे बढ़ाकर भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 में 170 कर दिया गया है। दंड प्रक्रिया संहिता 1973 में 484 धारा थी जिसे भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में बढ़ाकर धारा 531 कर दिया गया है। वास्तव में इन तीनों संहिता को भाजपा एवं इसके मास्टरमाइंड नागपुर वाले लिटमस पेपर टेस्ट की तरह देख रहे हैं। वह यह देखना चाहते हैं कि भारतीय जनता में कितनी सहनशक्ति है अथवा आक्रोश है जो इसका विरोध कर सके। विरोध नहीं होने पर धीरे-धीरे उनकी कोशिश संविधान परिवर्तन करने की होगी। देश के इतिहास के साथ छेड़छाड़ हो रहा है और नरेंद्र मोदी एवं राज्य की भाजपा सरकारें जमकर इसे से बढ़ावा दे रही हैं। नई पीढ़ी इतिहास के काले पन्नों की सच्चाई से अवगत नहीं हो पूरे देश में इतिहास के पाठ्यक्रम से छेड़छाड़ की जा रही है और नए पाठ्यक्रम देश के विद्यार्थियों पर लादे जा रहे हैं। जिससे उनके मानसिक पटल पर एक खास विचारधारा को लेकर जज्बा हो और जर्मन के हिटलर ने यहूदी समाजवादियों कम्युनिस्टों के प्रति नागरिकों में नफरत के जहर बो दिए थे इसी प्रकार से देश में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ों एवं अल्पसंख्यकों के प्रति नफरत की दीवार खड़ी की जा रही है। अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू के अनुसार झारखंड के राज्य सरकार की संवैधानिक अपनी मजबूरी हो परंतु पूरे देश के अधिवक्ताओं को देश हित में पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और महाराष्ट्र के वकीलों के साथ खड़े होकर इस काले कानून का विरोध करना चाहिए।



## 250 से अधिक छात्रों को दी गयी सीए में करियर की जानकारी

*- मारवाड़ी युवा मंच टाटानगर अचीवर्स शाखा की पहल*

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मारवाड़ी युवा मंच टाटानगर अचीवर्स शाखा ने फॉर्मेशन वीक उत्सव के पांचवे दिन, सीए डे (चार्टर्ड अकाउंटेंट) के अवसर पर करियर कार्उंसिल इन सीए प्रोफेशन कार्यक्रम के तहत कक्षा 11 एवं 12 के बच्चों के लिए एक सेमिनार आयोजित किया। शाखा अध्यक्ष अंशुल रिंगसिया, के नेतृत्व में सोमवार को चर्च स्कूल बेल्डीह, बिष्टुपुर में आयोजित इस सेमिनार में 250 से अधिक बच्चों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सीए ऋषि अरोड़ा ने बच्चों को सीए कोर्स के बारे में विस्तृत जानकारी दी और बताया कि किस प्रकार बच्चे 10वीं या 12वीं के बाद इस कोर्स में अपना करियर बना सकते हैं। इस कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि के तौर पर सीए विनीत मेहता उपस्थित थे। इसे सफल बनाने में मुख्य रूप से मानस रंजन दास, धीरेन कुमार दास, रितेश कुमार दास, अविनाश दास, एस्तेर मोहंती, शाखा सचिव विजय सोनी, सुगम सरायवाला, सौरव अग्रवाल, चेतन अग्रवाल, अमित कुमार अग्रवाल आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



संपादकीय

# उपचुनावों का मांगपत्र

वोटों की मेरिट में तीन उपचुनाव और सियासत के दम पर सत्ता के प्रबंध को कौन नहीं देखना चाहेगा। जनता के लिए चुनाव एक मांगपत्र ही तो है, जहां नेता का प्रत्याशी बनने से लेकर मुद्दों का फरमाइशी बनना भी तसदीक होता है। यूं तो उपचुनाव नालागढ़ व हमीरपुर में भी हैं, लेकिन किश्तियां समुद्र की राह पर देहरा में ही चलेंगी। कल तक टिकट आबंटन पर मातम मना रहे डा. राजेश शर्मा आज अगर भीगी बिल्ली बने हैं, तो चुनाव के मांगपत्र में जीतने का उन्माद भरा है। एक और भीगी बिल्ली रमेश धवाला भी हैं, जो हर चुनाव की बेला में 'आल तू जलाल तू आई बला को टाल तू' सुनाना शुरू कर देते हैं। उपचुनाव की घोषणा मात्र से उनका मांगपत्र किसी गिलहरी की तरह बूटा-बूटा छानने लगता है और फिर भावुक और चाबुक इशारों में टिकट पाने की लालसा टपक पड़ती है। इस बार देहरा उपचुनाव के दो पिंजरे हैं। एक के ऊपर धवाला और दूसरे के ऊपर राजेश शर्मा लिखा है। जाहिर तौर पर भाजपा और कांग्रेस जिंदाबाद के नारों में ये दोनों अपनी-अपनी सल्तनत गंवा कर पिंजरों में बंद हैं। न अब धवाला के लिए कोई जगह है और न ही राजेश शर्मा के लिए राजनीति में कुछ बचा है। यह दीगर है कि सीधे मुकाबले की अंगुलियां अब टेढ़ी होकर घी निकालेंगी। यूं तो वर्षों से धवाला का मांगपत्र यहां टेढ़ा है और उन्हें जब आगे का रास्ता नहीं मिलता, तो जिला बनाने की मांग पर, आंखों में आए आंसू पोंछने लगते हैं। आंसू तो डाक्टर राजेश के भी फरेबी साबित हुए और अचानक आया रोग भी, लेकिन उनका मांगपत्र इस बार देहरा में आकर फट गया। दरअसल डा. राजेश शर्मा पिछले कई सालों 'चुनावी बैचलर' की तरह हर दरगाह को पूज रहे हैं, लेकिन इस दौड़ को अंततः देहरा में आकर विराम लग गया। यह कांग्रेस पार्टी के लिए सबसे अहम समझौता है और डाक्टर के लिए आगे की शरणस्थली भी। बहरहाल देहरा आज 'तेरा कौन' की परिस्थितियों से उबर कर 'देहरा है मेरा' बन रहा है, तो यह हलका अब हल्का नहीं, मुख्यमंत्री का दूसरा घर, उपचुनावों का मायका और सरकार का ससुराल भी है। यहां मुख्यमंत्री की पादुकाएं पहनकर उपचुनाव आया है, इसलिए उम्मीदवार के रूप में कमलेश का नाम प्रतिष्ठित व सत्ता का पूरक है। दरअसल यहां उपचुनाव राजनीति का ऐसा अवार्ड है जो आने वाले वक्त को मुट्ठी में बंद कर सकता है। जिसके आगमन मात्र से दो बड़े आफिस खुशामद कर रहे हैं, वहां विजयी सत्ता का प्रारूप क्या होगा। देहरा अब जिला बनने की कसौटी से दो कदम दूर है, इस लिहाज से प्रचार हुआ तो भाजपा के पल्ले क्या पड़ेगा। यह दीगर है कि जिलों के खेल में प्रेम कुमार धूमल की भी एक बसी बसाई दुनिया रही है और उनके सुपुत्र अनुराग ठाकुर की कमाई में सेंट्रल यूनिवर्सिटी की पूरी जमात यहां आई है, फिर भी कांग्रेस की ओर से यह एक आसान सा मोर्चा बनता हुआ दिखाई दे रहा है। भाजपा के लिए उपचुनावों का मांगपत्र इस बार कुछ थका हुआ एहसास कर रहा है। जाहिर तौर पर हमीरपुर-देहरा में सरकार के पास खुद में शक्तिशाली प्रचार और सामान है, जबकि भाजपा की हथेली पर निर्दलीयों का बोझ और मकसद पर अपनों को सिरदर्दी का मजमून है। उपचुनाव इस बार हस्तियों की छवि और उनके स्वरूप पर हुए तो काफी कुछ कहा और सुना जाएगा। कहीं परिवार हैं, कहीं परिवारवाद है, कहीं जाति है, तो कहीं सत्ता और विपक्ष का समुदाय है। प्रदेश इन उपचुनावों में अपने अनुभव को आजमाने जा रहा है। कोई सत्ता के साथ खड़ा होकर बड़ा होना चाहेगा, तो कोई विरोधी पक्ष में अपना लोकसभा का जोश दोहराना चाहेगा। भले इस बार एक वोट मोदी, एक वोट सुक्खू का नारा न लगे, लेकिन हिमाचल की स्थिर हो चुकी सरकार से कहीं फरियाद भी तो हो सकते हैं ये उपचुनाव।

जनता के लिए चुनाव एक मांगपत्र ही तो है, जहां नेता का प्रत्याशी बनने से लेकर मुद्दों का फरमाइशी बनना भी तसदीक होता है। यूं तो उपचुनाव नालागढ़ व हमीरपुर में भी हैं, लेकिन किश्तियां समुद्र की राह पर देहरा में ही चलेंगी। कल तक टिकट आबंटन पर मातम मना रहे डा. राजेश शर्मा आज अगर भीगी बिल्ली बने हैं, तो चुनाव के मांगपत्र में जीतने का उन्माद भरा है। एक और भीगी बिल्ली रमेश धवाला भी हैं, जो हर चुनाव की बेला में 'आल तू जलाल तू आई बला को टाल तू' सुनाना शुरू कर देते हैं। उपचुनाव की घोषणा मात्र से उनका मांगपत्र किसी गिलहरी की तरह बूटा-बूटा छानने लगता है और फिर भावुक और चाबुक इशारों में टिकट पाने की लालसा टपक पड़ती है। इस बार देहरा उपचुनाव के दो पिंजरे हैं। एक के ऊपर धवाला और दूसरे के ऊपर राजेश शर्मा लिखा है। जाहिर तौर पर भाजपा और कांग्रेस जिंदाबाद के नारों में ये दोनों अपनी-अपनी सल्तनत गंवा कर पिंजरों में बंद हैं। न अब धवाला के लिए कोई जगह है और न ही राजेश शर्मा के लिए राजनीति में कुछ बचा है। यह दीगर है कि सीधे मुकाबले की अंगुलियां अब टेढ़ी होकर घी निकालेंगी। यूं तो वर्षों से धवाला का मांगपत्र यहां टेढ़ा है और उन्हें जब आगे का रास्ता नहीं मिलता, तो जिला बनाने की मांग पर, आंखों में आए आंसू पोंछने लगते हैं।

### अगले पांच वर्षों के दौरान विकास और इक्विटी रिटर्न प्रभावित होगी

# सेंसेक्स और आर्थिक अहमियत की ऊंचाई

डा. जयंतीलाल भंडारी

इन दिनों प्रकाशित हो रही दुनिया की प्रमुख क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों और आर्थिक संगठनों की रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नई गठबंधन सरकार के द्वारा आर्थिक नीतियों, आर्थिक सुधारों और विकास की डगर पर तेजी से आगे बढ़ने के रणनीतिक कदमों से भारत की विकास दर में वृद्धि, शेयर बाजार की नई ऊंचाई तथा वैश्विक परिदृश्य पर भारत की आर्थिक अहमियत बढ़ते हुए दिखाई दे रही है। जहां एक ओर हाल ही में 18 जून को वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसी फिच ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत के विकास दर अनुमान को 7 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत कर दिया है और 20 जून को बीएसई सेंसेक्स 77479 अंकों की सर्वकालिक नई ऊंचाई पर बंद हुआ है और अब कुछ घट-बढ़ के साथ शेयर बाजार की अच्छी संभावनाएं बनी हुई हैं, वहीं दूसरी ओर पिछले दिनों 13 से 15 जून के बीच इटली में आयोजित जी-7 के शिखर सम्मेलन में विशेष रूप से आमंत्रित भारत की प्रभावी अहमियत दिखाई दी है और यूरोपीय देशों ने भारत को प्राथमिकता दिए जाने के संकेत दिए हैं। गौरतलब है कि क्रेडिट रेटिंग एजेंसी मूडीज ने भी भारत के शेयर बाजार और भारत की विकास दर के बढ़ते नए अनुमान प्रस्तुत किए हैं। कहा गया है कि बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए की जीत का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि नीतिगत सुधार जारी रहेंगे। इससे अगले पांच वर्षों के दौरान विकास और इक्विटी रिटर्न प्रभावित होगी। रेटिंग एजेंसी का मानना है कि सरकार महंगाई की आक्रामकता पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेगी। मूडीज ने अगले एक वर्ष में भारतीय शेयर बाजारों का प्रदर्शन सकारात्मक रहने का अनुमान जताया है और कहा है कि अगले 12 महीनों के दौरान बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स 82 हजार के स्तर के पार जा सकता है और इसमें मौजूदा स्तर से 14 प्रतिशत की वृद्धि होगी। इन सबके साथ-साथ रिपोर्ट में आने वाले दिनों में और अधिक संरचनात्मक सुधारों की उम्मीद की गई है। कहा गया है कि 2025-26 तक आय वृद्धि पूर्वानुमान के साथ कंपनियां बेहतर प्रदर्शन करेंगी, जो आम सहमति से 500 आधार अंक या पांच प्रतिशत अधिक है। इतना ही नहीं, दुनिया में अगला दशक भारत का होगा। वैश्विक वृद्धि में भारत की भागीदारी करीब 20 प्रतिशत होगी। दुनिया भर में भारत की सेवाओं और वस्तुओं की बढ़ती मांग से इसमें मदद मिलेगी। इससे भारत में मैन्युफैक्चरिंग में



वृद्धि होगी। साथ ही देश के उन्नत डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा मिलेगा। उल्लेखनीय है कि भारतीय शेयर बाजार की ऊंचाई का लाभप्रद नया रिकॉर्ड बना है। जहां भारत के प्रमुख स्टॉक एक्सचेंज बीएसई में सूचीबद्ध सभी कंपनियों का बाजार पूंजीकरण अब बढ़कर 5.21 ट्रिलियन डॉलर हो गया है, वहीं हांगकांग के शेयर बाजार का पूंजीकरण घटकर 5.17 ट्रिलियन डॉलर रह गया है। ऐसे में भारत ने बाजार पूंजीकरण के मामले में हांगकांग को एक बार फिर पछाड़ दिया है और दुनिया का चौथा सबसे बड़ा शेयर बाजार बन गया है। स्थिति यह है कि देश की नई सरकार से देश और दुनिया में विकास व सुधारों की उम्मीद बढ़ी है। पिछले दिनों दुनिया की प्रसिद्ध क्रेडिट रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ने भारत की मजबूत आर्थिक वृद्धि, तेज आर्थिक सुधार और बढ़ती राजकोषीय मजबूती के मद्देनजर भारत की रेटिंग को स्थिर यानी स्टेबल से बदलकर पॉजिटिव कर दिया है। रेटिंग एजेंसी का कहना है कि पिछले तीन साल में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की औसत वास्तविक वृद्धि दर 8.1 फीसदी सालाना रही है और अब यह विकास दर अगले तीन साल में लगातार 7 फीसदी के करीब होगी। निश्चित रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नई एनडीए गठबंधन सरकार की वैश्विक आर्थिक अहमियत पिछले दिनों 13 से 15 जून के बीच एक बार फिर दुनिया के सात प्रमुख विकसित देशों के समूह जी-7 के शिखर सम्मेलन में दिखाई दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इटली में आयोजित जी-7 देशों की 50वीं शिखर बैठक में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया गया। भारत उन 12 देशों और पांच संगठनों में शामिल था जिन्हें इटली में जी-7 कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया था। मोदी के तीसरे कार्यकाल की शुरुआत में जी-7 बैठक एक बेहतर वैश्विक मंच साबित हुई है। इस सम्मेलन के दौरान मोदी ने कई प्रभावी बातें कहीं। उन्होंने तकनीकी क्षेत्र में एकाधिकार खत्म करने की भी मांग की, साथ ही हरित युग को अपनाने की अपील की है। इस मौके पर उन्होंने दुनिया के प्रमुख नेताओं से जो द्विपक्षीय बातचीत की, उसके भी अच्छे परिणाम दिखे हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदीमिर जेलेंस्की के साथ मुलाकात करके मोदी ने कहा कि यूक्रेन के द्वारा रूस के साथ युद्ध को बातचीत और कूटनीति के जरिए हल करना ही बेहतर है। इस सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इटली, फ्रांस, जापान और इंग्लैंड के राष्ट्र प्रमुखों से द्विपक्षीय वार्ताएं भी की। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि भारत के लिए सबसे ठोस लाभ जी-7 की उस प्रतिबद्धता से उपजा, जिसमें कहा गया कि भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) को बढ़ावा दिया जाएगा। इस गलियारे के निर्माण की घोषणा गत वर्ष भारत में जी-20 शिखर बैठक के समय की गई थी। जी-7 सम्मेलन में कहा गया है कि खास तौर पर आईएमईसी को मूर्तरूप देने के लिए समन्वय और वित्तपोषण पर जोर दिया जाएगा। ज्ञातव्य है कि भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमईसी) परियोजना के तहत सऊदी अरब, भारत, अमेरिका और यूरोप के बीच एक विशाल सड़क, रेलमार्ग और पोत परिवहन तंत्र की परिकल्पना की गई है, ताकि एशिया, पश्चिम एशिया और पश्चिम के बीच जुड़ाव सुनिश्चित किया जा सके। आईएमईसी को समान विचारधारा वाले देशों ने चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) के समक्ष रणनीतिक प्रभाव हासिल करने की पहल के रूप में पेश किया है। यह बात महत्वपूर्ण है कि जी-7 शिखर सम्मेलन में भारत की बढ़ी अहमियत से चीन के प्रति बढ़ती नकारात्मकता के मद्देनजर भारत नए वैश्विक आपूर्तिकर्ता देश के रूप में और अधिक उभरकर सामने आएगा। अब नई गठबंधन सरकार निर्यात बढ़ाने और विदेशी निवेशकों को आकर्षित करने की अच्छी संभावनाएं रखती है। निश्चित रूप से इस समय घटते हुए वैश्विक निर्यात और घटते हुए वैश्विक व्यापार के बीच भारत से माल एवं सेवाओं का कुल निर्यात पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 में उच्चतम रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचते हुए 776.68 अरब डॉलर रहा है।

वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत के विकास दर अनुमान को 7 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत कर दिया है और 20 जून को बीएसई सेंसेक्स 77479 अंकों की सर्वकालिक नई ऊंचाई पर बंद हुआ है और अब कुछ घट-बढ़ के साथ शेयर बाजार की अच्छी संभावनाएं बनी हुई हैं, वहीं दूसरी ओर पिछले दिनों 13 से 15 जून के बीच इटली में आयोजित जी-7 के शिखर सम्मेलन में विशेष रूप से आमंत्रित भारत की प्रभावी अहमियत दिखाई दी है और यूरोपीय देशों ने भारत को प्राथमिकता दिए जाने के संकेत दिए हैं। गौरतलब है कि क्रेडिट रेटिंग एजेंसी मूडीज ने भी भारत के शेयर बाजार और भारत की विकास दर के बढ़ते नए अनुमान प्रस्तुत किए हैं।

दृष्टि कोण

# वन विभाग को व्यापक रणनीति की जरूरत

वनाग्नि विश्वव्यापी समस्या है। दुनिया के कई हिस्सों में भीषण आग लगने से धरती पर जंगलों को भारी नुकसान हो रहा है। वनाग्नि के पीछे जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग को भी एक बड़ा कारण माना जा रहा है। पर्यावरण दिवस के अवसर पर जंगलों में लगी आग के विषय पर भी विश्व स्तर पर चर्चा होनी चाहिए तथा विश्व वन सुरक्षा दिवस मनाना चाहिए। भारत में हिमाचल, नागालैंड, मणिपुर सीमा, मध्य ओडीसा, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, दक्षिणी छत्तीसगढ़, पश्चिम महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के जंगली क्षेत्रों में आग का सबसे ज्यादा खतरा बना रहता है। भारत में 36 प्रतिशत जंगलों में बार-बार आग लगती है। चार प्रतिशत जंगल ऐसे हैं जो गंभीर रूप से आग लगने वाले हैं। हर वर्ष गर्मी का मौसम शुरू होते ही हिमाचल प्रदेश के जंगलों में आग लगने का सिलसिला शुरू हो जाता है। इस वर्ष शुष्क मौसम एवं कम बारिश होने के कारण वनाग्नि की ज्यादा घटनाएं हो रही हैं। हिमाचल प्रदेश का 27,73 प्रतिशत भूभाग वन क्षेत्र में है जिसमें 2769.62 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में चीड़ के वन हैं। ये चीड़ के वन आग के लिए ज्यादा संवेदनशील होते हैं। हिमाचल में कुल 2026 वन बीट हैं, इनमें से 339 अति संवेदनशील, 667 संवेदनशील तथा शेष 1020 कम संवेदनशील हैं। इस वर्ष वनाग्नि के सीजन में मंडी, धर्मशाला, हमीरपुर, नाहन, सोलन, बिलासपुर, शिमला, चम्बा, रामपुर, कुल्लू वृत्त, सिरमौर के पच्छाद, नैना टिक्कर के वन क्षेत्र प्रभावित हुए हैं। चौपाल के नेरवा में एक व्यक्ति के खिलाफ थाने में धारा 285 के तहत मामला दर्ज किया गया। वह बार-बार जंगल में आग लगा रहा था। सोलन के डगशाई के जंगलों में लगी आग से कई हेक्टेयर वन जमीन में आग लगी। डलहौजी के जंगलों में लगी आग की चपेट में सरकारी दफ्तर भी आ गया। आग बुझाने के लिए वायु सेना की मदद ली गई। हिमाचल में इस वर्ष 12 जून तक 1767 वनाग्नि के मामले हुए और 18530 हेक्टेयर वन संपदा राख हुई। वन्य प्राणियों का कोई लेखा-जोखा वन विभाग ने प्रकाशित नहीं किया। कई जगह तो घरों, बागीचों, स्कूलों तथा सरकारी दफ्तर आदि को भी वनाग्नि से काफी नुकसान पहुंचा है। सबसे ज्यादा आग की घटनाओं से प्रभावित धर्मशाला, मंडी और हमीरपुर सर्कल हैं, क्योंकि यहां चीड़ के जंगल हैं। हिमाचल के वनों में लगी आग से ऐसा लगता है कि वन विभाग ने कोई कारगर योजना वनाग्नि से निपटने के लिए नहीं बनाई है। वन विभाग 1767 वनाग्नि की घटनाओं के बावजूद अभी भी वनाग्नि को बुझाने के लिए बारिश के इंतजार में है। वनाग्नि को रोकने के लिए वन विभाग के पास बजट की कमी है। दूसरी तरफ सरकार पर्यावरण दिवस तथा वन महोत्सव मनाने के लिए लाखों रुपए खर्च करती है। वन विभाग को वनाग्नि से निपटने के लिए कारगर योजना बनाकर इसका कार्यान्वयन करना चाहिए ताकि महत्वपूर्ण ईकोसिस्टम को बचाया जा सके। हिमाचल सरकार को इस ओर ज्यादा ध्यान देने की आवश्यकता है क्योंकि हिमाचल में पर्यटन प्राकृतिक सुंदरता एवं पर्यावरण पर निर्भर करता है। साधारणतया वनाग्नि के मुख्य कारण हैं : प्राकृतिक रूप से बिजली गिरना, कोयले जलने की वजह, बीड़ी-सिगरेट पीने वालों की भूल तथा जानबूझकर जंगलों को आग लगाना आदि। ज्यादा गर्मी और शुष्क मौसम के कारण भी वनों में आग लग रही है। वनाग्नि का एक और कारण है, सरकारी एवं वन विभाग की जमीन जिसकी सीमा वनों के साथ लगती है। इस जमीन पर लोगों ने अवैध कब्जे किए हैं। न्यायालयों ने अवैध कब्जे हटाने के आदेश दिए हैं परंतु सरकार और वन विभाग ये जमीनें वापस नहीं ले पा रहे हैं। ये अवैध कब्जाधारी ही इस जमीन पर घास/झाडियां आदि जलाने के लिए आग लगाते हैं, ताकि बरसात में घास अधिक हो। यही आग साथ लगते जंगलों में फैल जाती है। कई बार ये लोग साथ लगते वनों में जानबूझकर आग को लगाते हैं। 95 प्रतिशत से अधिक जंगल की आग जानबूझकर एवं इनसानी लापरवाही के कारण लगती है। जंगल की आग विभिन्न तरह से प्रभावित करती है जैसे, अर्थव्यवस्था को प्रभावित करना, मिट्टी कटाव का खतरा बढ़ जाना, वातावरण को प्रदूषित करना, स्वास्थ्य सम्बन्धित स्मस्याएं, पेड़ों के नुकसान से जलवायु परिस्थितियां बाधित होना, बहुत से जंगली जानवरों का बच्चे देने का सीजन भी प्रभावित होता है। कई जानवरों की मौत कुछ जानवरों का शहर की तरफ भागना, वनस्पति तथा जीवों का नष्ट होना, मिट्टी की गुणवत्ता पर विपरीत प्रभाव पडना, आग से जंगलों में बीज बैंक को क्षति पहुंचती है तथा अंकुर और पौधे नष्ट हो जाते हैं। जंगली आग जानवरों के प्रजनन जोड़े की अखंडता को लंबे समय के लिए प्रभावित करती है।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति ने बरका सयाल जीएम कार्यालय में दिया धरना

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** सोमवार को झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति इकाई रामगढ़ के द्वारा आर ए माइनिंग बरका सयाल मे कार्यरत मजदूरों को काम से निकाल दिया था। उन्हीं के समस्या यानी पुन~ नियोजन को लेकर एक दिवसीय शांति पूर्ण धरना प्रदर्शन महाप्रबंधक कार्यालय बरका सयाल समक्ष रखी गई है । इस बैठक की अध्यक्षता गिरी शंकर महतो तथा संचलन संजीव साहू ने किया द्य इस धरना प्रदर्शन के माध्यम से कहा कि बीते 26 जनवरी को आर ए माइनिंग कंपनी मे कार्यरत मजदूरों के द्वारा दिन कार्य के बदले दोगुनी कार्य मजदूरी की मांग कर रहे थे लेकिन सीसीएल परियोजना पदाधिकारी कैंप पहुंचकर इन मजदूरों के साथ अमान्य व्यवहार,



अभद्र व्यवहार ,गाली गलौज कर काम से निष्कासित कर दिया तथा कुछ मजदूरों को ट्रांसफर बोलकर कम से बैठा दिया गया द्य पीड़ित मजदूर अपनी पुन~ नियोजन को लेकर सभी जगह पर अपनी गुहार लगाई लेकिन कहीं पर सकारात्मक पहल नहीं हो पाया द्य अंत में झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति रामगढ़ के द्वारा इस समस्या को संज्ञान में लेते हुए महा प्रबंधक कार्यालय बड़का सयाल के समक्ष एक दिवसीय शांति पूर्ण धरना प्रदर्शन किया गया। इस धरना प्रदर्शन में कहा गया कि इस धरना प्रदर्शन से अगर मजदूरों की समस्या का समाधान नहीं होता है तो झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी द्य भूख हड़ताल का भी रूपरेखा तैयार की जायेगी द्य इस धरना प्रदर्शन मे मुख्य रूप से राजेंद्र बेदिया, लीला वती महतो,शुभान अंसारी, गिरी शंकर महतो, जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो, संजीव साहू, प्रभु दयाल महतो, मनोरंजन महतो,रविंद्र महतो, पंकज यादव, सुशील महतो,नेमी महतो, बाबू लाल महतो, दीपेंद्र महतो, बिनोद महतो,परसु राम डांगी, विकाश नायक, आर्यन तोप्पो, कुलदीप महतो, दिलीप बेदिया, अजीत महतो, आनंद कु गन्झु, पन्नू गन्झु, अब्दुल राउफ, प्रयाग कुमार, विद्युत करमाली, राज कुमार महतो, द्वारिका महतो, एजाजूल अंसारी, हीरा लाल महतो, हसन अंसारी, मुख लाल महतो, मंजर अंसारी , लक्ष्मण महतो , आशा देवी, रीना देवी, गौरी देवी, नितु देवी, गीता देवी,समेत हज़ारों लोग उपस्थित थे ।

### विधायक ने कुंदरु कला विद्यालय में किचन सेड व स्टोर रूम का किया उद्घाटन

## शिक्षक विद्यालय मे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर विशेष ध्यान दें : विधायक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रजरप्पा :** रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत कुंदरु कला पंचायत के राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय में मुख्य अतिथि रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी के द्वारा विद्यालय परिसर में नवनिर्मित किचन सेड व स्टोर रूम का सिलपत अनावरण कर विधिवत रूप से उद्घाटन किया, डीएमएफटी फंड से सेड का निर्माण किया गया इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं द्वारा विधायक सुनीता को माला पहनाकर एवं बुके देकर भव्य रूप से स्वागत किया इस दौरान विद्यालय के नन्हे मुन्ने छात्र-छात्राओं द्वारा गीत और नृत्य प्रस्तुत कर स्वागत किया गया,मौके पर उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं की उपस्थिति शत प्रतिशत विद्यालय में नियमित हो, तथा गुणवत्ता पूर्ण पठन पाठन पर सभी शिक्षक विशेष ध्यान दे, कक्षा 1 से लेकर उच्च विद्यालय तक बच्चों का उज्जवल भविष्य बनाने में शिक्षक शिक्षिकाओं की अहम भूमिका होती है, इस मौके पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सुलोचना कुमारी पंचायत के मुखिया किसुन राम मुंडा, उप



मुखिया मोहराय महतो, प्रधानाध्यापक विधायक रुचि बरहपूरिया,बारलोंग मुखिया रेखा देवी, प्रबंधन समिति अध्यक्ष अंसार अंसारी, शिक्षक स्वीकृति खलखो, ओहमती पूनम टोप्पो, बैजनाथ शर्मा, आदित्य पांडेय, उत्पल मुर्मू, प्रकाश महतो, सतीश श्रीवास्तव, गीता देवी, उर्मिला देवी डलेश्वरी देवी, नागेश्वर रविदास, गीता देवी ,बसंत नारायण राम,उमेश रवि के अलावे छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## कुंटू बाबू अपने माता पिता के पुण्यतिथि पर पहुंचे डिवाइन ओंकार मिशन

**रामगढ :** सोमवार को अपने माता पिता की पुण्यतिथि भाजपा नेता सह पूर्व विधानसभा प्रत्यासी रणंजय कुमार उर्फ कुंटू अपने पूरे परिवार के साथ डिवाइन ओंकार मिशन जाकर हजारों अनाथ और बेसहारा बच्चों से मिले साथ हीं सभी को भोजन करवाकर उनके बीच पठन पाठन की सामग्री बांटी।इस अवसर पर कुंटू बाबू ने कहा की ये एक संयोग ही है की 1 जुलाई 2020 को मेरी माताजी के परलोक गमन के बाद ठीक उसी दिन एक वर्ष बाद 1 जुलाई 2021 को मेरे पिताजी का भी स्वर्गवास हुआ। और हमेशा की तरह इस वर्ष भी उनकी पुण्यतिथि पर हम पूरे परिवार के साथ यहां आकर गरीब और बेसहारा बच्चों को भोजन करवाकर उनके बीच मिठाई और पढ़ने की सामग्रियों का वितरण किया।

## रेलीगड़ा कोलयरी के मजदूरों ने जयराम बेदिया को अंग वस्त्र देकर दी विदाई

**गिद्दी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रेलीगड़ा परियोजना के रेस्ट हाउस में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मासस के वरिष्ठ नेता मिथिलेश सिंह विशिष्ट अतिथि परियोजना के पदाधिकारी के एन सिंह खान प्रबंधक कैलाश कुमार की उपस्थिति थे। कार्यक्रम का संचालन यूनियन के नेता प्रदीप रजक ने किया। उपस्थित अतिथियों ने सर्वप्रथम जयराम बेड़िया जी को पुष्पगुच्छ एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर परियोजना पदाधिकारी ए एन सिंह ने कहा कि जयराम बेदिया अपने कार्य कुशलता से के कारण कभी भी शिकायत का मौका हम लोगों को नहीं दिया और कॉल इंडिया में लगभग 35 वर्षों का सेवा में रहते हुए हमेशा अपने कार्य के प्रति ईमानदारी पूर्व के कार्य किया में इस विदाई के घड़ी में इतना कहूंगा कि जितना समय कॉल इंडिया में इन्होंने दिया इस तरह अपने पूरे परिवार के साथ हंसी खुशी जीवन पूरे परिवार के साथ बिताएंगे और कंपनी के तरफ से जो राशि आपको मिलेगी उसे सही तरीके से इस्तेमाल करें ताकि रिटायरमेंट के बाद अपने परिवार के सारे जरूरत को अपने हिसाब से खर्च करें। कार्यक्रम में आर पाटिल, विक्रत राय, एमके जसवाल,सुभाष यादव,संजीव सोय,धनेश्वर तुरी, सुशील सिन्हा,जगदीश चंद्र बेदिया, सीएस वर्मा,बिरजा बेदिया,संतोष राम, लालचंद,भुनेश्वर मिस्त्री,राधे, देनारायण मिस्त्री,प्रविल, आदि सैकड़ो की संख्या में मजदूर उपस्थित थे।



## आदर्श विवाह कर बीससूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने पेश की मिशाल, कहां आपसी प्रेम ही संबंध की बुनियाद

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुलमी बीससूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश पिता सोहराय महतो चाचा मोहराय महतो बीते रात्रि विवाह बंधन में बंध गए। उन्होंने रांची जिला तमाड़ निवासी जयराम महतो की पुत्री सुमीता कुमारी से विवाह किया। इस दौरान सुधीर मंगलेश ने बताया कि उन्होंने विवाह के दौरान कोई दहेज़ नही लिया और आदर्श विवाह किया है। उन्होंने बताया कि वह शुरु से दहेज प्रथा का बहिष्कार करते आ रहे है। इस कुप्रथा के रिवाज को तोड़ना चाहते थे। जिसकी शुरुआत उन्होंने अपने विवाह से किया है। सुधीर ने बताया कि विवाह बंधन दो परिवार के जुड़ने और आपसी प्रेस से पूरा होता है। जिसे मैं बखूभी निभाने का कार्य करूंगा। साथ ही उन्होंने सभी से आदर्श विवाह करने की भी अपील की। ताकि आदर्श विवाह को बढ़ावा मिल सके और कोई बेटी का पिता अपनी बेटी की शादी को लेकर कर्जदार न हो। साथ ही विवाह उत्सव के दौरान उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश देते हुए विवाह को यादगार बनाने के लिए दस पौधा लगाने का भी निर्णय लिया। इस आदर्श विवाह करने पर जोड़े को सभी ने शुभकामनाएं भी दी।चाचा मोहराय महतो अमित कुमार उतम कुमार बबलू कुमार शुभम कुमार लक्ष्मी महतो रोहित महतो देवेन्द्र कुमार अजय कुमार सुमित कुमार आदि थे ।



## मारवाड़ी महिला समिति ने किया डॉक्टरों का सम्मान

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले की अग्रणी सेवाभावी संस्था, मारवाड़ी महिला समिति की तरफ से अध्यक्षा निशा जैन एवं कोषाध्यक्ष प्रिया अग्रवाल द्वारा शहर के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. शरद जैन एवं डॉ. सौम्या जैन को उनके चिकित्सालय पर जाकर डॉक्टर दिवस के अवसर पर सम्मानित किया। डॉ. जैन ने अपने कैरियर में कई महत्वपूर्ण चिकित्सा उपलब्धियाँ हासिल की हैं और समाज की सेवा में अपना अहम योगदान दिया है। कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए समिति की अध्यक्षा निशा जैन ने बताया कि हमारे समाज में डॉक्टर्स के दर्जा भगवान के बाद दूसरे स्थान पर आता है क्योंकि वो डॉक्टर्स ही होते है जो अपनी सेवा भावना से मरीजों को नवजीवन प्रदान करते है। इसलिए आज डॉक्टर डे के अवसर पर डॉक्टरों को सम्मानित करना हम सबका परम कर्तव्य हो जाता है। कार्यक्रम के दौरान, डॉ. जैन ने समिति की सदस्याओं के साथ, अपनी चिकित्सा यात्रा और अनुभवों को साझा किया।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




**राज्य के श्रम एवं उद्योग मंत्री सत्यानंद भोक्ता पहुंचे कुन्दा**

## विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का स्वीकृति पत्र समेत करोड़ों की परिसंपत्तियों का किया वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा :** सोमवार को राज्य के श्रम एवं उद्योग मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कुन्दा पहुंच कर प्रखण्ड कार्यलय सभा कक्ष में कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में चल रहे विकासीय योजनाओं की जानकारी लेने के साथ-साथ पदाधिकारी को कई आवश्यक निर्देश दिया। वही अबुआ आवास, अंबेडकर आवास, पेंशन समेत कई जनकल्याणकारी योजनाओं की परिसंपत्तियों का वितरण किया, इसके साथ ही उन्होंने स्कूली छात्रों के बीच साईकिल का वितरण समेत जेएसएलपीएस के माध्यम से करोड़ो रुपये के परीसंपत्तियों का वितरण किया।वही उन्होंने कहा कि राज्य में निवास करने वाले सभी 21 वर्ष से 50 वर्ष के महिलाओं को भी राज्य सरकार पेंशन के रूप में एक हजार रुपये की राशी देगी। प्रखंड कार्यालय सभाकक्ष में कार्यक्रम संपन्न होने के उपरांत मंत्री ने प्रखंड क्षेत्र के सुदुरवर्ती गाँव गेन्द्रा मे एक कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान जिला अध्यक्ष नवल किशोर यादव, प्रखंड विकास पदाधिकारी विवेक कुमार, अंचलधिकारी शंभु राम, मंत्री प्रतिनिधि अजय राम, मंत्री प्रतिनिधि विनोद सिंह, प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि जयराम भारती, प्रखंड अध्यक्ष बैजनाथ यादव समेत कई गणमान्य उपस्थित थे।

## चतरा महाविद्यालय में सात दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** चतरा महाविद्यालय चतरा में सप्त दिवसीय दौड़ में 2 सौ मीटर दौड़, 4 सौ मीटर दौड़, स्लो साइकिल रेस, रस्सा-कस्सी, वाद विवाद प्रतियोगिता (कृत्रिम बुद्धिमता, आधुनिक युग में शिक्षा का महत्व) रंगोली प्रतियोगिता के अलावे सांस्कृतिक कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ महाविद्यालय का 64 वाँ स्थापना दिवस मनाया गया। जहां मुख्य अतिथि के तौर पर विनोबा भावे विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर-कम डीएसडब्ल्यू प्रोफ़ेसर डॉ. मिथिलेश कुमार सिंह ने कहा की चतरा महाविद्याला ने पुरे क्षेत्र में अशिक्षा के अंधकार को दूर करके शिक्षा के प्रकाश को फैलाया है। मैं भी इसी महाविद्यालय का छात्र रहा हूं। आगे उन्होंने महाविद्याल के छात्रों के बेहतर भविष्य के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। वही चतरा महाविद्यालय चतरा के वर्तमान प्रचार्य डॉक्टर मुकेश कुमार झा ने वार्षिक रिपोर्ट के साथ स्वागत संबोधन किया एवम् कहा कि इस महाविद्यालय ने अभी तक एक से एक अद्वितीय वैज्ञानिक ,डॉक्टर जैसे प्रतिभाओं को गढ़ा है।जिनमें से कुछ इसरो तथा भारत सरकार के मुख्य प्रतिष्ठानों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। विशिष्ट अतिथि के तौर पर चतरा महाविद्यालय चतरा के पूर्व प्रचार्य डॉक्टर आरपीराय, प्रो.पीके द्विवेदी तथा विनोबा भावे विश्वविद्यालय इतिहास विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रदीप कुमार प्रधान संत कोलंबा महाविद्यालय के प्रो. दीप्ति तिर्की पहुंचे थे।

## जिला नियोजन पदाधिकारी ने एनटीपीसी के कॉन्ट्रेक्ट्रो के साथ की बैठक



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एनटीपीसी टण्डवा में एनटीपीसी के कॉन्ट्रेक्ट्रो के साथ झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र के स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 के अनुपालन संबंधी समीक्षा बैठक अनुमण्डल पदाधिकारी सिमरिया के निर्देशानुसार जिला नियोजन पदाधिकारी द्वारा की गई। उक्त जानकारी नियोजन पदाधिकारी द्वारा दी गई। बैठक में उपस्थित कांट्रैक्टर को इस अधिनियम के अनुपालन हेतु झार नियोजन पोर्टल पर रिक्तियों, त्रैमासिक रिपोर्ट एवं कार्यरत मानव बल के विवरण अपलोड करने का निदेश दिए गए। जिला नियोजन पदाधिकारी द्वारा इन कांट्रैक्टर द्वारा जनवरी 2024 से अब तक बहाल किए गए कर्मियों की विवरणी एक सप्ताह के अंदर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। उल्लेखनीय है कि झारखण्ड में 12 सितम्बर 2022 से झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र के स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 प्रभावी हो गया है। इस अधिनियम के लागू होने के बाद से 10 या 10 से अधिक मानव बल वाले सभी तरह के नियोजकों की 40,000/ से कम मासिक वेतन/पारिश्रमिक वाले पदों की 75 प्रतिशित रिक्तियों के विरुद्ध स्थानीय उम्मीदवारों को बहाल किया जाना अनिवार्य बनाया गया है। जिला नियोजनालय चतरा द्वारा दिनांक 19.07.2024 को टण्डवा प्रखण्ड परिसर में रोजगार मेले का आयोजन किया जाना है। जिसमें कांट्रैक्टरों को अपनी रिक्तियों के साथ भाग लेने का निर्देश दिया गया। अधिनियम का सही से अनुपालन नहीं करनेवाले नियोजकों के विरूद्ध अधिनियम के प्रावधानों के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## पीएम श्री विद्यालय के तहत कुल 14 विद्यालयों के 70 प्रधानाध्यापकों और शिक्षकों का पांच दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण शुरु



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत पूरे भारत में 14500 विद्यालयों को पीएम श्री विद्यालय के रूप में चिन्हित करने के क्रम में चतरा जिले से चिन्हित 14 स्कूलों जिसमें उत्क्रमित उच्च विद्यालय मोक्तमा, मध्यविद्यालय दिवानखाना, मध्य विद्यालय गिद्धौर, उत्क्रमित उच्च विद्यालय तेतरिया, मध्य विद्यालय इटखोरी, उत्क्रमित उच्च विद्यालय टोनाटांड,उत्क्रमित मध्य विद्यालय राजपुर, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय साहपुर,उत्क्रमित उच्च विद्यालय लावालौंग, उत्क्रमित मध्य विद्यालय हुसिया, उत्क्रमित मध्य विद्यालय नोंगांव, उत्क्रमित उच्च विद्यालय जोगियारा, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय सिमरिया, उत्क्रमित उच्च विद्यालय खदैया के कुल 70 प्रधानाध्यापकों और शिक्षकों का पांच दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण झारखंड शिक्षा परियोजना चतरा के द्वारा आज दिनांक 1 जुलाई 2024 को उत्सव पैलेस चतरा में आयोजित किया गया।प्रशिक्षण का शुभारंभ जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बड़ाइक द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। जिला शिक्षा अधीक्षक चतरा ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए शुभकामनाएं दी और मन से प्रशिक्षण प्राप्त करने की सलाह दी। एडीपीओ मनोज सिंह के द्वारा प्रशिक्षण में पीएम श्री स्कूलों को मिलने वाले विभिन्न प्रकार के भौतिक सुविधाओं इंफ्रास्ट्रक्चर आदि पर चर्चा किया गया । प्रशिक्षकों के द्वारा इन स्कूलों के 6 पिलर्स पर भी विस्तार से चर्चा किया गया। पीएम श्री योजना का उद्देश्य विद्यालयों में भौतिक और शैक्षणिक संसाधनों के अतिरिक्त विद्यालय के प्रति बच्चों और अभिभावकों का रुझान पैदा करना गुणवत्त शिक्षा सभी बच्चों को प्राप्त हो साथ ही नई शिक्षा नीति के सभी आयामों को लागू करना है। शिक्षा को रोचक बनाना विद्यालय परिसर में शिक्षा का बेहतर माहौल पैदा करना शिक्षको द्वारा शिक्षण कार्य में रुचि लेते हुए बच्चो को गुणवत्त शिक्षा प्रदान करना।प्रशिक्षण में प्रशिक्षक के रूप में एजाजुल हक, मनीष रंजन,हीरा लाल साहा, ज्योति सिंह तथा पीरामल फाउंडेशन से प्रेरणा ने प्रमुख भूमिका निभाई।

## पूर्व सांसद सुनील कुमार सिंह का नाम शिलापट्ट में आज भी अंकित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** चतरा कॉलेज चतरा के समीप एक शिलापट्ट पर 16 मार्च 2023 को सुसंपन्न यात्री सेड निर्माण कार्य का शिलान्यास के रूप में उनका नाम दर्ज अंकित किया गया है। परंतु यह शेड का निर्माण कार्य एक सप्ताह से प्रारंभ है। इस तरह के मामले को लेकर राजनीतिक गलियारों में भुचाल और हलचल सी मच गई है। वहीं इस तरह लगाए गए शिलापट्ट पर कई तरह का सवाल खड़ा कर रहे हैं। लोगों में चर्चा का विषय है की आखिर कौन लोग हैं जो पूर्व सांसद को आज भी खुश करने के लिए नए सांसद छोड़ पुराने सांसद का शिलापट्ट लगा रहे हैं। मामले को लेकर कार्यपालक अभियंता से पूछे जाने पर उन्होंने बताया की कुछ गड़बड़ी हुई होगी तो मैं संवेदक का भुगतान पर रोक लगा दूंगा। आपको बता दें की आज पूरे झारखंड राज्य के सभी कार्यालयों से पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का फोटो लगा उतार कर वर्तमान मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन का तस्वीर लगाया गया है। वहीं दूसरी ओर पूर्व सांसद सुनील सिंह का तस्वीर लगाए जाने के वजह से चर्चा का विषय बना हुआ। क्या कहते हैं संवेदक रवींद्र कुमार शर्मा मुझे यह कार्य सांसद सुनील कुमार सिंह के प्रयास से दिया गया है। इसलिए मैं उनका ही तस्वीर लगाएंगे। जिनको जो समझना है वे समझे मुझे कोई दिक्कत व परेशानी नहीं है। वही सांसद कालीचरण सिंह के द्वारा भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के वजह छोटे छोटे स्वेंदको में काफी खुशी है। शेड निर्माण प्रकरण में सांसद काली चरण सिंह से पूछे जाने पर वे कुछ भी प्रतिक्रिया देने से परहेज कर रहे हैं।

## सहायक अध्यापकों ने निकाला मशाल जुलूस, वेतनमान समेत कई मांगो को लेकर करेंगे आंदोलन



**कुन्दा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार देर शाम सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा कुन्दा की प्रखण्ड इकाई ने वेतनमाँग समेत अपनी कई मांगो को लेकर मशाल जुलूस निकाला। इस दौरान सहायक अध्यापक संघ ने कहा की झारखंड सरकार सहायक अध्यापको को तीन माह के अंदर वेतनमान सहित सभी मांगों को पूरा करने का वादा किया था। परंतु सोरेन सरकार का कार्यकाल पूरा समाप्त होने वाला है उसके बावजूद भी मांग अब तक पूरा नहीं हुआ है, माँग पूरा नहीं होने के कारण सहायक अध्यापक काफी रोष में है। अध्यापकों ने मसाल जुलूस निकालकर अपनी मांगों को पूरा करने के लिए सरकार से एक बार पुनः अनुरोध किया है।वही आगे उन्होंने काहा की यदी हमारी मांगों पर ससमय विचार नहीं किया जाएगा तो बाध्य होकर आंदोलन करने को विवश होंगे। जिसकी सारी जवाबदेही वर्तमान झारखंड सोरेन सरकार की होगी। मौके पर कुन्दा प्रखण्ड इकाई के सहायक अध्यापक संघ प्रखण्ड अध्यक्ष रणधीर सिंग समेत कई अन्य सहायक अध्यापक उपस्थित थे।

## बिरहोर परिवारों के बीच जनप्रतिनिधि व पंचायत सचिव पहुंच डाकिया योजना के तहत किया राशन वितरण



**पत्थलगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्य सरकार की डाकिया योजना के तहत आदिम जनजाति बिरहोर के निवास स्थान पत्थलगड़ा के शीतलपुर में पहुंचकर सोमवार को पंचायत मुखिया संदीप सुमन उर्फ महेश दांगी, पंचायत सचिव मोहम्मद असलम, उप मुखिया संगीता देवी, वार्ड सदस्य उषा देवी, ललिता देवी, पुष्पा देवी, नूरी खातून, अंजली देवी ने राशन का वितरण किया। बता दें कि राज्य सरकार की इस योजना के तहत आदिम जनजाति के दरवाजे तक राशन पहुंचाने का जिम्मा दिया गया है। हर माह इनके निवास स्थान पहुंचकर राशन का वितरण करा दिया जाता है। इसी को लेकर सोमवार को मुखिया व पंचायत सचिव सहित अन्य ने बिरहोर के घरों पर स्वयं खड़े होकर बिरहोर परिवारों के बीच राशन का वितरण किया। साथ ही उनके समस्याओं को भी सुना।

## जिप सदस्य ने दो योजनाओं का किया शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** जिला परिषद सदस्य संतोषी कुमारी के द्वारा 15 वें वित के मद से सोमवार को पीसीसी पथ और नाली निर्माण कार्य योजना का शिलन्यास किया गया। जहां प्रखंड मुख्यालय के बाजार अंतर्गत खोखा दादा मार्ग से शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल तक 1 लाख 99 हजार की लागत से पीसीसी पथ और बरवाडीह आदर्श नगर में राम प्रसाद के घर से नन्दलाल प्रसाद के घर तक दो लाख 18 हजार की लागत से नाली निर्माण कार्य का विधिवत पुजा अर्चना करते हुए शिलन्यास किया गया। मौके पर जिप सदस्य ने कहा कि सरकार द्वारा 15 वें वित्त मद का न्यूनतम हिस्सा जिला परिषद सदस्यों को उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार जिला परिषद बरवाडीह पश्चिमी क्षेत्र का दायरा है उस हिसाब से फंडिंग का आवंटन नहीं होता है और हम क्षेत्र के विकास में अपना भागेदारी देने में असमर्थ होते हैं। उन्होंने बताया कि क्षेत्र की जनता अपना प्रतिनिधि विकास के मुद्दे पर चुनती है पर उसकी भारपाई करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है , सरकार द्वारा आवंटित राशि से छोटी-छोटी योजनाओं का चयन करते हुए जिला परिषद अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में प्राथमिकता के आधार पर योजनाओं का चयन कर उसे धरातल पर उतरने का प्रयास किया जाता है।

# देशी कट्टा के साथ जेजेएमपी के चार सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** छिपादोहर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के चार सदस्यों को देशी कट्टे के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।पुलिस साभागार में 30जून 2024 दिन सोमवार को पुलिस साभागार में एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई। जिसमें बरवाहीह एसडीपीओ वेंकटेश प्रसाद एवं छिपादोहर थाना प्रभारी धीरज कुमार सिंह उपस्थित थे। प्रेस वार्ता के दौरान एसडीपीओ वेंकटेश प्रसाद ने बताया कि पुलिस अधीक्षक लातेहार को गुप्त सुचना मिली थी की प्रतिबंधित जेजेएमपी उग्रवादी संगठन से जुड़े सदस्य हथियार से लैस होकर छिपादोहर के किसी कारोबारी को धमका कर लेवी वसुली करने आ रहे हैं। जिसके बाद पुलिस अधीक्षक लातेहार के आदेशानुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरवाडीह के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। जिसके बाद गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए गठित टीम के द्वारा बाघ टोला मोड़ पर एन्टीक्रईम चेकिंग लगाकर प्रतिबंधित जेजेएमपी उग्रवादी संगठन से जुड़े चार सदस्यों को हिरासत में लिया गया। **गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता :** 1.बितन लोहरा उम्र 19 वर्ष पिता जागेश्वर लोहरा, 2.लखन लोहरा उम्र 32 वर्ष पे0 स्व0 रुपण लोहरा, 3.गुड्डु उर्फ मछेन्दर लोहरा उम्र 19 वर्ष पे0 रामवृक्ष लोहरा तिनों सा0 गणेशपुर थाना छिपादोहर जिला लातेहार, एवं 04. बिरेन्द्र सिंह उम्र 35 वर्ष पिता महेश्वर सिंह सा0 सैदुप थाना बरवाडीह जिला लातेहार का है। **जप्त समानों का विवरणी:-** दो देशी कट्टा,7.62 द्बद्ब का आठ जिंदा कारतुस, एक मोबाइल., तीन मोटरसाईकिल (द्ब)एक काला रंग का होण्डा साईन जिसका रजि0 न0 JH19C8835 ।(द्बद्ब) एक काला रंग का टी0 वी0 एस0 अपाची जिसका रजि0 न0छ्वा19श्च3363। (iii)एक लाल रंग टी0 वी0 एस0 स्टार सिटी जिसका रजि0 न0 छ्वा 1981690 7 छापामारी दल में शामिल पदाधिकारी/ कर्मी का नाम :- 1.धीरज कुमार सिंह, पु0अ0नि0 सह थाना प्रभारी छिपादोहर 2.रितेश कुमर राव, पु0अ0नि0 3.राजेश कुमार, स0अ0नि0 4.सचिदानन्द सिंह, स0अ0नि0 5.अन्नत सिंह, स0अ0नि0 छिपादोर थाना लातेहार। 6.छिपादोहर थाना रिजर्व गार्ड सशस्त्र बल एवं IRB-01 SAT-143 सशस्त्र बल शामिल रहे।

## मनरेगा योजनाओं का सोशल ऑडिट आज से शुरू



**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड में आज से मनरेगा योजनाओं का सामाजिक अंकेक्षण शुरू हो गया है जिसमें पहली अवधि में प्रखंड के चुंगरु, हरातु, लात, केड़ केचकी, मोरवाईकला,मंगरा और उक्कामाड़ पंचायत शामिल हैं। वहीं अन्य पंचायतों का समयावधि आगामी 9 जुलाई से शुरू होगा। बताया जा रहा है कि वित्तीय वर्ष 2021/22 से 2023/24 सत्र के मनरेगा योजनाओं का सामाजिक अंकेक्षण होना है, मतलब साफ है कि बीते तीन सालों में पंचायतों के मनरेगा योजनाओं का चयन क्रियान्वित योजनाएं धरातल पर सही तरीके से उतारा गया है या नहीं जिसके लिए मनरेगा अंतर्गत आवंटित राशि खर्च किया गया है । उक्त राशि के व्यय के लेखा-जोखा पंचायत स्तर पर ग्रामीणों की मौजूदगी में किया जाना है। जहां सरकार के गाइडलाइंस के अनुसार सोशल ऑडिट के लिए पंचायत स्तर ग्रामीणों को जागरूक करने ग्राम सभा में शामिल होने पंचायत में विकास कार्य के नाम आवंटित राशि का लेखा-जोखा का हिसाब लेने को लेकर व्यापक प्रचार प्रसार करना है।बता दें कि सामाजिक अंकेक्षण दल अंकेक्षण के पहले दिन ही अंकेक्षित सभी योजनाओं का अभिलेख उपलब्ध कराना है। वहीं जिस योजना से संबंधित दस्तावेज अंकेक्षण दल को नहीं कराया जाएगा वह विशेष समाजिक अंकेक्षण में कराया जाएगा तथा संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी मनरेगा कर्मियों को मनरेगा कानून 2005 के सेक्शन 25 के तहत दोषी समझा जाएगा। वहीं समाजिक अंकेक्षण की पुरी प्रक्रिया एवं सभी स्तर पर जनसुनवाई के दौरान विधि व्यवस्था बहाल रखने एवं सामाजिक अंकेक्षण दल और मजदूरों की सुरक्षा का समुचित प्रबंध सुनिश्चित किया गया है।

## झारखंड प्रदेश कांग्रेस लोकसभा चुनाव परिणाम समीक्षा समिति की बैठक आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस लोकसभा चुनाव परिणाम समीक्षा समिति की बैठक चतरा लोकसभा के तीन विधानसभा लातेहार, मनिका व पांकी की होटल सेलिब्रेशन इन में समिति के अध्यक्ष झारखंड प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप बालमुचू के अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में चतरा संसदीय सीट पर हुई है हार की समीक्षा की गई। समीक्षा में कांग्रेस व इंडिया गठबंधन के पक्ष में माहौल बेहतर होने के बावजुद हार का कारण प्रत्याशी व उनके द्वारा बनाए गये बाहरी प्रभारी का कांग्रेसियों के साथ समन्वय नहीं होना, कांग्रेस संगठन के नेताओं को सिस्टम में शामिल करने व उनके साथ चलने की जगह उन्हें निर्देशित करना को कारण बताया गया।वही कांग्रेसजनों को दरकिनार कर बूथ मैनेजमेंट में घोर कुव्यवस्था दूसरे लोगों से बूथ प्रबंधन कई जगहों पर बूथ एजेंट नहीं होने से इसका सीधा नुकसान मतदान पर हुआ। स्थानीय उम्मीदवारों का नहीं होना, गठबंधन में राजद का साथ राँची के मारपीट की घटना के कारण राजद का साथ नहीं होना प्रत्याशी घोषणा के बाद प्रत्याशी के व्यवहार में बदलाव, चुनावी दौर में एक बार भी बैठक काँग्रेसजनों के साथ नहीं वहीँ चुनाव में पार्टी को जिला कांग्रेस द्वारा दिए गएसंभावित उम्मीदवार के नामों को दरकिनार करना, बैठक में समिति के भीम कुमार,सुलतान अहमद, मनिका कांग्रेस विधायक रामचंद्र सिंह, चतरा लोकसभा प्रत्याशी रहे के एन त्रिपाठी ,प्रदेश कांग्रेस सचिव विजेंद्र कुमार उर्फ पप्पू पासवान, लातेहार जिला कांग्रेस प्रभारी विजय चौबे, लातेहार जिला कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद सिंह, लातेहार जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुनेश्वर उरांव, पलामू जिला कांग्रेस अध्यक्ष जैश रंजन पाठक, प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि पंकज तिवारी, इस्तेखार अहमद, कामेश्वर यादव, रविंद्र राम, लातेहार जिला कांग्रेस के सुरेंद्र भारती आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## हल्ला बोल कार्यक्रम के तहत 6 जुलाई को आजसू पार्टी खनन कार्यालय का करेगी घेराव : अमित पाण्डेय




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** आजसू पार्टी जिला कार्यालय में प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जिलाध्यक्ष अमित पाण्डेय ने कहा कि जिला में विभिन्न तरह कि योजनाएं चल रही है जिसमें बालू कि प्रमुख आवश्यकता है। सभी पदाधिकारियों एवं सरकार को पता है कि बालू पर हर साल एनजीटी कि रोक लगती है। अभी जिले में चंदवा प्रखंड के मरमर में एकमात्र बालू का स्टोक्यार्ड है जिसमें केवल बड़ी गाडियों से बालू कि बुकिंग होती है। अगर किसी को महुआडांड़ बरवाडीह के अबुवा आवास में बालू चाहिए तो लाखों का तो बालू ही खपत हो जायेगा तो आम आदमी बालू कहा से लायेगा। जिले में रोज ट्रेक्टर पकड़े जा रहे हैं। जिससे लोकल बालू भी मिलना मुस्किल हो गया है और मिल भी रहा है तो महंगा । जिला प्रशासन ये सुनिश्चित करें कि सभी प्रखंडों में बालू उचित दर पर मिले साथ ही साथ जिले में चेकिंग अभियान चल रहा है जिसमें लोगों कि गाडियों को पकड़ा जाता है 5, 6 घंटे के बाद उसको एक कागज दिया जाता है जिसमें डीटीओ ऑफिस लातेहार में चालान कटवा के आने को कहा जाता है इस बीच में थाने एवम डीटीओ ऑफिस के बाहर दलालों का एक गैंग पैसा लेकर गाड़ी छुड़वाने को सक्रिय हो जाता है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि चेकिंग का हम स्वागत करते हैं लेकिन ऑनस्पॉट चालान नहीं करना एवं चेकिंग के नाम पर लोगों को परेशान करना आजसू पार्टी कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। हल्ला बोल कार्यक्रम के माध्यम से सरकार के रोज के झूठे वादे को जनता के समक्ष रख के आजसू पार्टी आम जन कि आवाज को बुलंद करेगी।

## जहरीला सांप के काटने से 16 वर्षीय युवती घायल स्थिति गंभीर

**चैनपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैनपुर थाना क्षेत्र के सेमरा गांव निवासी अनवर अंसारी की पुत्री हबीबा खातून उम्र 16 वर्ष को रविवार की रात जहरीला सांप ने काटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद परिजनों के द्वारा घायल हबीबा खातून को इलाज के लिए चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां इलाज के बाद भी चिकित्सको ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। जहां इलाज के बाद भी हसीबा खातून की स्थिति गंभीर बनी हुई है। वही इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि रविवार की शाम हसीबा खातून अपने मुर्गी को गोरने गई थी। इसी बीच मुर्गी गोरने के क्रम में जहरीला सांप के मुंह में उसकी उंगली चला गया।और सांप ने उसे काट कर गंभीर उसे घायल कर दिया। जिसमें उसकी स्थिति गंभीर हो गई। घायल का इलाज मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है। वहीं घटना के बाद से परिजनों का रोरो कर बुरा हाल है।

# डेंगू से बचाव और उसके रोकथाम के लिए जन जागरूकता रैली का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** डेंगू माह को लेकर जिला भी.बी.डी. कार्यालय सदर अस्पताल, हजारीबाग की ओर से जन-जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में डॉ. कपिलमुनि प्रसाद, जिला भी.बी.डी. पदाधिकारी हजारीबाग ने इस जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में शहरी क्षेत्र की सभी सहिया, बी.टी.टी. एवं ए.एन.एम.टी. स्कूल, की सभी प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। जागरुकता रैली सदर अस्पताल परिसर से शहरी क्षेत्र के प्रमुख मार्गो में चलाया गया। डेंगू रोग से बचाव हेतु प्रसार-प्रसार के तहत सभी लोगों को पोस्टर, हैण्डबिल देकर जागरूक किया गया। जिला भी.बी.डी. पदाधिकारी डॉ. कपिलमुनि प्रसाद द्वारा बताया गया कि मौनसून काल में डेंगू का प्रकोप बढ़ जाता है जिससे बचने के लिए लोगों को साफ-सफाई रखना, घर के आसपास पानी जमा नहीं होने देना, सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करना अति आवश्यक है। इस बीमारी से बचाव हेतु शहरी क्षेत्र में नारियल, डाभ की खोपड़ी डेंगू वेक्टर (एडिज मच्छर) का प्रमुख प्रजनन स्थल है जिसे नष्ट किया जाना अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र अन्तर्गत वैसे सभी स्टॉल जहाँ नारियल, डाभ की खोपड़ी भण्डारित की जाती है उन्हें अपने स्तर से सख्त निर्देश जारी करते हुए उन्हें नष्ट कराने की कृपा की जाय। इसके लिए नारियल के खोपड़े को चार टुकड़ों में काटते हुए उसे नष्ट करना आवश्यक है ताकि उसके अन्दर वर्षा का जल जमाव न हो सके। जन-जागरूकता रैली का मुख्य उद्देश्य लोगों के व्यवहार में परिवर्तन लाना है ताकि इस बीमारी से बचा जा सके। इस रैली में जिला भी.बी.डी. कार्यालय, शहरी मलेरिया योजना, जिला आर. सी.एच. कार्यालय एवं जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई के समस्त कर्मचारियों ने भाग लिया।

# कटकमसाडी अंचल के द्वारा पकड़ा गया चिप्स लदा हईवा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कटकमसाडी :** कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र के गदोखर के पगार चौक के पास कटकमसाडी अंचल पदाधिकारी सविता सिंह के नेतृत्व में एक चिप्स लदा हईवा को पकड़ा गया है। झारखंड में एनजीटी लागू होने के बाद भी प्रखंड क्षेत्र में अवैध खनन किया जा रहा है जिसके लेकर कटकमसाडी अंचल एवं राजस्व उप निरीक्षक पदाधिकारी बिरजू कुमार मेहता द्वारा ओ पी पेलावल थाना में प्राथमिकी दर्ज किया गया । हईवा मालिक से स्टोन चिप्स से संबंधित वैध कगाजत की मांग की गई परंतु हईवा मालिक के द्वारा किसी तरह का कोई कगाजात उपलब्ध नही करा सके. हईवा चालक को मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत भेजने की तैयारी कि तैयारी की जा रही थी।

# छत का सीलिंग गिरने से युवक की हुई मौत



**दारू(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** दारू थाना क्षेत्रान्तर्गत बक्शीडीह निवासी संजय कुमार दास उम्र लगभग 44 वर्ष की मौत छत के सिलिंग गिरने से हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सोमवार के दोपहर में खाना खाकर अपने रूम के बेड पर आराम कर रहा था। इसी बीच करीब 1:30 बजे दोपहर में उनके रूम के छत का सीलिंग अचानक गिर गया। इससे उनके छाती में अंदरूनी चोट लग गई।छत गिरने की आवाज सुनकर उसकी माँ दौड़ कर कमरे में जा पहुंची अपने बेटे के ऊपर छत के मलवा गिरा देख अवाक तो हो गई परन्तु अपने को संभालते हुए उसके ऊपर से मलवा को हटाकर चीखने लगी। उनकी चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग दौड़ पड़े।परिवार व आसपास के लोग बिना देर किए 108 एम्बुलेंस से इलाज के लिए आरोग्यम अस्पताल ले गए। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मौत की खबर सुनकर उनके परिवार व क्षेत्र का माहौल गमगीन हो गया।संजय एक सामाजिक व्यक्ति था। वह हर किसी के दुःख सुख में हमेशा तत्पर रहता था। वह अपने पीछे पत्नी ,दो पुत्र व एक पुत्री को छोड़ गया।इनका अंतिम संस्कार मंगलवार को बेलासोती श्मशान घाट में किया जाएगा।

## फिलहाल प्रारंभिक शिक्षकों की ग्रेड-7 की प्रोन्नति आसान नहीं

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** फिलहाल प्रारंभिक शिक्षकों की ग्रेड-7 की प्रोन्नति की राह आसान नहीं लग रही। इस मामले में एक जुलाई को हाइकोर्ट रांची में सुनवाई हुई। हाइकोर्ट रांची के अधिवक्ता चंचल जैन ने बताया कि प्रारंभिक शिक्षकों के ग्रेड-4 से ग्रेड-7 की प्रोन्नति पर हाइकोर्ट में अंतरिम सुनवाई हुई। दरअसल हजारीबाग की शिक्षिका प्रीति कुमारी ने जनवरी में हाइकोर्ट में याचिका दायर की थी। इस मामले में सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कहा कि प्रारंभिक शिक्षकों की ग्रेड-7 में किसी भी प्रकार की प्रोन्नति कोर्ट के इस आदेश से प्रभावित होगी। ऐसे में अगर किसी शिक्षक को ग्रेड-4 से ग्रेड-7 में प्रोन्नति मिल भी गई, तो आगे कोर्ट के इस आदेश से उनकी प्रोन्नति निरस्त भी हो सकती है। इस मामले में सरकार से जवाब मांगा गया है और अगली सुनवाई की तिथि 24 जुलाई निर्धारित की गई है। **जानिए क्या है पूरा मामला** दरअसल प्राथमिक शिक्षा निदेशक झारखंड सरकार का संकल्प पत्र निकला था। उसमें दो तरह से शिक्षकों को ग्रेड-4 से ग्रेड-7 में प्रोन्नति देने के लिए दो तरह के आदेश निकाले गए। एक वह शिक्षक जो ग्रेड-4 में प्रोन्नति से आए और दूसरे वह शिक्षक जो सीधी नियुक्ति में ग्रेड-4 में आए। इधर अधिवक्ता चंचल जैन का भी कहना है कि नियमावली 1993 के अनुसार ग्रेड-4 से ग्रेड-7 में प्रोन्नति के लिए पांच साल की कालावधि चाहिए। ऐसे में सुनवाई के बाद हाइकोर्ट ने अपने अंतरिम आदेश में कहा है कि अगर किसी शिक्षक को ग्रेड-4 से ग्रेड-7 में प्रोन्नति दी जाएगी, तो हाइकोर्ट के इस आदेश से वह प्रभावित होगी।

# आदर्श डीएवी पब्लिक स्कूल से निकाली गई नशा मुक्ति जागरूकता रैली




प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड मुख्यालय में स्थित सीबीएससी मान्यता प्राप्त, आदर्श डीएवी पब्लिक स्कूल से नशामुक्ति जागरूकता रैली निकाली गई।नशामुक्ति अभियान की पहल के साथ विद्यालय प्रबंधन समिति के निदेशक राणा इकबाल खान, प्राचार्य दिग्विजय नारायण की देखरेख में सैकड़ो की सँख्या में छात्र-छात्राओं संग विद्यालय प्राँगण से निकलकर, हॉस्पिटल चौक से, सातमिल मोड़ तक नशामुक्ति अभियान की रैली निकालकर आमजनों तक नारो एवं तख्ती के माध्यम से संदेश दिया। बातचीत के दौरान विद्यालय प्रबंध निदेशक सागर कुमार ने कहा कि शराब, सिगरेट, तम्बाकू से कैंसर होता है। इसकी लत लग जाने से जहाँ धन की हानि होती है,साथ ही परिवार में भी क्लेश भी बना रहता है। इसका सेवन जानलेवा है,इससे बचे। प्राचार्य दिग्विजय नारायण ने कहा कि नशा नस्लें बर्बाद करती है। इसके सेवन कैंसर जैसी प्राणघातक बीमारी होती है। आजकल के युवा इसका उपयोग तो शुरुआत में मस्ती के लिए करते है,परन्तु नशे के आदि होने के बाद वे अपने लक्ष्य से भटक जाते है।

# प्रखण्ड कार्यालय को बिचौलिओं से मुक्त करे प्रशासन : विकास राणा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कटकमदाग :** आजसू पार्टी की कटकमदाग प्रखण्ड कमेटी हज़ारीबाग के द्वारा सोमवार को हल्ला बोल कार्यक्रम के दौरान कटकमदाग प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को 11 सूत्री मांगपत्र सौंपा . कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के हज़ारीबाग जिला अध्यक्ष सह केन्द्रीय प्रवक्ता विकास राणा उपस्थित हुए . आजसू पार्टी के हज़ारीबाग जिला अध्यक्ष सह केन्द्रीय प्रवक्ता विकास राणा ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रखण्ड कार्यालय को बिचौलिओं से मुक्त करे प्रशासन . ग्रामीण जनता का काम सुलभ करने की प्रक्रिया हो लोगो को एक काम के लिए प्रखण्ड कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़े . केन्द्रीय सदस्य विजय वर्मा ने कहा कि अबुवा आवास चयन की प्रक्रिया में पारदर्शिता लाई जाए जरूरतमंद परिवार को चिन्हित कर उन्हें अबुवा आवास उपलब्ध किया जाये। आजसू पार्टी के हल्ला बोल कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से केन्द्रीय सदस्य आनन्द सिंह, केन्द्रीय सदस्य विजय वर्मा, जिला कोषाध्यक्ष अजय कुमार, जिला सचिव विवेक कुमार राणा, प्रमोद कुमार वर्मा, युवा आजसू के विशाल कुमार प्रजापति, नितिन कुमार प्रजापति, दिनेश कुमार प्रजापति, कमल गोप शामिल थे

# हजारीबाग नगर निगम ने प्रधानमंत्री आवास योजना की नौवी वर्षगाँठ मनाई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** केंद्र सरकार द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना कि 9वीं वर्षगांठ नगर आयुक्त, सहायक नगर आयुक्त, निगम के सभी अधिकारीयों ने लाभुकों के साथ मनाया। इस अवसर पर 306 लाभूकों को प्रथम किस्त की राशि निर्गत की गई तथा 67 लाभुकों को आवास पूर्णता प्रमाण पत्र तथा फलदार वृक्ष का पौधा देकर सभी आवासों मे फलदार वृक्ष लगाने का निर्देश दिया गया। नगर आयुक्त ने सभी को शुभकामनाएं दी एवं अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम में नगर आयुक्त, सहायक नगर आयुक्त, प्रधान सहायक, पीएमएवाई के नोडल अधिकारी अभिषेक सिंह सहायक प्रभारी विनय कुमार एवं सर्वेयर प्रियरंजन, अविनाश, हरिनंदन, अमित, सुशील, निखिल उपस्थित थे।

## थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह के द्वारा नशा मुक्ति अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम किया आयोजन

**बड़कागांव(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्लस टू उच्च विद्यालय हरली में बड़कागांव थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह के द्वारा नशा मुक्ति अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं को



नशा के प्रति जागरूक किया गया। सामुदायिक पुलिसिंग व नशा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत नशा उन्मूलन के तहत ड्रग्स, अफीम, गांजा, बीड़ी, सिगरेट, शराब, सिलोशन एवं सीरिंज के नशे से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में विस्तार पूर्वक छात्रों को जागरूक किया गया। स्कूली बच्चों को नशे से दूर स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने व और अन्य लोगों को भी नशा के विरुद्ध जागरूक करने का सलाह दिया गया। थाना प्रभारी ने कहा के नशा का विरोध संवैधानिक रूप से करना है। इसकी शुरुवात हमें अपने घर से करना है। नशा मुक्ति से परिवार को टूटने से बचाया जा सकता है, नशे से हो रही दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है, आज के युवा पीढ़ी को नशा के गिरफ्त में जाने से रोका जा सकता है, आज के युवा ड्रग्स के शिकार हो रहे हैं, जिसके चलते हत्या लूट डकैती जैसे जनघन्य अपराध कर रहे हैं जिसको रोकना बहुत ही जरूरी है। एनडीपीएस एक्ट 1985 की भी जानकारी थाना प्रभारी के द्वारा छात्रों को दी गई। उन्होंने बताया के नशीले पदार्थो का व्यापार से लेकर सेवन तक कानून अपराध है। एनडीपीएस एक्ट के तहत 1 साल के सजा से लेकर फांसी तक का प्रावधान भारत के कानून में है। इस लिए खुद भी नशे से बचना है और साथ ही अपने आस पास के लोगों को भी नशा से बचाना है और यह हर एक सच्चे भारतीय का फर्ज है। भारत का हर बच्चा भारत का संपत्ति है, इस लिए इसे नशे से बचा के रखना है। थाना प्रभारी ने छात्रों से अपील किया के कहीं भी आपके आस पास ड्रग्स, ब्राउन शुगर का व्यापार हो तो इसकी सूचना पुलिस को दें। सूचना देने वालों की पहचान गुप्त रखी जाएगी।

# लायंस क्लब की अध्यक्ष बनी सुधा वर्मा, आर्ष कन्या विद्यालय में किया पौधारोपण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** लायंस क्लब की नई अध्यक्ष सुधा वर्मा ने वर्ष 2024ङ्क25 का कार्यकाल संभाला है। इस अवसर पर शहर के नवाबगंज रोड स्थित आर्ष कन्या विद्यालय में पौधा रोपण एवं विद्यालय के छात्र-छात्राओं को भोजन कराया गया। इसके अलावा शहर के कई अन्य स्थानों पर भी पौधा लगाया गया, सोमवार को 50 पौधारोपण किया है, विद्यालय में आम,कटहल,अमरूद जैसे अनेकों पौधों को लगाया गया है बच्चों को भोजन में पुड़ी,सब्जी एवं खीर खिलाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रमुख शिक्षक ने लायंस क्लब के प्रति आभार जताया कहा कि समाज के प्रति आपकी यह सेवा काफी सराहनीय है। साथ ही नवनियुक्त अध्यक्ष सुधा वर्मा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण की एक अलग पहचान है, सुधा जी। मौके पर अध्यक्ष सुधा वर्मा ने कहा कि विद्यालय में 11 जुलाई को नेत्र जांच एवं एवं दंत जांच का शिविर आयोजित किया जाएगा ताकि बच्चे सुरक्षित व स्वस्थ रह सके आने वाले दिनों में विद्यालय में कई अन्य सेवा भी प्रदान की जाएगी साथ ही कहा कि सेवा का कार्य करना मुझे काफी अच्छा लगता है इसी दृष्टिकोण से लायंस क्लब ने मुझे चौथी बार प्रभार प्रदान किया है,मैं यह दायित्व पूरी निष्ठा पूर्वक निभाऊंगी। मौके पर मौके पर लायंस क्लब की अध्यक्ष सुधा वर्मा, पूजा श्रीवास्तव,रवि, अरविंद अग्रवाल अशोक ताम्बी,मिनी ताम्बी, दीपक,डॉक्टर शर्मा,अशोक प्रभाकर, गप्पी,शैलेंद्र गुप्ता, श्वेता रूप,श्रीपारणा एवं लियो आशमरण सहित कई लोग मौजूद रहे।

# आज से नये आपराधिक कानून हो गई लागू



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** संविधान में तीन कानून बदलाव की जागरूकता को लेकर बरही थाना परिसर में पत्रकारों के बीच एसडीपीओ सुरजीत कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार, महिला थाना प्रभारी किरण कश्यप उपस्थित थे। एसडीपीओ ने नए तीन अपराधिक कानून के बारे तार्किक जानकारी दिया। कहा कि एक जुलाई से देश में आईपीसी, सीआरपीसी और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह तीन नये कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनिमय लागू हो गया है। पहले कानून दंड के आधार पर था पर अब न्याय के आधार पर कानून लागू हो गया है। आपराधिक प्रक्रिया तय करने वाले तीन नये कानूनों में त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिए एफआईआर से लेकर फैसले तक को समय सीमा में बांधा गया है। आपराधिक ट्रायल को गति देने के लिए नये कानून में शिकायत मिलने पर एफआइआर दर्ज करने, जांच पूरी करने, अदालत के संज्ञान लेने, दस्तावेज दाखिल करने और ट्रायल पूरा होने के बाद फैसला सुनाने तक की समय सीमा तय है। उन्होंने कहा कि नए कानूनो से एक आधुनिक न्याय प्रणाली स्थापित होगी,जिसमें जीरो एफआईआर, थाने में ऑनलाइन शिकायत दर्ज, एसएमएस के जरिए समन भेजना जैसे इलेक्ट्रॉनिक माध्यम और सभी जघन्य अपराधों के वारदात स्थल की अनिवार्य वीडियोग्राफी जैसे प्रधान शामिल होगें। भारतीय दंड संहिता में 511 धाराएं थी लेकिन भारतीय न्याय संहिता में धाराएं 358 है। जीरो फिर से अब कोई भी व्यक्ति किसी भी पूरी थाने में प्राथमिक की दर्ज करा सकता है।

## लियेंन (ग्रहणाधिकार) को लेकर पत्राचार के बाद भी राँची विश्वविद्यालय ने नहीं की कार्यवाई

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सोमवार को हजारीबाग मे प्रेस वार्ता कर झारखंड छात्र मोरचा के पदाधिकारीयों ने जानकारी दी कि लियेंन (ग्रहणाधिकार) का खेल पिछले कई महीनों से दो विश्वविद्यालयों के बीच चल रहा है।लियेंन (ग्रहणाधिकार) शिक्षकों को मिलने वाला



विशेषाधिकार है जिसके इस्तेमाल से वो शिक्षक रहते और भी कई जगह अपना योगदान दे सकते हैं।इस प्रकार के अधिकार से शिक्षकों के शैक्षणिक योग्यता का समाज को फ़ायदा मिलता है।ज्ञात हो कि कई शिक्षक(प्रोफ़ेसर) इस लियेंन (ग्रहणाधिकार)का उपयोग कर राज नेता या उच्च पदाधिकारी बनते हैं। प्रेस वार्ता में झारखंड छात्र मोर्चा के विनोबा भावे विश्वविद्यालय अध्यक्ष चंदन सिंह ने कहा कि लियेंन के संबंध में हमारे विश्वविद्यालय अधिनियम में सारे नियम उल्लिखित है,लियेंन (ग्रहणाधिकार) किस परिस्थिति में किसे और कितने दिनों के लिए दिया जा सकता है यह सब कुछ विश्वविद्यालय अधिनियम में उल्लिखित है। अख़्तर हाशमी ने कहा कि जिस प्रकार देश संविधान से चलता है ठीक उसी प्रकार विश्वविद्यालय और महाविद्यालय के लिये नियम,परिनियम विश्वविद्यालय के संवैधानिक पुस्तक में अंकित है।देश को संविधान का पाठ पढ़ाने वाला विश्वविद्यालय ही अब इसकी अनदेखी कर रहा है। राँची विश्वविद्यालय के शिक्षक मिथलेश कुमार सिंह जो अभी विनोबा भावे विश्वविद्यालय में डीन,प्रोक्टर और छात्र कल्याण संकाय अध्यक्ष के पद पर बने हैं ने लगभग दो वर्षों से अधिक समय पूर्व राँची विश्वविद्यालय से विनोबा भावे विश्वविद्यालय में प्रोफ़ेसर के पद पर यहाँ निकली प्रोफ़ेसर के पद पर रिक्ति पर योगदान दिया।प्रोफ़ेसर के पद पर दूसरे विश्वविद्यालय में योगदान देने के लिए इन्होंने अपने विश्वविद्यालय(राँची) से लियेंन लिया।

# बरही विधायक ने उप स्वास्थ्य केंद्र का किया उद्घाटन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** प्रखंड अंतर्गत खोड़हर पंचायत के कुंडवा गांव में मंगलवार को करीब 48 लाख राशि से बना नव निर्मित सामुदायिक उप स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि विधायक उमाशंकर अकेला ने शिलान्यास का अनावरण कर एवं फीता काटकर किया। इस मौके पर विधायक ने कहा कि उप स्वास्थ्य केंद्र में यहां के ग्रामीण मरीजों को टीकाकरण से लेकर डिलिवरी व अन्य बीमारियों का इलाज घर के पास सुविधा मिल सकेगा। वहीं अनुमंडलीय अस्पताल प्रभारी डॉ प्रकाश ज्ञानी ने बताया कि उप स्वास्थ्य केंद्र में ग्रामीणों को नियमित रूप से ओपीडी, एनसीडी, निशुल्क दवाइयां एवं डिलिवरी व परिवार कल्याण की सेवाएं मिलेंगी। साथ ही केंद्र में ही जन्म-मृत्यु के पंजीकरण का काम भी किया जाएगा। बाकी सभी नेशनल प्रोग्राम चलेगा। मौके पर अनुमंडलीय अस्पताल प्रभारी डॉ प्रकाश ज्ञानी, प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी,गाजो यादव, मो रिजवान अली, मो वारिस,आनंद सिंह, छोटेलाल यादव, शमशेर आलम, ठेकेदार राजेंद्र मेहता थे।

# टाटीझरिया में चलाया गया दो पहिया वाहन जांच अभियान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टाटीझरिया :** टाटीझरिया पुलिस प्रशासन के ओर से सोमवार 1 जुलाई को दो पहिया वाहन (मोटर साईकिल) चालको का हेलमेट और गाड़ी का रजिस्ट्रेशन,ड्राइविंग लाइसेंस समेत अन्य कागजात जांच किया गया । जांच के दौरान ट्रैफिक नियमों के अनुसार प्रशासनिक कार्यवाही करते हुए प्रशासन ने मोटर साईकिल सवार चालकों से ट्रैफिक नियमों के बारे में बताया और वही राहगीर मोटर साईकिल चालकों तथा क्षेत्र वासियों से थाना प्रभारी सुजीत कुमार ने कहा की जांच अभियान लगातार चलाया जाएगा। इसलिए बिना हेलमेट पहने और अपने वाहन के कागजात लिए अपने घर से बाइक में सवार होकर नही निकले चुकी बिना कागजात के कोई भी वाहन चलाना ट्रैफिक नियमों के विरुद्ध है और सुरक्षा के दृष्टि से हेलमेट पहनना मोटर साईकिल चालको को अतिवाश्यक है चुकी मानव शरीर का मस्तिष्क बहुत ही नाजुक अंग होता है जो की घटना दुर्घटना में हेलमेट ही मस्तिष्क को सुरक्षित रखता है। वाहन जांच अभियान के दौरान एस आई पवन कुमार,आरक्षी अशोक राम,हवलदार आबिद हुसैन,चौकीदार भोला शर्मा,भुनेश्वर यादव ,रवि कुमार मौजूद थे।

# बरही एसडीओ ने संक्षित पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत बीएलओ, सुपरवाइजर के साथ की बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** प्रखंड सभागार में द्वितीय विशेष संक्षित पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 से सम्बंधित बीएलओ, सुपरवाइजर के साथ निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी -सह - अनुमंडल पदाधिकारी जोहन टुडू की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी - सह प्रखंड विकास पदाधिकारी क्रिस्टीना रिचा इंदवार, अंचल अधिकारी रामनारायण खलको, एवं बीएलओ, सुपरवाइजर एवं पंचायत सचिव उपस्थित थे। इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा निर्देश दिया गया कि मृत, शिफ्टेड, जिनका एपिक कार्ड ना हो, जिनका पुराना लेमिनेटेड एपिक कार्ड, दोहरी प्रविष्टि वाले, ब्लैक एंड वाइट फोटो वाले मतदाताओं का सम्बंधित फॉर्म भरकर अग्रेतर करवाई की जाय।

# हजारीबाग डिस्ट्रिक्ट राइफल टूर्नामेंट का समापन सह पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग डिस्ट्रिक्ट राइफल टूर्नामेंट का समापन सह पुरस्कार वितरण समारोह सोमवार शाम को संपन्न हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डीआईजी छोटानागपुर सुनील भास्कर एवं विशिष्ट अतिथि जिला खेल पदाधिकारी कैलाश राम, समाजसेवी मुन्ना सिंह, उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता, हरिश श्रीवास्तव, आदर्श कुमार सिंह उपास्थि हुए। हमारे मुख्य अतिथि डीआईजी चोटनागपुर सुनील भास्कर ने विजेताओं गोल्ड, ब्रॉन्ज और सिल्वर मेडल देकर सम्मानित किया। वहीं कार्यक्रम में मौजूद अन्य विशिष्ट अतिथियों ने भी विजेताओं को गोल्ड ब्रॉन्ज और सिल्वर मेडल देकर सम्मानित किया। डीआईजी श्री भास्कर ने कहा कि जिले में हजारीबाग जिला राइफल एसोसिएशन द्वारा अच्छी प्रेरणा, उत्साह व सुविधा से बच्चे अच्छा प्रदर्शन कर रहे है। उन्होंने यह भी कहा कि बच्चे अच्छा प्रदर्शन जिला में करेंगे तो स्टेट में अच्छा करने से नेशनल लेवल खेल कर जिले और देश का नाम रोशन करेंगे। ब्रिगेडियर राजेश केरल ने कहा कि अपने ही जिला में शूटिंग रेंज होना और लोकल बच्चों का इसमें दिलचस्पी दिखा कर अच्छा प्रदर्शन करना जिले के लिए गर्व की बात है।

# बादम कोल खनन परियोजना के एमडीओ कंपनी का ग्रामीणों ने किया विरोध



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** बादम कोल खनन परियोजना के एमडीओ बीजीआर कंपनी का बादम में बादम और गोंदलपुरा के ग्रामीणों ने भारी विरोध किया। ग्रामीणों ने कहा के बिना ग्राम सभा को सूचना दिए कंपनी के लोग आए थे जिसका पुरजोर विरोध किया गया। हमलोग किसी भी कोल खनन कंपनी को न जमीन देंगे न ही हमें कोई कोल खनन कंपनी चाहिए। कंपनी के अधिकारियों ने कहा बिना ग्रामसभा को सूचित किए हम लोग आए ये हम लोगों से गलती हुई है। अब कभी भी ग्रामसभा को सूचित किए बिना हम लोग नही आएंगे। ग्रामीणों ने कहा जहा जहा कोयला का खनन हो रहा है वहा पर इंसान सहित जीव जंतु का जीवन मुश्किल में है। वन्य प्राणियां विलुप्त होने के कगार पर है। सरकार को चाहिए के कोल आधारित व्यवसाय को अब बंद कर दिया जाए ताकि जल, जंगल, जमीन और इंसान सहित जीव जंतु का अस्तित्व बचा रहे। बादम, गोंदलपुरा, बाबूपारा, रुद्दी, राउत पारा के ग्रामीण अब गोलबंद हो कर सभी कोल खनन कंपनियों के विरुद्ध भव्य विरोध प्रदर्शन करेंगे। मौके पर सैंकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# भामाशाह शिशु विद्या मन्दिर बरही के प्रांगण में संकुल स्तरीय विषय प्रमुख बैठक संपन्न




प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर बरही के प्रांगण में सोमवार संकुल स्तरीय विषय प्रमुख बैठक संपन्न हुआ। इस मौके पर कैलाश राय सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर झुमरी तिलैया के प्रधानाचार्य शर्मेंद्र साहू, शिव तारा सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर झुमरी तिलैया के प्रधानाचार्य अजय पाठक, सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर जयनगर के प्रधानाचार्य संजय कुमार, भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर बरही के प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पाण्डेय का मार्गदर्शन सभी संकुल विषय प्रमुख आचार्यो को प्राप्त हुआ। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्या भारती की योजनाओं को राष्ट्र से क्षेत्र, प्रान्त, विभाग, संकुल के रास्ते विद्यालय स्तर तक पहुंचाना है। विद्यालय में अध्ययनरत भैया बहनों का समुचित विकास का चिन्तन, मनन करना बैठक का मुख्य उद्देश्य है। विभिन्न विद्यालयों से आगत आचार्य भैया बहनों ने अपने विषयों की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। वर्तमान सत्र में भैया बहनों का समुचित विकास की योजना बनाई गई। बैठक की समाप्ति की घोषणा धन्यवाद ज्ञापन के साथ सम्पन्न हुआ।

## टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र में जंगली हाथी फसलों का कर रहे नुकसान, वन विभाग अधिकारी मौन

**टाटीझरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड क्षेत्र के झरपो, भराजो, खैरा, डहररभंगा डूमर, धर्मपुर, बेड़म, टाटीझरिया आठों पंचायत के कई गांवो में जंगली हाथियों ने पूर्व में भी कई लोगो को अपने चपेट में लेकर पैरो तले कुचलकर मार दिया तो कही विद्यालय घर खेतों में



सिंचाई के लिए लगा मशीन , पटवन पाइप को तोड़ फोड़ कर दिया था तो किन्ही के खेत में लगा टमाटर,मूली,आलू, मक्कई, धान,खीरा को चट कर गए बचे हुए फसल को अपने पैरो तले रौंदकर नुकसान किया था। वही बता दे की विगत तीन महीने से झरपो गांव के लोधी टोला से सटा जंगल ,पश्चिम दिशा की ओर पहरी कारी चट्टान धाम जंगल ,उच्चाबेडा गांव जंगल,खैरा सिमराढाव, नारायणपुर जंगलों में वर्तमान तीन हाथियों की बसेरा है जो यहां से कही नही जा रहे है । इन्ही जंगलों में दिन को विचरण करते है और शाम ढलते ही गांव में प्रवेश कर जाते है । किसानो के खेतों में लगे फसल समेत जान माल का काफी नुकसान पहुंचा रहे है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि उक्त मामले की जानकारी वन विभाग के अधिकारी गणों को दिया तो वे कहते है की हमलोग दिन में नही रात में आयेंगे । जंगली हाथियों के उत्पात से आस पास के लोगो में काफी भय व्याप्त है।

## रोटरी भुरकुंडा ने डॉक्टर डे पर डॉक्टरों को सम्मानित किया

**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रोटरी इंटरनेशनल का नया सत्र 1




जुलाई डॉक्टर्स डे के साथ शुरू हुवा । भुरकुण्डा हॉस्पिटल में जा कर क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन प्रवीण शर्मा सचिव रोटेरियन रणजीत गुप्ता व चार्टर अध्यक्ष प्रमजीत सिंह धानी के द्वारा शॉल ओढ़ा कर मोमेंटो के साथ डॉ अनूप कुमार टोपो , डॉ नदीम अनवर , डॉ एम आफ़ताब , डॉ राजेश कुमार को सम्मानित किया गया । इस कार्यक्रम में क्लब के रोटेरियन अशोक शर्मा , डॉ एन के सिंह ,श्रीकान्त गुप्ता , मुख़्तार सिंह, राम अवतार प्रसाद , अजय गोयल , राम किशोर प्रसाद ,विजय कुमार का पूर्ण सहयोग रहा । नये सत्र के अध्यक्ष ने कहा कि आगे भी रोटरी भुरकुण्डा की सेवा जारी रहेगी ।

## हेसला मोहर्रम कमेटी का गठन किया गया

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हर साल की तरह इस साल भी हेसला मोहर्रम कमेटी का बैठक किया गया बैठक में मोहर्रम कमेटी का गठन किया गया । इस बैठक में मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष के रूप में मिराज अंसारी सचिव अफजल अंसारी कोषाध्यक्ष मो असदुद्दीन और टार्जन को सर्व समिति से बनाया गया। साथ ही इस बैठक में 11 कार्यकारिणी का सदस्य का भी चैयन किया गया । इस कार्यकारिणी में मुख्य रूप से कलीम अंसारी पिंटू अंसारी कलामुद्दीन अंसारी इमरान अंसारी अब्दुल अजीज आफताब आलम गुलाम मोईनुद्दीन अरशद अंसारी अख्तर अंसारी आदि को बनाया गया। इस इस बैठक में हेसला ग्राम के सैकड़ो लोगों उपस्थित है।

## उपायुक्त के निर्देश पर बीएम सेवा सदन, गोला को किया गया सील

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्य स्तर से प्राप्त निरीक्षण प्रतिवेदन में



की गई अनुशंसा के आलोक में उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने कार्रवाई करते हुए बीएम सेवा सदन, गोला का क्लीनिकल रजिस्ट्रेशन एक सप्ताह के लिए स्थगित करते हुए 10,000 रुपए का आर्थिक दण्ड का जुर्माना लगाया गया था। इसी क्रम में सोमवार को जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा बीएम सेवा सदन, गोला को सील कर दिया गया सील होने के उपरांत 7 जुलाई 2024 तक बीएम सेवा सदन में किसी भी तरह की चिकित्सीय कार्य पर पूरी तरह से निषेध रहेगा। जिले में स्वास्थ्य सुविधाएं सुदृढ़ करने के उद्देश्य से उपायुक्त ने सभी अस्पताल संचालको को अस्पतालों सहित अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में चिकित्सक की उपस्थिति, योग्य स्टाफ, मेडिकल रिकॉर्ड का सही रख-रखाव, जैविक कचरे, फायर एनओसी से संबंधित प्रोटोकोल का अनुपालन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। उपायुक्त ने कहा है कि चिकित्सीय संस्थानों के संचालन हेतु निर्धारित दिशा निर्देशों व नियमों का अनुपालन सुनिश्चित नहीं करने वाले स्वास्थ्य संस्थानों पर कार्रवाई की जायेगी।गौरतलब होकि क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट अन्तर्गत दिनांक 14 जून 2024 को राज्य एवं जिला स्तरीय टीम के द्वारा संयुक्त रूप से चिकित्सीय संस्थानो का निरीक्षण किया गया था।

## सीआईडी की टीम पहुंची उरीमारी, सीसीएल सुरक्षा विभाग व थाना से मांगा रिपोर्ट

# सीसीएल के पदाधिकारियों पर कभी भी गिर सकती है गाज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र में रांची से आए सीआईडी कि दो सदस्यीय टीम ने सोमवार को उरीमारी के विभिन्न चेकनाका व चालान घरों में जांच के लिए पहुंचे। छह घंटे तक चली इस जांच के दौरान कोयला ट्रांसपोर्टिंग में चल रहे हाइवा व लोडिंग कार्य का ब्यौरा लिया। मालूम हो कि बिते 17 मार्च को सीसीएल सुरक्षा कर्मियों ने रात्रि में हाइवा सहित 18 टन अवैध कोयला को पकड़ा था। जिसमे हाइवा नंबर ओडी 09 पी 6147 को पकड़ा था। मामले को लेकर सीसीएल सुरक्षा विभाग के द्वारा उरीमारी ओपी में मामला दर्ज करवाया था। इन सभी मामलों को लेकर सीआइडी कि टीम सोमवार को बरकासयाल महाप्रबंधक कार्यालय, उरीमारी परियोजना,बिरसा परियोजना व न्यू बिरसा परियोजना के दफ्तरों में जाकर जांच पड़ताल शुरू किया। इस दरमियान सीसीएल सुरक्षा कर्मियों के कई पदाधिकारीयो से मामले कि




जानकारी ली। दो सदस्यीय टीम में सीआइडी इंस्पेक्टर प्रियंका आंनद व सब इंस्पेक्टर शिव नारायण मोची शामिल थे। जांच के दौरान उरीमारी चेकपोस्ट,बिरसा चेकपोस्ट व न्यू बिरसा चेकपोस्ट में 17 मार्च के सभी चालानो कि जांच कि।

**कभी भी गिर सकती है पदाधिकारियों पर गाज**

मालूम हो कि सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र के उरीमारी परियोजना व बिरसा परियोजना व न्यू बिरसा परियोजना क्षेत्र में कोयले कि कालाबाजारी होती रहती है। जिसमे कोयला माफिया व सफेद पोश लोग शामिल हैं। इसी मामले को लेकर रांची से आई सीआइडी कि टीम ने अपना जांच शुरू कर दिया है। हालांकि सीआइडी कि टीम ने कुछ भी बताने से परहेज़ कर रही। जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि कोयले कि इस कालाबाजारी का बहुत जल्द ही पर्दाफाश किया जाएगा। वहीं इस कोयले कि कालाबाजारी में कई सफेदपोश चेहरे शामिल है। जिनके उपर जल्द ही गाज गिरती नजर आएंगी।

**उरीमारी पुलिस पदाधिकारीयो से भी सीआइडी कि टीम ने कि पुछताछ**

रांची से आए सीआईडी कि दो सदस्यीय टीम ने सोमवार को सीसीएल कि विभिन्न चालान घरों कि जांच करने के पश्चात उरीमारी ओपी पहुंची। यहां सीआइडी कि टीम ने 17 मार्च को सीसीएल सुरक्षा विभाग द्वारा पकड़े गए वाहन व ओपी में दिए गए आवेदन कि जांच कि। पुलिस के द्वारा इस मामले में कि गई कार्रवाई व केस से संबंधित मामले कि पुछताछ कि। छह घंटे तक चली इस पुछताछ के बाद सीआइडी कि टीम ने बंद फाइलों को लेकर देंर शाम रांची लौट गई।

## उपायुक्त ने सुनी जनता की फरियाद

**रामगढ़ :** सोमवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए लोगों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने भूमि, सड़क, रोजगार, आवास, विभिन्न विकास कार्यों, योजनाओं के लाभ सहित अपनी समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया जिसके उपरांत उपायुक्त ने मामलों के निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।


### रेल यात्रा वृत्तांत पुरस्कार योजना-वर्ष 2024

रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) सभी भारतीयों के लिए हिंदी में रेल यात्रा वृत्तांत प्रतियोगिता आयोजित कर रहा है, जिसमें निम्नानुसार राशि एवं प्रशस्ति-पत्र दिए जाने का प्रावधान है: **प्रथम पुरस्कार (एक): ₹ 10,000 । द्वितीय पुरस्कार (एक): ₹ 8,000 । तृतीय पुरस्कार (एक): ₹ 6,000 । प्रेरणा पुरस्कार (पांच): ₹ 4,000 प्रत्येक ।** रेल यात्रा वृत्तांत हिंदी भाषा में होना चाहिए और मौलिक होना चाहिए तथा न्यूनतम 3000 शब्दों एवं अधिकतम 3500 शब्दों तक होना चाहिए। यह डबल स्पेस में टाइप किया हुआ, चारों तरफ कम-से-कम एक इंच का हाशिया छोड़ा हुआ हो और पृष्ठ संख्या अंकित हो। शब्दों की कुल संख्या लिखी होनी चाहिए। वृत्तांत के प्रारंभ में एक अलग कागज में बड़े अक्षरों में नाम, पदनाम, आयु, कार्यालय/निवास का पता, मातृभाषा, मोबाइल नं., ई-मेल, वृत्तांत के शब्दों की संख्या आदि का उल्लेख किया जाना चाहिए। इस योजना में भाग लेने के इच्छुक केंद्रीय अथवा राज्य सरकार की सेवा में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों को इस आशय का घोषणा पत्र देना होगा कि उनके विरुद्ध किसी भी प्रकार का सतर्कता/अनुशासन एवं अपील नियम से संबंधित मामला लंबित या विचाराधीन नहीं है। जो आवेदक सरकारी सेवा में नहीं हैं, उन्हें इस आशय का घोषणा पत्र देना होगा कि उनके खिलाफ न तो किसी प्रकार का आपराधिक मामला चल रहा है और नहीं वे किसी प्रकार की सजा भुगत रहे हैं। इसके अतिरिक्त सभी प्रतिभागियों को घोषणा पत्र में यह भी उल्लेख करना होगा कि- *''संबंधित रेल यात्रा वृत्तांत मेरी मौलिक रचना है, इसे किसी अन्य पुरस्कार योजना के अंतर्गत पुरस्कृत नहीं किया गया है।''* प्रतिभागी अपनी प्रविष्टि दो प्रतियों में **31.07.2024** तक सहायक निदेशक, हिंदी (प्रशिक्षण), कमरा नं.-316, कॉफमो रेल कार्यालय परिसर, तिलक ब्रिज, आईटीओ, नई दिल्ली-110002 को निरापवाद रूप से भिजवा दें। वृत्तांत की एकल प्रति प्राप्त होने पर प्रविष्टि रद्द कर दी जाएगी। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त प्रविष्टियों पर मंत्रालय द्वारा विचार नहीं किया जाएगा। **(PR-332)**

दक्षिण पूर्व रेलवे

*मुस्कान के साथ सेवा*



### कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्णरेखा शीर्षकार्य प्रमंडल,राँची।

E-mail ID-eedwsd.headworks@gmail.com

**शुद्धि–पत्र**

दिनांक 14.06.2024 को स्थानीय दैनिक समाचार पत्र में अति अल्पकालीन निविदा प्रकाशित की गई थी। जिसका PR No.–326299 Drinking water & Sanitation (24-25) D. है, जिसमें निम्नांकित संशोधन किया जाता है।

1. अति अल्पकालीन निविदा को अल्पकालीन निविदा पढ़ा जाए।
2. अग्रधन की राशि (रूपये में) – 1180100.00 (ग्यारह लाख अस्सी हजार एक सौ रूपये)
3. बेवसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय – 08.06.2024 को 02:00 बजे अपराह्न में।
4. निविदा के पूर्व बैठक की तिथि – 12.07.2024 को 12:30 बजे अपराह्न में।
5. बेवसाइट पर निविदा प्राप्ति की अन्तिम तिथि एवं समय – 19.07.2024 को 5:00 बजे अपराह्न तक।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 20.07.2024 को 5:00 बजे अपराह्न तक।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता।

PR 328262 Drinking Water and Sanitation(24-25)D



आज़ादी का अमृत महोत्सव | स्वच्छ सर्वेक्षण 2024

### कार्यालय, नगर पंचायत, बुण्डू (राँची)

पता- ब्लॉक रोड, बुण्डू, पिन – 835204

Email Id- nagarpanchayatbundu@gmail.com

पत्रांक – दिनांक –

**Declaration**

This is Certify that Bundu Nagar Panchayat have taken proper penal action for non – compliance under the prohibition of employment as manual scavengers and their rehabilitation Act (PEMSRA) 2013. If any institution / Concessioner have not follow the said act then aforesaid Penal action is taken against institution/Concessioner.

PR 328315 Urban Development (24-25)_D

**Administrator**
**Nagar Panchayat Bundu**



### झारखण्ड सरकार
### श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
### जिला नियोजनालय, गढ़वा

संशोधित

**दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला– 04 जुलाई–2024**

**सूचना**

राज्य के बेरोजगार युवाओं / युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजित कराने के उद्देश्य से निदेशालय,नियोजन एवं प्रशिक्षण झारखण्ड, राँची के तत्वाधान में जिला नियोजनालय –सह– मॉडल कैरियर सेन्टर, गढ़वा द्वारा दिनांक–04.07.2024 को पूर्वाह्न–10.30 बजे से 4.00 अपराह्न तक जिला नियोजनालय गढ़वा के प्रागंण में ''दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला–2024'' का आयोजन किया जा रहा है।

रोजगार मेला में निम्नांकित प्रमुख निजी नियोजकों ने उपस्थित रहने हेतु सहमति प्रदान की है :–

| SL. No. | Name and Add. Of the Employer | Name of the Post | No. Of Vacancy | Qualification Essential | Qualification Desirable | Experience | Age | Salary Remarks | Job Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 01 | Freedom Employability Academy, Delhi. | Facilitator | 60 | Graduate ( Any stream ) | - | - | 18-45 yr | 13000 /- ( Gross Salary) | Korba, Ambikapur,Bilaspur,Raipur,durg, |
| 02 | Reliance Trends, Garhwa | Customer Service Associate | 01 | 12th Pass | - | 0-2 Yr | 19-30yr | 9000 - 10000 | Garhwa |
| 03 | R.K.V.S Sansthan, Garhwa. | Assistant Professor | 12 | M.A and M.Ed | Net / Ph.D | - | 40yr | 22,500 | Garhwa, |
| 04 | B.S.K.D Public school Garhwa | PGT | 03 (SST-1 ENG-1 Computer-1) | Master's degree and a degree in Education is mandatory | - | 25 to 35 | Minimum three year experience | 8000-12000 | Garhwa |
| 05 | Spandana Sphoorty financial Ltd, Garhwa | Credit Assistant ( Loan Officer) | 20 | 12th, ITI/ Diploma | - | - | 18.5 - 27.6 Yr | 12000/- | Jharkhand |
| 06 | Life Insurance corporation Of India | Normal Agent/ Insurance advisor | 100 | 10th Pass | 12th Pass 750/- exam Fee | - | 18 yr | Commission Allowances, | Garhwa |
| 07 | Credit Access Grameen Ltd. | Trainee Kendra Manager | 30 | 10th, 12th, Diploma, | Graduation | - | 19-28 yr | 12250/- (CTC) | Japla, Nagar untari, Daltonganj and Chhatarpur |
| 08 | Gramin Siksha avam Prashikshan Fountation | CNC Quality | 250 | 10th, 12th Pass, ITI , | Diploma, Graduation | | 18-36 yr | 15000 – 18000/- | Ahmedabad |
| 09 | Ciel Hr Services Pvt. Ltd | Helper, Process Associate, Picker, Packer | 400 | 10th or below/ ITI /Diploma | - | Freshers | 18-35 yr | 12000-20000/- | Chennai, Bangalore, Maharashtra |
| 10 | Metalman Auto Pvt. Ltd | Machine Operator | 100 | ITI/ ( Any Trade ) | - | - | 18-35 yr | 18,232/- (12 hrs) | Hosur, Bengaluru |
| | | Associate | 100 | | 8th Pass | - | 18-35 yr | 17,960/- (12 hrs) | |
| 11 | Nettur Technical Training Foundation | On the job trainee (NCVET Program ) | 150 | 10th pass / 12th pass | ITI | - | 18-25yr | 14,100-14,300/- | Bangalore |
| 12 | Quess Corp Ltd., Bangalore | Training Operator | 200 | 12th Pass / ITI | - | - | 18-23 yr | 14500/- | Sanand (Gujrat) |
| 13 | Baazar Style Retail Ltd., Garhwa | On Job Trainee | 2 | 12th pass | - | Fresher | 18 yr | 8000/- | Garhwa |
| 14 | Inodya preceptors Pvt Ltd. Bangalore | Machine Operator | 50 | 12th Pass | - | - | 18-32 yr | 18000-26000/- | Bangalore |
| | | Quality Inspector | 50 | 10th | ITI | - | 18-32 yr | 18000-26000/- | |
| | | Helper | 50 | 10th Pass | - | | 18-32 yr | 18000-26000/- | |
| 15 | Chaitanya India Finance Pvt. Ltd. | CRE | 100 | 10th Pass | - | - | 18-28 yr | 10,890 + Bonus and Fuel | Palamu Garhwa |
| 16 | V R Enterprises | Language Lab Coordinator | 28 | Graduation + 1 yr PGDCA/DCA, BCA.B.Sc.,IT. B.tech. | - | - | 22-35 yr | 10,000/- | Across Block Level, Garhwa |
| 17 | Bharat Finance Inclusion Limited | Loan Officer | 15 | 12th Pass | Graduation | - | 18-28 yr | 13,500/- | All over Jharkhand |
| 18 | SBI Life Insurance | Advisor | 100 | 10th Pass | - | - | 18-55 yr | As Per Commission | Garhwa |
| 19 | Tata Electronics Pvt. Ltd. | ITI Electronics and Fitter | 100 | ITI (Electronics & Fitter) | - | - | 18-40 yr | 14322/- | Ranchi |
| | | Supervisor | 10 | 12th | BA | - | 18-40 yr | 13220/- | Garhwa |
| | | Computer Operator | 25 | 12th | DCA | - | 18-40 yr | 17000/- | Garhwa |

मेला में भाग लेने के योग्य एवं इच्छुक अभ्यर्थियों को झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना अनिवार्य है। यदि वे पूर्व में निबंधित न हो तो रोजगार मेला के पूर्व अपना निबंधन अपने स्थानीय नियोजनालय में निश्चित रूप से करा लें या नियोजनालय के अधिकृत वेबसाईट–www.jharniyojan.jharkhand.gov.in पर जाकर स्वंय निबंधन कर सकते हैं। रोजगार मेला के दिन कार्यालय में निबंधन का कार्य स्थगित रहेगा। साथ ही नियोजक / नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों की छाया प्रति, बायोडाटा (02 कॉपी) तथा दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ साक्षत्कार हेतु उपस्थित हों। रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है, इसलिए रिक्ति के नियम एवं शर्तों के लिए सीधे नियोजक उत्तरदायी है। विभाग एवं नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहे है। मेला में भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार का भत्ता देय नही होगा।

रोजगार मेला में अधिकांश झारखण्ड राज्यान्तर्गत निजी क्षेत्र के नियोजक भाग लेंगें एवं इनके द्वारा अधिसूचित रिक्तियों में झारखण्ड राज्य अन्तर्गत निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 लागू होगा। इन रिक्तियों के विरुद्ध स्थानीय उम्मीदवार के रुप में लाभ प्राप्त करने के लिए किसी एक पदाधिकारी यथा– **अंचल अधिकारी, अनुमण्डल पदाधिकारी तथा उपायुक्त** के स्तर निर्गत किए गए **स्थानीय निवास प्रमाण पत्र** लाना अनिवार्य होगा।

रिक्तियों की विस्तृत विवरणी गढ़वा जिला के अधिकृत वेबसाईट –www.garhwa.nic.in तथा नियोजनालय के अधिकृत वेबसाईट–www.jharniyojan.jharkhand.gov.in पर उपलब्ध है।

**नोट :–मेला में भाग लेने वाले कम्पनी की संख्या तथा उनके द्वारा उपलब्ध कराई गई रिक्ति घट–बढ़ सकती है।**

निवेदक
जिला नियोजन पदाधिकारी, गढ़वा

**PR 328230 Labour Employment and Traning(24-25)#D**


## चेतन शाखा द्वारा डॉक्टरो एवं सीए को सम्मानित किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** डॉक्टर नीति बरेलिया और डॉक्टर अंजू खंडेलवाल को मोमेंटो और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। देश के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली चार्टेड अकाउंटेंट को भी मोमेंटो और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया । इस मौके पर सीए अनिल खंडेलवाल,सीए उषा खंडेलवाल, सीएरिमीअग्रवाल ,सीएशालिनी अग्रवाल , सीए राशिअग्रवाल मौजूद थे। इन सभी को मोमेंटो और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम को शाखा अध्यक्ष अनु खंडेलवाल के निवास स्थल पर संपन्न ने किया गया। इस कार्यक्रम में चेतना शाखा की अन्य सदस्य सैली अग्रवाल , नेहा मित्तल ,शिखा गर्ग ,अर्पिता पोद्दार आदि शामिल थे।


### कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक, लोहरदगा

**-: अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना :-**

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत् लोहरदगा जिला में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (मध्याह्न भोजन) योजना अन्तर्गत स्कूल स्टेप डिलीवरी के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए लोहरदगा जिला के सभी प्रखण्ड में अवस्थित राज्य खाद्य निगम गोदाम से सभी संबंधित प्रखण्ड के विद्यालयों तक सरकार द्वारा निर्धारित अधिकतम 42.50 (बियालीस रूपये पचास पैसे) मात्र प्रति क्विंटल की दर सीमा अंतर्गत, जो वर्ष 2024–25 तक मान्य होगा के लिए निविदा आमंत्रित की गई थी, जिसमें किसी भी निविदा दाता का चयन नहीं हो पाने के कारण पुनः निविदा आमंत्रित की जाती है।

खाद्यान्न (चावल) के परिवहन–सह–हथालन कार्य करने हेतु लोहरदगा जिला के सभी प्रखण्डों के विद्यालयों के लिए **दिनांक 02.07.2024 से 16.07.2024 के 5.00 बजे अपराह्न तक** विहित प्रपत्र में सशर्त खुली निविदा आमांत्रित की जाती है तथा **दिनांक 19.07.2024 को 12.00 बजे निविदा समिति** के समक्ष खोली जायेगी।

निविदा की अन्य शर्तें https://lohardaga.nic.in पर देखी जा सकती है।

जिला शिक्षा अधीक्षक, लोहरदगा ।

उप विकास आयुक्त लोहरदगा।

PR 328251 Lohardaga (24-25)_D



### उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़
### (जिला पर्यटन, कला संस्कृति खेलकूद युवाकार्य शाखा)

दूरभाष : 06553–261555(O) Email ID : dsoramgah48@gmail.com

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को PR No-327596 द्वारा सूचित किया गया था कि **''मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना''** अन्तर्गत जिले के 60 वर्ष से अधिक आयु के निर्धन (बी0पी0एल0 श्रेणी) एवं वरिष्ठ नागरिकों को धार्मिक तीर्थ स्थलों के दर्शन कराने हेतु विशेष ट्रेन द्वारा IRCTC के माध्यम से जुलाई–2024 से अगस्त–2024 के बीच निः शुल्क यात्रा निम्न प्रकार से निर्धारित किया गया है:–

| क्र0 सं0 | धर्म | तीर्थ यात्र का नाम | तीर्थ यात्रा के निर्धारित तिथि | आवेदन समर्पित करने की अंतिम तिथि। |
|---|---|---|---|---|
| 01 | ईसाई | गोवा (Basilica of Bom jesus, etc) | दिनांक–10.07.2024 से दिनांक 16.07.2024 तक | दिनांक 04.07.2024 |
| 02 | हिन्दु | द्वारिका एवं सोमनाथ | दिनांक–20.07.2024 से दिनांक 27.07.2024 तक | दिनांक 08.07.2024 |
| 03 | मुस्लीम | अजमेरशरीफ, आगरा एवं फतेहपुर सीकरी | दिनांक–02.08.2024 से दिनांक 08.08.2024 तक | दिनांक 25.07.2024 |

उक्त के आलोक में जो पहले यात्रा नहीं किये है, उन लाभुको से तीर्थ दर्शन हेतु रामगढ़ जिला के निवासीयों को उपरोक्त तिथि अनुसार संबंधित प्रखण्ड कार्यालय एवं जिला खेल कार्यालय, रामगढ़ (अनुमण्डल कार्यालय के भू–तल) में जमा करेंगे।

**नोट :–** आवेदन पर जिला के अधिकारिक वेबसाईट https://ramgarh.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है अथवा जिला खेल कार्यालय, रामगढ़ के कार्यालय, से प्राप्त किया जा सकता है। अधिक जानकारी हेतु जिला पर्यटन विशेषज्ञ, रामगढ़ श्री सत्यम, मो0– 7488474122 से सम्पर्क किया जा सकता है।

विश्वासभाजन, ह0/–
जिला खेल पदाधिकारी,
–सह–जिला पर्यटन नोडल पदाधिकारी, रामगढ़

**PR 328271 District(24-25)#D**

## रक्तदान शिविर में रोटरी सदस्यों ने किया रक्तदान



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सोमवार को गिरिडीह ज़िले में रोटरी क्लब के सत्र 2024-25 के प्रथम रोटरी गिरिडीह द्वारा रोटरी रक्दान शिविर का आयोजन रोटरी नेत्र चिकित्सालय में किया गया द्यवही शिविर का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि निवर्तमान डिस्ट्रिक्ट गवर्नर शिव प्रकाश बगड़िया द्वारा फीता काट कर किया गया।जिसमें कुल 40 लोगों ने रक्तदान किया । साथ ही साथ 1 जुलाई को डॉक्टर डे एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट डे के अवसर पर शहर के प्रसिद्ध डॉक्टर डॉश मोश आजाद, डॉ0 राम रतन केडिया, डॉ0 शशि भूषण चौधरी, डॉ0 मीता साव, डॉ0 विकास माथुर, डॉ0 विनय गुप्ता, डॉ0सौहेल अख्तर एवं डॉ0 विकास लाल एवं चार्टर्ड अकाउंटेंटगण में प्रभाष कुमार दत्ता, संजय शर्मा,विकास बगड़िया को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में रोटरी गिरिडीह के नए अध्यक्ष रवि चूड़ीवाला, सचिव मयंक राजगढ़िया, शिविर संयोजक डॉ तारक नाथ देव, अमित अग्रवाल, मनीष वर्णवाल, अमित गुप्ता, राजेंद्र बगड़िया, नरेंद्र सिंह, राजन जैन, संतोष अग्रवाल, पियूष मुसद्दी, आशीष तर्वे, रवि बगड़िया, मनीष केडिया, देवेंद्र सिंह, विकास बसईवाला, अमित डे,नवीन सेठी, प्रमोद कुमार, नीरज शर्मा, प्रदीप डालमिया, तरणजीत सिंह, शंभू जैन, लक्खी गौरीसरिया, अभिषेक जैन, अजय जैन, अमित तुलस्यान, शरद रूंगटा, सिद्धार्थ जैन एवं ब्लड बैंक के कर्मचारियों अहम योगदान रहा।

## लायंस क्लब ऑफ़ गिरिडीह एलिट द्वारा सर जेसी बोस गर्ल्स स्कूल में किया गया वृक्षारोपण

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** लायंस क्लब ऑफ़ गिरिडीह एलिट द्वारा सर जेसी बोस गर्ल्स हाई स्कूल में 25 छायादार वृक्ष लगाकर लायंस वर्ष 2024- 25 वर्षा पानी आगमन का शुरूआत किया। इस कार्यक्रम के बाबत क्लब अध्यक्ष लायन दशरथ प्रसाद ने बताया कि इस वर्ष क्लब द्वारा विभिन्न शिक्षण संस्थानों में अलग-अलग 1500 पेड़ लगाए जायेंगे और पर्यावरण को संतुलित करने का एक छोटा सा प्रयास प्रारंभ सभी कोई कदम से कदम मिलाकर चले। वहीं जोन चेयरपर्सन लायन धर्म प्रकाश ने बताया कि फॉरेस्ट वन डिस्ट्रिक्ट वन एक्टिविटी के तहत जिला 322 ए के सभी क्लबों द्वारा वृक्षारोपण किया जा रहा है। कहा कि पूरा विश्व प्राकृतिक असंतुलन से जूझ रहा है, ऐसे में प्राकृतिक संतुलन को बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण सबसे कारगर उपाय है जिसे प्रत्येक इंसान को अपने परिवार के जन्मदिन के उपलक्ष्य में एक पेड़ लगाएं। ग्लोबल वार्मिंग आज हम सभी के लिए अति गंभीर चिंता का विषय बना पड़ा हुआ है पेड़ लगाने से हम पर्यावरण को संतुलित करने के साथ साथ पृथ्वी को हो रहे नुकसान से भी निजात दिला सकेंगे इसका एक मात्र उपाय है हरित क्रांति। स्कूल के प्रधानाध्यापक मुन्ना कुशवाहा ने कहा कि पेड़ ही जीवन है जैसे जल ही जीवन है, इसलिए सभी लोगों को पेड़ लगाना चाहिए और खुशीयों को संजोए।

## बस व बाइक की जोरदार टक्कर, तीन युवक गंभीर रूप से घायल

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के अंतर्गत मेमको मोड नालंदा कॉटेज के समीप सोमवार की दोपहर एक स्कूल बस और बाइक में जोरदार टक्कर हो गई। घटना में बाइक पर सवार तीन युवक को गंभीर चोट आई है। घटना के संबंध में प्रत्यक्षदर्शीयों ने बताया कि बाइक पर तीन युवक बिना हेलमेट के काफी तेज रफ्तार से मेमको मोड़ की ओर जा रहा था, तभी अचानक दूसरी तरफ से आ रही एक निजी स्कूल बस और बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें बाइक सवार तीन युवक टक्कर के बाद सड़क पर गिर गए और देखते ही देखते स्थानीय लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। स्थानीय लोगों ने घायल को इलाज के लिए शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। जहां युवक की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। घायल युवकों का नाम आकाश मुर्मू, भगत सिंह और मंटू सिंह सभी लोग बगुला के रहने वाले बताए जा रहे हैं। जबकि निजी बस चालक बस लेकर मौके से फरार हो गया।

## यूथ कॉन्सेप्ट व ग्रीन लाइफ ने टी-20 में विश्व विजेता बनने पर 10 पौधे लगाकर मनाया जश्न

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पूरा देश भरतीय क्रिकेट टीम के टी-20 में विश्व विजेता बनने पर खुद को गौरान्वित महसूस कर रहा है। लोग भिन्न भिन्न तरीके से इस जीत के जश्न में डूबे हैं। इन सबसे इतर प्रदूषण की राजधानी कहे जाने वाले झरिया शहर में इस जीत को अनोखे अंदाज में मनाया गया। झरिया की सामाजिक संस्था यूथ कॉन्सेप्ट और ग्रीन लाइफ के संयुक्त तत्वधान में नीचे कुल्हि में झरिया-सिंदरी मुख्य मार्ग के किनारे 10 पौधे लगाकर उसे वृक्ष बनने तक उसकी देखभाल करने का प्रण लिया गया ताकि जब जब इस वृक्ष को देखे तो टीम इंडिया की जीत की याद ताजा होती रहे। संस्था के अखलाक अहमद और डॉ मनोज सिंह ने कहा कि ऐसे तो वो लोग पूरे वर्ष वृक्षरोपण करते रहते हैं। पर आज के वृक्षारोपण का मुख्य उद्देश्य विश्व विजेता भारतीय क्रिकेट टीम के जश्न को सालों सालों तक लोग याद रखें। कहा कि आने वाले दिनों में इंदिरा चौक से लेकर ऊपर कुल्हि तक सड़क किनारे वृक्षारोपण करेंगे। दोनों ने झरिया की प्रदूषण पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इस मौत रूपी समस्या का निदान अब बस पौधारोपण ही है। उन्होंने झरिया वासियों से इस बरसात में एक एक वृक्ष लगाने और उसके बड़े होने तक उसकी देखभाल करने की प्रण लेने की अपील की। मौके पर डॉ मनोज सिंह, अखलाक अहमद, अब्दुल रहमान, रूमी खान, शाहनवाज खान, बबलू शाह, मो नफीस, मो अजीज, मो डब्लू, मो अशफ़ाक हुसैन, मो सादुल, मो अमन, मो राजा, हदिया, हिंजा, रोहन, शिफा आदि मौजूद थे।




## पवित्रम सेवा परिवार ने आयोजित किया पवित्रम वन महोत्सव

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पवित्रम सेवा परिवार धनबाद के द्वारा बरवाअड्डा स्थित गणेश पेट्रोल पंप में पवित्रम वन महोत्सव का आयोजन किया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में धनबाद सांसद ढुलू महतो की धर्मपत्नी सावित्री देवी उपस्थित थी। मुख्य अतिथि को एक पौधा, श्रीमद्भागवत गीता देकर एवं शाल ओढ़ा कर सम्मानित किया गया। आयोजन में पौधे लगाने और पर्यावरण बचाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम मे सभी लोगों ने मंत्रों के माध्यम से धरती और पर्यावरण को बचाने का संकल्प किया द्य सभी उपस्थित लोगों को पर्यावरण बचाने के लिए अपने जीवन शैली मे बदलाव, एसी का उपयोग कम करने, डिस्पोजल का प्रयोग कम करने, प्लास्टिक का प्रयोग कम करने का संकल्प लिया।




**अमरदीप भगत हत्याकांड : पुलिस ने 5 अपराधियों को किया गिरफ्तार, दो पिस्टल बरामद**

# छिनतई का विरोध करने पर अमरदीप को मारी गई थी गोली : एसएसपी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** लॉ कॉलेज दामोदरपुर में 21 जून को अमरदीप भगत की हत्या में शामिल पांच अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। यह जानकारी एसपी ह्रदीप पी जनार्दनन ने अपने कार्यालय में एक जुलाई को प्रेस कांफ्रेंस आयोजन कर दी। इस दौरान उन्होंने बताया कि लॉ कॉलेज के पास 21 जून को सूचना मिली कि एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई। उसकी मां की शिकायत पर एक टीम का गठन किया गया है जिसका नेतृत्व सिटी एसपी अजीत कुमार ने की जिसमें डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर अरविंद कुमार बिन्हा धनबाद थाना प्रभारी और बैंक मोड़ थाना प्रभारी शामिल थे।

जांच के दौरान सूचना प्राप्त हुआ कि आकाश जेसी मलिक रोड के कली मंदिर के पास रहता है, जो इस कांड में शामिल है। उनके पास देसी कट्टा भी है। उनके घर में छापेमारी कर उसे गिरफ्तार किया और उनके निशानदेही पर देसी कट्टा को भी बरामद की गई। उन्होंने पूछताछ पर अपने कांड की शामिल उनके साथ चार साथी का भी नाम दिया। पुलिस के अनुसार आकाश से पूछताछ पर उन्होंने बताया कि रात में छिनतई करने के लिए से उसे लड़का के साथ कांड किया था। लड़का जब विरोध किया तो गुस्से में आकर उसको मार दिया गया। आकाश के साथ संदीप मंडल, मुकेश कुमार, विष्णु कुमार सहित पांच साथी को गिरफ्तार किया। जिनके पास से एक देसी कट्टा और एक पिस्टल को बरामद किया गया।

## विधायक ने मटकुरिया में 300 फीट पीसीसी पथ निर्माण कर जनसेवा में किया समर्पित




प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** सोमवार को धनबाद विधायक राज सिन्हा ने बैंक मोड़ मण्डल अंतर्गत मटकुरिया बस्ती में आँगनबाडी केंद्र से कपिल गोस्वामी के घर तक 300 फ़ीट पीसीसी पथ निर्माण कर जनसेवा में समर्पित किया।

मौके पर ग्रामीणों के बच्चों के बीच विधायक राज सिन्हा ने अपने हाथों से मिठाई बाँटी। मौके पर भाजपा द्वारा चलाये जा रहे एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत दर्जनों वृक्षारोपण भी किये गए। मौके पर बैंक मोड़ मण्डल अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह सोनू, जिला महामंत्री रवि सिन्हा, नीरज सिन्हा, बृजमोहन प्रसाद, रोहित विश्वकर्मा, प्रेम श्रीवास्तव, सुनीता देवी, छबिला देवी, अनीता देवी, गीता देवी, कंचन देवी, मीरा देवी एवं दर्जनों स्थानीय लोग उपस्थित रहें।

## जमीनी विवाद में महिला ने भैसुर पर मारपीट करने का आरोप लगा थाने में दिया आवेदन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बिरनी :** प्रखंड क्षेत्र के बरहमसिया पंचायत के ग्राम झांझ निवासी सुदामा देवी पति विश्वनाथ प्रसाद वर्मा ने बिरनी थाना में एक आवेदन देकर अपने हीं भैसुर रामदेव प्रसाद कुशवाहा पिता डेगन उर्फ जगदीश महतो एवं अभिजीत कुमार वर्मा पिता रामदेव प्रसाद कुशवाहा पर मारपीट करने का आरोप लगाई है। इस बीच पीड़िता सुदामा देवी ने कहा कि इसी पंचायत के मौजा नवादा में खाता नंबर 24 प्लॉट नंबर 381 में 1.25 डिसमिल जमीन पर हमदोनों पक्षों का पहले से विवाद चल रहा था, जिस पर जिला न्यायालय ने द्वितीय पक्ष के हक में फैसला दिया था, जिस पर मैं असंतुष्ट होकर पुनः न्यायालय में दुबारा विचार करने के लिए आग्रह किया, जो अभी तक विचाराधीन है। उक्त जमीन पर कल रविवार को रामदेव प्रसाद कुशवाहा एवं उसका पुत्र अभिजीत दो मजदूरों के साथ निर्माण कार्य को करवा रहा था। इस बीच जब मैं और मेरी बहु सीमा वर्मा मना करने गई तो रिश्ते में भैसुर लगने वाले रामदेव प्रसाद कुशवाहा ने मेरे और मेरी बहु के साथ गंदी गंदी गाली एवं मारपीट करते हुए मुझे जमीन पर पटक दिया, इतना हीं नहीं गलत नीयत से उसने मेरी बहु के शरीर पर हाथ भी फेरने लगा। और मेरे गले में पहना हुआ चांदी की एक चेन को भी झपट लिया। हो हल्ला करने पर एकत्रित हुए लोगों ने हम सास बहू को बचाकर इलाज के लिए भेज दिया। वहीं थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि उक्त जमीन विवाद का मामला अनुमंडल कार्यालय में लंबित है, एक पक्ष के द्वारा थाना में आवेदन दिया है। जांचोपरांत दोषियों पर कार्यवाई की जायेगी।

## पूर्व मध्य रेलवे ने पहली तिमाही में 51.61 मिलियन टन की रिकॉर्ड लोडिंग की

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** पूर्व मध्य रेल द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के प्रथम तिमाही में (अप्रैल से जून तक) रिकॉर्ड 51.61 मिलियन टन का माल लदान किया गया जो पिछले वित्तीय वर्ष के इसी अवधि में किये गये माल लदान 48.18 मिलियन टन की तुलना में 07.12 प्रतिषत अधिक है। पूर्व मध्य रेल 51.61 मिलियन टन लोडिंग के साथ भारतीय रेल के सभी क्षेत्रीय रेलों में प्रथम तिमाही में किये गये माल लदान के मामले में चैथे स्थान पर रहा । प्रथम तिमाही में गेहूं एवं मक्के की लोडिंग के मामले में रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की गयी है । अप्रैल से जून, 2024 तक गेहूं की 37 रेक लोड की गई जो पिछले वर्ष के इसी अवधि में लोड किए गए 15 रेक की तुलना में 146.67 प्रतिषत अधिक है । इसी तरह अप्रैल से जून, 2024 तक मक्के की 317 रेक लोड की गई जो पिछले वर्ष के इसी अवधि में लोड किए गए 152 रेक की तुलना में 109 प्रतिषत अधिक है । पूर्व मध्य रेल को चालू वित्त वर्ष 2024-25 के प्रथम तिमाही (अप्रैल से जून तक) में किये गये माल ढुलाई से कुल 6789.98 करोड़ रूपए की प्रारंभिक आय प्राप्त हुई है । यह आय पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 के प्रथम तिमाही में माल ढुलाई से प्राप्त प्रारंभिक आय 6353.05 करोड़ रूपये के तुलना में 6.88 प्रतिषत अधिक है । इस दौरान धनबाद मंडल का लदान क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान रहा । धनबाद मंडल द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के प्रथम तिमाही में (अप्रैल से जून तक) रिकॉर्ड 48.71 मिलियन टन का लदान किया गया जो पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 के प्रथम तिमाही में किये गये लदान 46.03 मिलियन टन की तुलना में 5.82 प्रतिषत अधिक है । साथ ही, धनबाद मंडल को चालू वित्त वर्ष के प्रथम तिमाही में किये गये माल ढुलाई से कुल 6777.31 करोड़ रूपए की प्रारंभिक आय प्राप्त हुई है । यह आय पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 के प्रथम तिमाही में माल ढुलाई से प्राप्त प्रारंभिक आय 6463.30 करोड़ रूपये के तुलना में 4.86 प्रतिषत अधिक है।



## आईआईटी आईएसएम में तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन संपन्न




प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** गणित और कंप्यूटिंग विभाग द्वारा आईआईटी (आईएसएम) धनबाद में मॉडलिंग, विश्लेषण और सिमुलेशन पर आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभागियों को झिझक छोड़ने एवं स्वयं पर लगाए गए अवरोधों से बाहर आने और ज्ञान प्राप्त करने के लिए विशेषज्ञों से बातचीत करने और के उपदेश के साथ संपन्न हुआ। यह अवसर संस्थान के गोल्डन जुबली लेक्चर थियेटर में आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम के समापन समारोह का था, जिसमें आईआईटी खड़गपुर के प्रख्यात गणितज्ञ प्रोफेसर ईजीपी राजशेखर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। जबकि प्रोफेसर एमके सिंह, डीन (अकादमिक) ने समारोह की अध्यक्षता की। प्रोफेसर आर के उपाध्याय, विभागाध्यक्ष, गणित एवं कंप्यूटिंग, जो सम्मेलन के अध्यक्ष भी हैं, ने अपने विभाग के गौरवशाली इतिहास और सम्मेलन की पृष्ठभूमि के बारे में भी प्रकाश डाला। सम्मेलन के संयोजक प्रोफेसर संजीव आनंद साहू ने सम्मेलन की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए कहा कि तीन दिवसीय सम्मेलन में अनुसंधान विद्वानों और संकाय सदस्यों सहित प्रतिभागियों द्वारा कुल 81 शोध पत्र प्रस्तुत किए गए, जिनमें एनआईटी रायपुर, एनआईटी आंध्र प्रदेश, आईआईटी गुवाहाटी के प्रतिभागी शामिल थे।

## कतरास में सुलभ सुविधा केंद्र शौचालय का हुआ उद्घाटन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कतरास :** राजगंज रोड सब्जी पट्टी स्थित धनबाद नगर निगम धनबाद के अपर नगर प्रशासक महेश्वर महतो ने सुलभ सुविधा केंद्र शौचालय का फीता काटकर उद्घाटन किया। अपर नगर प्रशासक महेश्वर महतो ने कहा कि यहां सुलभ शौचालय खुलने से बाहर से आने वाले लोग और शहर के आसपास के लोगों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। मौके पर गेल गैस लिमिटेड के महाप्रबंधक अनिल कुमार, अपर महाप्रबंधक तपन पलई, सुलभ इंटरनेशनल के राज्य नियंत्रक आनंद शेखर, दिव्यांग त्यागी, नगर प्रबंधक शब्बीर आलम, प्रदीप रजक, पंकज सिंह, राहुल कुमार, वाल्मीकि प्रसाद, शेषनारायण झा, रामानंद राय, शैलेंद्र सुलभ इंटरनेशनल के जिला प्रभारी पंकज सिंह चैंबर ऑफ़ कॉमर्स कतरास के सचिव मनोज गुप्ता, प्रकाश राम गुप्ता, फिरोज रजा, धर्मेंद्र राठौर, विजय गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## एसबीआई ने मनाया 69 वां स्थापना दिवस

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारतीय स्टेट बैंक आंचलिक कार्यालय बैंक मोड़, धनबाद द्वारा बैंक की 69 वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आंचलिक कार्यालय धनबाद द्वारा असर्फी हॉस्पिटल के सहयोग से ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें 23 यूनिट ब्लड स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के स्टाफ सदस्यों द्वारा दान किया गया। ब्लड डोनेशन कैंप का उदघाटन उपमहाप्रबंधक (व्यवसाय एवं अनुपालन) विजय कुमार द्वारा रक्तदान कर किया गया। इस मौके पर उपस्थित डॉक्टर को सम्मानित भी किया गया। बैंक दिवस के अवसर पर सोमवार को धनबाद आंचलिक कार्यालय में कृषि केंद्रीयकृत प्रसंस्करण केंद्र का भी उदघाटन ऑनलाइन स्टेट बैंक के चेयरमेन दिनेश खारा द्वारा किया गया। अमित कुमार कृषि केंद्रीयकृत प्रसंस्करण केंद्र के मुख्य प्रबंधक के रूप में पदभार ग्रहण किये। कृषि केंद्रीयकृत प्रसंस्करण केंद्र में कृषि आधारित उद्योग के लिए पचास लाख से ऊपर की ऋण प्रसंस्करण किए जायेंगे। बैंक दिवस के अवसर पर धनबाद शाखा की ओर से कॉइन मेला का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न मूल्यवर्ग की कॉइन एवं नए नोट ग्राहकों द्वारा विनिमय किया गया।

## धनबाद डिस्ट्रिक्ट फोटोग्राफर्स एसोसिएशन ने सदस्यों के लिए आयोजित किया कार्यशाला

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद डिस्ट्रिक्ट फोटोग्राफर्स एसोसिएशन ने अपने सदस्यों के लिए मदन समिति भवन, हीरापुर में विल्ट्रॉक्स लेंस का डेमो एवं डिजिटेक प्रोडक्ट प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत से हुआ। डिजिटेक से सिद्धार्थ को रंजन ने, बिलट्रोक्स मेंटर राम को रामकुमार ने कमलालय के जगन्नाथ को, अशोक प्रधान ने भारत भाई को अध्यक्ष बुला चंद्र ने बुके देकर सम्मानित किया। धनबाद जिला फोटोग्राफर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष मुन्ना सिंह ने बताया कि संस्था का गठन ही सदस्यों के उत्थान के लिए हुआ है, इसीलिये विल्ट्रोक्स लेंस व डिजिटेक के कार्यशाला में फोटोग्राफर नई तकनीक के बारे में जानकारी मिला। समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रमों के अलावा प्रशिक्षण के कार्यक्रम भी जारी रहेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के अध्यक्ष बुला चंद्रा,सचिव राम कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष विश्वास कुमार गुप्ता, अजीत कुमार, अशोक प्रधान, संतोष मिश्रा, शुभम, मुन्ना सिंह, मुन्ना चौहान समेत समस्त फोटोग्राफरों की अहम भूमिका रही।



## कावड़ यात्रा को लेकर ट्रस्ट की तैयारी युद्ध स्तर पर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमुआ :** जिले के प्रवासियों द्वारा गठित समस्त झारखंड समाज सेवा ट्रस्ट प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य कावंड यात्रा का आयोजन किया है। लाखो प्रवासियों के आस्था को ध्यान में रखते हुवे ट्रस्ट पिछले चार साल से सूरत में कावंड यात्रा का आयोजन करते आ रही है। इस यात्रा में झारखण्ड बिहार के लाखो महिलाये और पुरुष शामिल होते है । 11 अगस्त को यह यात्रा निकलेगी लेकिन इस यात्रा को लेकर ट्रस्ट अभी से ही युद्ध स्तर पर तैयारी कर रही है । यात्रियों को यात्रा के दौरान किसी तरह की समस्या ना हो बिच में ठहराव के दौरान पूरी सुविधा मिले मंदिर में जल अर्पित में किसी तरह की असुविधा ना हो जैसे तमाम बिन्दुओ पर विशेष तैयारी की जा रही है । कावंड यात्रा के तैयारी को लेकर रविवार को ट्रस्ट के आफिस में बैठक की गई और यात्रा को सफल बनाने पर चर्चा की गई । बता दे की इस साल के कार्यक्रम और भव्य होने वाला है क्योकि यात्रा सबंधित ट्रस्ट का चार साल का अनुभव है साथ ही बिच में ठहराव के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम में झारखण्ड के जाने माने कलाकार कुमकुम बिहारी का प्रस्तुति रहेगी।

## जेपी हॉस्पिटल ने डॉक्टर्स डे पर चिकित्सकों को किया सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** अंतर्राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे के उपलक्ष्य में मंझीलाड़ीह, बलियापुर रोड स्थित जेपी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर मे हॉस्पिटल के सभी चिकित्सकों के सम्मान में सम्मान समारोह आयोजित कर लोगों के अच्छे स्वास्थ्य के मद्देनजर व उनके अमूल्य योगदान के लिए संयुक्त रूप से केक काटकर व जेपी हॉस्पिटल के अध्यक्ष प्रदीप मंडल व प्रबंध निदेशक नित्यानंद मंडल के द्वारा सभी को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। इस मौके पर प्रदीप मंडल ने कहा जेपी हॉस्पिटल में हर एक विभाग के सभी विशेषज्ञ एवं अनुभवी डॉक्टरों की टीम मरीजों की सेवा में उन्हें स्वस्थ करने की अहम जिम्मेदारी के साथ अपना काम कर रही है। मौके पर डॉ आर एन सिंह, डॉ लिंगराज त्रिपाठी, डॉ गंगाधर महाराष्ट्र, डॉ ए के मिश्रा, डॉ एमके सिन्हा, डॉ कीमी नित्यानंद मंडल, प्रदीप मंडल, मैनेजिंग डायरेक्टर नित्यानंद मंडल आदि मौजूद थे।



# नए कानून से क्राईम पर लगेगा अंकुश, जनता को जल्द मिलेगा न्याय : एडवोकेट फुनी साहू

## संघीय अपराध पर पुलिस को 90 दिनो के अंदर न्यायालय मे करना होगा चार्ज शीट दाखिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** 01 जुलाई की तारीख शुरु होने के बाद घटित हुये अब सभी अपराध नए कानुन के तह्त दर्ज किये जायेंगे। 01 जुलाई से देश मे आईपीसी, सीआरपीसी, और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह 03 नए कानुन भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, और भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू हो रहे हैं। उक्त बाते प्रेस को बताते हुए कैरो मुख्यालय निवासी एडवोकेट फुनी साहू ने संवाददाता से कहा कि ये नए कानुन से जनता को शीघ्र मिलेगी न्याय, वही क्राईम पर लगेगा अंकुश, संघीय अपराध पर पुलिस को 90 दिनो के अंदर हर हाल मे न्यायालय को करना होगा चार्ज शीट दाखिल,नए कानुन में आरोपपत्र की भी टाईम लाईन तय है, आरोपपत्र दाखिल करने के लिये पहले की तरह 60 और 90 दिन का समय तो है ही, लेकिन 90 दिनो के बाद जाँच जारी रखने के लिये लेनी होगी न्यायालय से इजाजत, और जाँच को 180 दिन से ज्यादा लम्बित नहीं रखा जा सकता। पुलिस के लिये टाईमलाईन तय करने के साथ ही अदालत के लिए भी समय सीमा तय की गई है, अब मजिस्ट्रेट 14 दिन के भीतर केश का लेंगे संज्ञान ताकि केश ज्यादा से ज्यादा 120 दिनों मे ट्रायल पर आ जाये। उन्होने कहा कि इस नए कानुन से आतंकवादी गतिविधियों पर लगेगा विराम। उक्त कानुन के तहत पीड़ित का पक्ष भी न्यायालय सुनेगी, राज्य को एकतरफ़ा केश वापस लेने का अधिकार नहीं, पीड़ित कहीं पर भी दर्ज करा सकेंगे एफआईआर,जाँच की प्रगति रिपोर्ट भी दर्ज कराने वालों को मिलेगा। 07 साल या इससे अधिक सजा के अपराध में फोरेंसिक विशेषज्ञ द्वारा सबूत जुटाना होगा अनिवार्य। एडवोकेट ने कहा कि भगौडे आपराधियों की सम्पत्ति भी होगी अब जप्त,एवं भगौडे आपराधियों के अनुपस्थिति मे भी चलेगा मुकदमा। यह कानुन में एफआईआर दर्ज करने से लेकर फैसला सुनाने तक की तय की गई है समय सीमा। एडवोकेट साहू ने कहा इस नए कानुन मे और भी अमुल चूल परिवर्तन किये गए हैं, जो बदलते युग के साथ-साथ कानुन मे भी बदलाव आवश्यक था।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉक्टर वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि बीते दो माह में 1443 लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जा चुका है। पुलिस विभाग द्वारा नियमित रूप से जांच अभियान चलाया जा रहा है। बैठक में किशोर वर्ग को दोपहिया वाहन चलाने से रोकने के लिए विद्यालय स्तर शिक्षक,छात्र व उनके अभिभावकों के साथ एक बैठक कर जागरूकता कार्यक्रम किये जाने का निदेश दिया गया। आईरैड मैनेजर को जिला में अत्यधिक सड़क दुर्घटना वाले क्षेत्र को चिन्हित किये जाने का निदेश दिया गया। इसके बाद राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल को एनएच में ऐसे एक्सीडेंट जोन में साइनेज और रम्बल स्ट्रिप लगाए जाने का निर्देश दिया गया। बैठक में मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के प्रगति पर चर्चा हुई। आज की बैठक में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमा, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, आइटीडीए परियोजना निदेशक, जिला परिवहन पदाधिकारी, सिविल सर्जन समेत अन्य उपस्थित थे।

## शराब के नशे में चूर राजस्व कर्मचारी ने रैयत के साथ किया अभद्र व्यवहार



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अलौदी पंचायत क्षेत्र के आरा ग्राम का राजस्व कर्मचारी द्वारा रैयत के साथ दुर्व्यवहार का मामला प्रकाश में आते ही अंचलाधिकारी से संपर्क कर लिया गया जायजा राजस्व कर्मचारी के कार्य का अवहेलना करते हुए रैयत परेशान है। यह मामला सेन्हा अंचल का है अंचल कार्यालय में कार्यरत राजस्व कर्मचारी प्रदीप नेल्सन टोप्पो के द्वारा रैयत के साथ अपशब्द का प्रयोग करते हुए आरा ग्राम के रैयत को कार्यालय से भागने का आरोप कहा गया है। विदित हो कि आरा निवासी स्वर्गीय हनीफ मृदाहा का पुत्र जबीर मृदाहा अपनी जमीन समस्या को लेकर अंचल कार्यालय सेन्हा आया हुआ था। जो राजस्व कर्मचारी को नही पहचानने पर अंचल क्षेत्र के डांडू निवासी मोहमद मोगले आजम से जबीर मृदाहा पूछा तो उसने राजस्व कर्मचारी के कार्यलय ले गया। और शिष्टचार स्वरूप प्रणाम करते हुए आरा के रैयत को बताया इतने में राजस्व कर्मचारी प्रदीप लेन्सन टोप्पो ने अपशब्द और अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए कार्यालय से बाहर धक्का मार निकाल दिया। जिसको लेकर अंचल परिसर में शोर गुल होने लगा तभी पत्रकार पहुंचते है तो सारी घटना को बताते हुए जबीर मृदहा ने कहा की रैयत के कार्य के लिए पदस्थापित राजस्व कर्मचारी का व्यवहार अच्छा नही है। साथ ही बताया जाता है कि राजस्व कर्मचारी नित्यदिन शराब का सेवन कर कार्यालय आते है। और इस तरह का व्यवहार अन्य लोगो के साथ करते है। इस संदर्भ में अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी से जायजा लेने पर उन्होंने कहा कि प्रदीप लेन्सन टोप्पो का रैयत के साथ व्यवहार अच्छा नही रहता है। इसके व्यवहार से हम भी हारे हुए है। वहीं रैयत इसकी शिकायत उपायुक्त डॉ0 बाघमारे प्रसाद कृष्ण से करने की बात कही है।

# बागवानी योजना के कार्य में गति दें : बीपीओ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में बीपीओ रघुनाथ मुंडा की अध्यक्षता में मुखिया, कनीय अभियंता और रोज़गार सेवकों के साथ सोमवार को मनरेगा के अन्तर्गत हो रहे विकास योजनाओं का समीक्षा बैठक संपन्न हुआ। वही बैठक में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी रघुनाथ मुंडा ने सभी को निर्देश देते हुए कहा कि मुखिया और रोज़गार सेवक आपसी समावेश के साथ सरकार द्वारा संचालित सभी तरह के विकास योजनाओं में गति दें। साथ ही कहा कि प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों में बिरसा हरित ग्राम योजना, आम बागवानी और टीसीबी सहित विभिन्न योजनाएँ चल रहा है। जिस में अधिक से अधिक मजदुर लगाएं खास कर बागवानी योजना का गड्ढा खोदाई का कार्य में जिसे ससमय कार्य पूर्ण हो सके तथा बरसाती योजनाओं का काम को यथाशिघ्रचालू किया करें कार्य को संचालित करने के लिये रोज़गार सेवक स्थानीय मुखिया से सहयोग लें और विकास कार्य को गति दें। मौके पर बीपीओ रघुनाथ मुंडा, सहायक अभियंता राजीव कुमार, कनीय अभियंता सूरज राम, शिव शंकर उरांव, अंजू कुमारी, मुखिया दिलीप उरांव, राजश्री उरांव, अनिल उरांव, बसंती देवी अन्य सभी उपस्थित थे।

# अफीम के साथ एक गिरफ्तार, भेजा जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** थाना क्षेत्र के गड़गोमा ग्राम निवासी संतोष राणा पिता स्व जमुना राणा को पुलिस ने 690 ग्राम अफीम जिसका बजार मूल्य लगभग 345000 रु है. के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. जानकारी देते हुए थाना प्रभारी राजा दिलावर ने बताया की लातेहार पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन को गुप्त सूचना मिली थी की बारियातू फूलसु रोड बारियातू बाजार मे महेश यादव के घर मे किरायेदार के रूप मे रह रहे संतोष राणा पिता स्व जमुना राणा ग्राम गड़गोमा निवासी द्वारा अवैध रूप से अफीम की खरीद बिक्री का धंधा किया जाता है। तत्वरित कार्रवाई करने पर किराये मे रह रहे घर से भारी मात्रा मे अवैध अफीम पोस्ते की बरामदगी हो सकती है.पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देशानुसार पुलिस अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आशुतोष कुमार सत्यम के नेतृत्व मे छापामारी टीम गठन किया गया जिसमे पुअनि राजा दिलावर थाना प्रभारी बारियातू, सअनि नीरज दुबे एवं शस्त्र बल शामिल थे. छापामारी दल के द्वारा संतोष राणा बारियातू के फूलसु रोड बारियातू बाजार स्थित किराये के घर की विधिवत तलासी करने पर संतोष राणा किराये घर के अंदर कमरे सें कुल 690 ग्राम अफीम गदा बरामद हुआ. जिसको विधिवत जप्ति सूची बनाकर जप्त किया गया तथा अभियुक्त संतोष राणा पिता स्व जमुना राणा ग्राम गड़गोमा थाना बारियातू जिला लातेहार को विधिवत गिरफ्तार किया गया. इस संबंध में बरियातू थाना कांड संख्या 45/24 दिनांक 30.06.2024 धारा 17(सी ) 18 (बि ) 22(सी ) एनडीपीएस एक्ट दर्ज कर गिरफ्तार कर अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। अवैध मादक पदार्थ के विरुद्ध लातेहार पुलिस के द्वारा इस प्रकार की कार्रवाई भविष्य में भी की जाती रहेगी। इसके पूर्व भी बारियातू थाना प्रभारी द्वारा कई कार्रवाई की गई है जिससे अवैध अफीम माफियाओ मे हड़कम्प मचा हुआ है।

## हरमू पंचायत भवन में कैम्प लगाकर लोगों को किया गया जागरूक



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्रम अधीक्षक दीसी लॉरी तिर्की के निदेशानुसार हरमू पंचायत भवन में आज सोमवार को कैम्प लगाकर लोगों को जागरूक किया गया एवं झारखंड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में निबंधन कराने हेतु जानकारी दी गयी। बताया गया कि झारखंड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में निबन्धित प्रबंधन के बाद पर्यवेक्षक को विभिन्न यथा; निर्माण श्रमिक सुरक्षा किट योजना, श्रमिक औजार सहायता योजना, मेधावी पुत्र/पुत्री छात्रावृति योजना, मातृत्व प्रसुविधा योजना, विवाह सहायता योजना, चिकित्सा सहायता योजना, श्रमिक मृत्यु/दुर्घटना सहायता योजना, अंत्येष्टि सहायता योजना, पेंशन योजनापारिवारिक पेंशन योजना के अंतर्गत उपलब्ध योजनाओं की जानकारी दी गई। हरमू पंचायत भवन में श्रम अधीक्षक कार्यालय, लोहरदगा के कार्यालय कर्मीगण उपस्थित थे।

## कांग्रेस की समीक्षा बैठक में जिला अध्यक्ष सुखेर भगत के साथ मारपीट का मामला आया सामने

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के नगर भवन में सोमवार को कांग्रेस पार्टी की ओर से समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया था। इस दौरान जिले भर के कांग्रेस के कार्यकर्ता एवं नेता उपस्थित थे। इस दौरान समीक्षा बैठक चल ही रही थी कि अचानक नगर भवन के अंदर हल्ला गुल्ला शुरू हो गया इस दौरान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सुखेर भगत को लोग मारपीट करने लगे।बताया जा रहा है कि कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सुखेर भगत को लोकसभा चुनाव 2024 में पार्टी विरोधी कार्य करने को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नाराजगी थी जिसको लेकर कार्यकर्ताओं ने सुखेर भगत के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है।हालांकि घटना के बाद कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुखेर भगत ने बताया कि उन्होंने किसी भी प्रकार का कोई भी पार्टी विरोधी कार्य नहीं किया है। इस दौरान उन्होंने कहा कि पार्टी विरोधी कार्य किए जाने को लेकर सुखदेव भगत के गुट ने मिलकर मेरे साथ मारपीट करने पर उतारू हो गए काफी समझाने बुझाने के बाद लोग शांत हुए हालांकि अब इस तरह के घटना होने के बाद लोगों के बीच तरह-तरह की बातें होने शुरू हो गए हैं।

## सांप के काटने से बच्ची हुई गम्भीर, इलाज के लिए अस्पताल में कराया गया भर्ती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** थाना क्षेत्र के गढ़गाँव सेमर टोली में विषैला सांप के काटने से बच्ची गम्भीर हुई परिजनों द्वारा इलाज के लिये सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। सेन्हा थाना क्षेत्र के अलौदी पंचायत अन्तर्गत गढ़गाँव सेमरटोली निवासी लक्ष्मण उराँव का लगभग तीन वर्षीय पुत्री मनीषा कुमारी को विषैला सांप काट दिया जिसे बच्ची की तबियत बिगड़ने लगा तो परिजनों ने बच्ची को इलाज के लिये सदर अस्पताल लोहरदगा में भर्ती कराया गया। जहाँ बच्ची का इलाज चल रहा है और बच्ची का हालत में सुधार बताया जा रहा है। वही बच्ची का पिताजी लक्ष्मण उराँव ने बताया कि रविवार को हम लोग अरु बाजार गये थे। उसी दौरान मेरी बड़ी बच्ची कविता कुमारी के साथ छोटी बच्ची मनीषा कुमारी थी। जिसे घर के समीप कुछ दूर पर विषैला सांप काट दिया। वही बाजार से घर वापस लौटने पर बच्ची को सांप काटने की जानकारी मिली तो निजी वाहन से बच्ची को इलाज के लिये सदर अस्पताल लोहरदगा ले जाकर भर्ती कराया वही बच्ची का इलाज चल रहा है। जिसे बच्ची का स्थित में सुधार है।

# बरवाड़ी पंचायत में कार्यकारिणी समिति की बैठक हुई संपन्न, कई योजनाओं पर लिए गए निर्णय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बरवाडी पंचायत भवन में कार्यकारिणी की बैठक बुलाई गई जिसमें सभी तरह के विकास के योजना पर चर्चा किया गया। बैठक की अध्यक्षता बरवाडी पंचायत मुखिया संदीप कुमार सुमन ने किया।बैठक में 15-16 वें वित्त योजना की राशि से पंचायतों में विकास कार्य तेज गति से करने का निर्णय लिया गया। इस दौरान मुखिया ने कहा कि 15 में वित्त की राशि लगभग पांच से छह महीने पहले आई हुई है। परंतु उसे खर्च करने के लिए सरकार द्वारा गाइड लाइन नहीं दिए जाने के कारण हम लोग उक्त राशि को विकास कार्य में खर्च नहीं कर पा रहे थे। अब सरकार के द्वारा दिए गए नए गाइडलाइन के अनुसार हम लोग अपने-अपने पंचायतों में विकास कार्य में तेजी लाएं तथा उसे धरातल पर उतारने का काम करें, तभी विकास कार्यों से लोग लाभांवित हो पाएंगे। 15 वें वित्त की राशि से सभी विकास कार्य संपन्न कराना है। ताकि सभी विकास कार्य समय से हो जाएं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि उक्त राशि से मुखिया अपने पंचायतों में पीसीसी सड़क, फेवर ब्लॉक सड़क, यात्री शेड, कूप निर्माण भूगर्भ जल संरक्षण के लिए सोख्ता या शार्ट पीट आदि का निर्माण कर सकते हैं। उसे जल्द से जल्द धरातल पर उतारने का काम करें। साथ में मनरेगा संबंधित योजनाओं का भी कार्य तेजी से पूर्ण करने का निर्णय निर्णय लिया गया इस बैठक में बरवाडी पंचायत सचिव मोहम्मद असलम व सभी वार्ड समिति सदस्य उपस्थित रहे।

## बब्लू सिंह को सहायक अध्यापक संध के प्रदेश महासचिव बनाए जाने पर बधाईयों का तांता



**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को रांची मोहराबादी मैदान में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें आकलन संगठन के प्रदेश कमेटी का विस्तार किया गया। इस दौरान सर्वसम्मति से बरवाडीह प्रखंड के सहायक अध्यापक बब्लू सिंह को प्रदेश महासचिव बनाया गया। वहीं बब्लू सिंह के प्रदेश महासचिव चुने जाने पर बरवाडीह प्रखंड के सहायक अध्यापकों में हर्ष का माहौल है साथ ही बधाईयों का तांता लग गया है। वहीं बधाई देने वालों में मनोज सहाय, गुलाम अनवर, शकील खान, अनुज सिंहा, डिलेश कुमार, कुमार सौरभ, भोला प्रजापति समेत अन्य सहायक अध्यापक शामिल हैं।

# डॉक्टर्स डे पर सदर अस्पताल में मरीजों के बीच फल वितरण एवं रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** डॉक्टर्स डे के अवसर पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के तत्वावधान में सदर अस्पताल लोहरदगा में इलाजरत पचास से अधिक मरीजों के बीच फल वितरण किया गया साथ हीं नियमित इलाज कराकर डॉक्टर के नुस्खे का पालन कर शीघ्र स्वास्थ्य होने की कामना की गई। वहीं ब्लड बैंक में ब्लड डोनेशन कैम्प का आयोजन भी किया गया। जिसमें प्रवीण कुमार, देशराज गोयल, पंकज साहू, धनराज साहू, निखिल बर्मन सहित आठ रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। इस अवसर पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष डॉ गणेश प्रसाद ने विचार व्यक्त करते हुए बतलाया कि डॉक्टर का पेशा सेवा करना होता है और समाज सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं होता है। सेवा भाव से किए गए कार्य में संतुष्टि मिलती है। रक्तदान जैसे पुनीत कार्य समाज के लिए एक संदेश है। रक्तवीर देशराज गोयल ने बेरासीवां रक्तदान कर लोहरदगा जिला में कीर्तिमान स्थापित किया है जो प्रेरणादायक है। इस अवसर पर एसोशिएशन के उपाध्यक्ष डॉ शम्भूनाथ चौधरी, डॉ सिस्टर आइलीन कुजूर, सचिव डॉ संजय प्रसाद, सिविल सर्जन डॉक्टर राजमोहन खलखो ने सम्बोधित किया। एसोसिएशन के सदस्यों ने उपायुक्त डॉक्टर वाघमारे प्रसाद कृष्ण से मिलकर एसोसिएशन के गतिविधियों पर चर्चा किया और आगे की रणनीति बनाया। जिसके तहत एम एल ए कॉलेज में संध्या आठ बजे बैठक रखी गई है। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष डॉ गणेश प्रसाद, उपाध्यक्ष डॉ एस एन चौधरी, डॉ सिस्टर आइलीन कुजूर, सचिव डॉ संजय प्रसाद, डॉ सनल शानू बरवार, डॉ रीता चौधरी, डॉ अंजना लकड़ा, डॉ रश्मि, इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव अरुण राम, ब्लड बैंक के कर्मी उमेश प्रसाद, सद्दाम अंसारी, विकेश कुमार, विकास कुमार इत्यादि उपस्थित थे।

# ग्लेन जोसेफ गॉलस्टेन ने जिले के विकास योजनाओं को लेकर जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड विधानसभा आवास समिति के सभापति व विधानसभा सदस्य ग्लेन जोसेफ गॉलस्टेन की अध्यक्षता में आज सोमवार को लोहरदगा परिसदन में जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक की गई। बैठक में सर्वप्रथम अबुआ आवास योजना में प्राप्त आवेदन, स्वीकृत आवास व प्रथम किश्त के भुगतान की स्थिति की समीक्षा की गई। शिक्षा विभाग की समीक्षा में जिला में जर्जर विद्यालय भवन की मरम्मती के कार्य की समीक्षा की गई। कस्तूरी आवासीय विद्यालय में अतिरिक्त शौचालय के लिए विभाग को पुनः पत्राचार करने का निदेश दिया गया। ऊर्जा विभाग की समीक्षा में जर्जर भवनों की मरम्मती के लिए विभाग को पुनः स्मार भेजे जाने का निदेश दिया गया। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में सदर अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में विभिन्न टीका व दवाइयों की स्थिति, आवश्यक उपकरण की समीक्षा की गई और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को सुदृढ़ किये जाने का निदेश दिया गया। आपदा प्रबंधन विभाग की समीक्षा में सड़क दुर्घटना, वज्रपात से मृत्यु आदि मामलों में कृत कार्रवाई पर चर्चा की गई व निदेश दिए गए। आपूर्ति विभाग अंतर्गत कम राशन व अन्य शिकायत के मामलों में त्वरित कार्रवाई किये जाने का निदेश दिया गया। ग्रामीण कार्य विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं में लंबित व पूर्ण योजनाओं की समीक्षा की गई। ग्रामीण कार्य विशेष प्रमंडल से स्थगित योजनाओं का कारण पूछा गया। पेयजल एवं स्वच्छ्ता विभाग अंतर्गत शौचालय निर्माण, चापाकल मरम्मती, भवन प्रमंडल अंतर्गत जिला निर्माणाधीन समाहरणालय भवन, एसडीओ भवन, कोर्ट परिसर में निर्माणाधीन भवन, एकलव्य आवासीय विद्यालय कुजरा में निर्माणाधीन छात्रावास आदि की समीक्षा की गई। पथ प्रमंडल द्वारा जिला में संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में अन्य सभी विभागों की समीक्षा की गई व आवश्यक निर्देश दिए गए। आज की बैठक में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा समेत सभी विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## आदिवासी सत्य प्राकृतिक सरना धर्म प्रार्थना सभा का हुआ आयोजन

**कुडू-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुडू प्रखंड क्षेत्र के कुंदगडा गांव में धर्म गुरु चितरंजन उरांव के अगुवाई में आदिवासी सत्य प्रकृति सरना धर्म प्रार्थना सभा का भव्य आयोजन हुआ। यह आयोजन करम उपवास के सुंदर समय में मुख्य अतिथि के रूप में पड़हा सरकार जगरे उरांव एवं धर्मेशीन सरना एडपा मुख्य रूप से मुख्य अतिथि थे। इस आयोजन में करम पेड़ से मिला उपवास का तोडाय नौ व्यक्तियों का हुआ। इसमें एक ही परिवार के हैं। जिसमें जसमणी उरांव का 7 दिन, पुष्पा उरांव 7 दिन,मनिका उरांव 7 दिन,सुसंती उरांव 7 दिन,पंचम उराँव तीन दिन,अजय उरांव 3 दिन,अदीप उरांव 3 दिन,पुष्पा उरांव 3 दिन,एक 8 महीना की छोटी बच्ची का 3 दिन उपवास। जिसमें एक दिन का निर्जला उपवास। इस आयोजन में निम्नलिखित धर्मेशीन सरना एडपा शाखा नंबर एक हापामुनि,घाघरा केंद्र ,मुरमा धर्मेशीन सरना एडपा शाखा नंबर दो गजनी, शाखा नंबर तीन बैटहट, नंबर पांच मन्द्रों,चान्हो,रांची सहित अन्य कई गांव के लोग उपस्थित हुए। यह आयोजन कुंदगडा के पाहन राजू उरांव के अगुवाई में डंडा कट्टी,झंडा गड़ी,अनादी प्रार्थना के साथ शुरू हुआ। यह प्रकृति के स्वभाव के अनुसार किसी भी धर्म का आलोचना नहीं करते हुए सभी धर्म का सम्मान करते हुए धर्मगुरु चितरंजन उरांव ने कहा कि किसी भी धर्म का आलोचना नहीं करने का संदेश दिया।साथ ही साथ प्रकृति का स्वभाव किसी भी धर्म,किसी भी ब्यक्ति,किसी का पहनावा,किसी का खान पान का निंदा नही करते हुए सभी का सम्मान करना यह मनुष्य जीवन का बहुत बड़ा धर्म है। आज करम उपवास में हजारों लोग उत्साह रूप में आए और सुख शांति के लिए करम बाबा से आशीर्वाद लिए। इस मौके पर मुख्य रूप से धर्मगुरु चितरंजन उरांव,पिंकी उरांव,सविता उरांव,मंजू उरांव,सुमन उरांव,जतरी उरांव,धनवंती उरांव,ललिता उरांव,किरण उरांव,शिव उरांव,निर्मल उरांव,एतवा उरांव,सुलेश उरांव,राजू पहन ,शांति उरांव,प्रमिला उरांव,मंगरा उराँव,बनवारी लोहरा, जरियो गांव के वार्ड सदस्य परमेश्वर उरांव सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित हुए।

## चलते चलते एक नजर

### श्रीलंका सीरीज से भारतीय टीम को मिलेगा नया मुख्य कोच



**ब्रिजटाउन:** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने पुष्टि की है कि टीम इंडिया के नए मुख्य कोच आगामी श्रीलंका श्रृंखला से टीम में शामिल होंगे।भारतीय टीम को तीन मैचों की टी20 और इतने ही मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए श्रीलंका का दौरा करना है, जो 27 जुलाई से शुरू होगा। मुख्य कोच राहुल द्रविड़ का कार्यकाल टी20 विश्व कप 2024 के फाइनल मैच के बाद समाप्त हो गया, जहां भारत ने दक्षिण अफ्रीका को सात रनों से हराकर 17 साल बाद प्रतिष्ठित ट्रॉफी जीती।बारबाडोस में पत्रकारों से बात करते हुए शाह ने कहा कि क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) ने पहले ही दो नामों का साक्षात्कार लिया है और उन्हें शॉर्टलिस्ट किया है। उन्होंने कहा कि मुंबई पहुंचने के बाद बीसीसीआई के सदस्य इसकी घोषणा करेंगे।बीसीसीआई सचिव ने पुष्टि की कि पूर्व भारतीय क्रिकेटर वीवीएस लक्ष्मण टीम के अंतरिम कोच के रूप में जिम्बाब्वे जाएंगे।

### राज्य के सरकारी स्कूलों ने लक्ष्य प्राप्ति की दिशा में हासिल किया सफलता का शानदार पड़ावः रंजन

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मिशन लाइफ के तहत राज्य के सरकारी विद्यालयों में इस वर्ष निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए एक लाख पौधे लगाए जा चुके हैं। झारखंड शिक्षा परियोजना को प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक राज्य के सभी स्कूलों ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अभूतपूर्व प्रयास जारी रखते हुए विद्यालयों के कैंपस को हरा भरा बनाने के लिए अबतक एक लाख से अधिक पौधे लगाए हैं। इस मिशन के तहत विद्यालयों में 5,153 आदर्श किचेन गार्डेन बनाये गए हैं। राज्य के सभी विद्यालयों में मध्याह्न भोजन के लिए उपयोग होने वाले पोषक सब्जियों, मौसमी या औषधीय पौधों को यहां पौधरोपित किया गया है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए विद्यालयों को विद्यालय समितियों, जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों का भी योगदान मिल रहा है। दो जून से शुरू हुए इस पौधरोपण अभियान के तहत प्राथमिक विद्यालयों में कम से कम 10 पौधे, मध्य विद्यालयों में कम से कम 20 पौधे और उच्च विद्यालयों में कम से कम 30 पौधे लगाना अनिवार्य होगा। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के निदेशक आदित्य रंजन ने सोमवार को बताया कि इस वर्ष सरकारी विद्यालयों में पर्यावरण संरक्षण के लिए पांच लाख पेड़ लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सभी स्कूलों को विस्तृत दिशा-निर्देश के साथ राशि उपलब्ध कराई गयी थी। अबतक प्राप्त आंकड़े संतोषजनक हैं। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों को पुरस्कृत करने की भी योजना है।

# गढ़वा के गांव भी होंगे आधुनिक सुविधाओं से संपन्न : मंत्री मिथिलेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** गढ़वा के ग्रामीण क्षेत्र भी अब हाई मास्ट लाइट से जगमग हो गए हैं। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवम स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने ग्रामीण क्षेत्रों में लगे 82 हाई मास्ट लाइट का पूजा अर्चना कर, नारियल फोड़ कर व स्विच ऑन कर उद्घाटन किया। गढ़वा प्रखंड के कोरवाडीह गांव स्थित ओलायत मोड़ पर आयोजित कार्यक्रम में मंत्री श्री ठाकुर ने विधायक निधि से गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रखंडों गढ़वा, मेराल, रंका, चिनियां व रमकंडा के विभिन्न गांवों में लगे हाई मास्ट लाइट का उद्घाटन किया।मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा के सभी गांव भी अब मूलभूत सुविधाओं सहित आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होंगे। सभी गांव में मूलभूत सुविधाएं बिजली, पानी, सड़क आदि उपलब्ध हो गई है। अब ग्रामीण क्षेत्रों का भी आधुनिकीकरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रथम चरण में गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में 82 हाई मास्ट लाइट लगाया गया है। शेष बचे गांवों में भी यथाशीघ्र



आवश्यकतानुसार हाई मास्ट लाइट लगाया जाएगा। इसकी प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े चार वर्षों में उन्होंने गढ़वा के चप्पे-चप्पे में विकास की रोशनी पहुंचा दिया है। आज से साढ़े वर्ष पूर्व गढ़वा की स्थिति काफी बदतर थी। अब पुरी तरह से सभी गांव, सभी टोले को बिजली, सड़क, शुद्ध पेयजल से जोड़ दिया गया है। चिकित्सा एवं शिक्षा की सुविधा उपलब्ध करा दी गई है। शेष बचे क्षेत्रों में विकास कार्य तेजी से किया जा रहा है। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रेखा चौबे, दीपमाला, कोरवाडीह मुखिया शरीफ अंसारी, नवीन तिवारी, फुजैल अहमद, मुजीबुर रहमान, अरविंद यादव, दिलीप गुप्ता, अंकित पांडेय सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### राहुल का बयान यूपी और अयोध्या को बदनाम करने की साजिश : योगी

**लखनऊ :** संसद में अयोध्या में विस्थापितों को दिये गये मुआवजे को लेकर राहुल गांधी के भाषण पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करारा पलटवार किया है। सीएम योगी ने सोमवार को कहा कि राहुल का बयान यूपी और अयोध्या को बदनाम करने के लिए दिया गया है। सदन में दिया गया राहुल का झूठा बयान अत्यंत ही निंदनीय और शर्मनाक है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अयोध्या में विभिन्न विकास कार्यों के दौरान विस्थापित हुए लोगों को 1733 करोड़ रुपये की धनराशि मुआवजे के तौर पर प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री सोमवार शाम अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

# पेपर लीक का मामला बेहद गंभीर : मायावती



**एजेंसी**

**लखनऊ :** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने सोमवार को कहा कि उत्तर प्रदेश समेत अन्य राज्यों में होने वाली परीक्षाओं में पेपर लीक एवं सरकारी भर्तियों में भ्रष्टाचार का मामला अति-गंभीर, दुःखद व चिन्तनीय है। इन समस्याओं के प्रति किसी प्रकार की सरकारी लापरवाही और न ही राजनीति उचित है, बल्कि इसकी रोकथाम के लिए सख़्त कदम आवश्यक है।मायावती ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि देश में समय-समय पर होने वाली विभिन्न परीक्षाओं की पवित्रता के साथ ही वर्तमान में ख़ासकर मेडिकल की नीट-यूजी एवं पीजी परीक्षाओं को लेकर जो अनिश्चितता बनी हुई है। उससे लोगों में बेचैनी, चिन्ता व आक्रोश की लहर स्वाभाविक है, जिसका शीघ्र और सही स्थाई समाधान निकालना बहुत ही ज़रूरी है।आगे उन्होंने कहा कि वैसे आल इण्डिया ही नहीं बल्कि यूपी समेत राज्यों में होने वाली परीक्षाओं में पेपर लीक व सरकारी भर्तियों में भ्रष्टाचार का मामला भी अति-गंभीर एवं चिन्तनीय है। इन समस्याओं के प्रति किसी प्रकार की सरकारी लापरवाही और न ही राजनीति उचित बल्कि इसकी रोकथाम के लिए सख़्त कदम आवश्यक है।बसपा प्रमुख मायावती ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व सांसद अखिलेश यादव को आज उनके जन्मदिन पर हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने उनके लम्बी उम्र की कामना करते हुए शुभकामनाएं और उनके परिवार वालों को भी इस अवसर की दिली मुबारकबाद दी।

# सांसद वीडी राम ने पलामू-गढ़वा में सोलर पार्क का मुद्दा उठाया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** लोकसभा में पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने नियम 377 के तहत झारखंड राज्य में विकास कार्यो के लिए भूमि उपल्बध नही होने के कारण केन्द्र सरकार द्वारा दो वर्ष पहले पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत दोनों जिला पलामू एवं गढ़वा में 20-20 मेगावाट का सोलर पार्क बनाने की स्वीकृत योजना का निर्माण नही होने से संबंधित अति महत्वपूर्ण मामले को उठाया।श्री राम ने कहा कि झारखंड का 33 प्रतिशत भू-भाग वनों से अच्छादित है। फलस्वरूप विकास कार्यो के लिए भूमि की उपलब्धता नगण्य है। अधिकांश भूमि 1930 के सर्वे के अनुसार जंगल या झाड़ी के रूप में चिन्हित हैं। 100 वर्ष पूर्व के सर्वे के आधार पर वह भूमि आज भी जंगल-झाड़ से अच्छादित दिखाई जा रही है परन्तु उक्त जमीन पर वर्तमान में एक भी पेड़ नहीं है। विकास की योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए वैसी भूमि के लिए भी फॉरेस्ट क्लीयरेंस की सारी प्रक्रिया अपनानी होती है। आज करीब दो वर्ष पूर्व केन्द्र सरकार के ऊर्जा मंत्रालय ने पलामू एवं गढ़वा जिला में 20-20 मेगावाट का सोलर पार्क बनाने की स्वीकृति प्रदान की थी और उसके लिए



100-100 एकड़ भूमि की आवश्कता बतलायी थी परंतु जिला प्रषासन ने जिस भूमि को चिन्हित किया वह जंगल-झाड़ वाली भूमि निकल गयी। परिणामस्वरूप सोलर पार्क बनाने की योजना अधर में लटक कर रह गयी है। सांसद ने कहा कि आपके माध्यम से केन्द्र सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्रालय से अनुरोध है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश को संषोधित करने के लिए भारत सरकार पुनर्विचार याचिका दाखिल करने पर विचार करें या वन अधिनियम 1980 के प्रावधानों में परिवर्तन कर ऐसी जमीन जिसकी प्रकृति बदल गयी है उसे जंगल झाड़ की परिधि से बाहर निकाल दें।

# भगवान का रूप होते हैं डॉक्टर्स : अरुणा शंकर

## प्रथम महापौर डॉक्टर्स डे पर डॉक्टरो को सम्मानित कर हुई गौरवान्वित

अरूणा शंकर ने कहा कि डॉक्टर्स भगवान के रूप होते हैं। वे जहां हमारी जान बचाने के लिए प्रतिबद्ध होते हैं वहीं हमें स्वस्थ रखने में सहयोगी हैं। प्रथम महापौर ने कहा कि मैं खासकर मेदिनीनगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में सेवा दे रहे डॉक्टरो को नमन करती हूं, जो इतनी महंगी पढ़ाई पढ़ने के बाद चाहते तो बड़े शहरों में रहकर यहां से ज्यादा ख्याति पा सकते थे।



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने डॉक्टर्स डे के अवसर पर शहर के वरिष्ठ डॉक्टर आरपी सिंहा, डॉ अरुण शुक्ला, डॉ विश्वनाथ ओझा, डॉ विजय सिंह, डॉ आरएन सिंह, डॉक्टर उर्मिला श्रीवास्तव, डॉक्टर एसएस होरो डॉक्टर राहुल अग्रवाल, डॉ नेहा अग्रवाल, डॉ प्रसून कुमार, डॉ अनवर निजाम, डॉ राहत निजाम, डॉक्टर स्नेह लता त्रिपाठी एवं कई अन्य डॉक्टर्स को क्लीनिक में जाकर बुके देकर अभिवादन किया।

श्रीमती शंकर ने कहा कि डॉक्टर्स भगवान के रूप होते हैं। वे जहां हमारी जान बचाने के लिए प्रतिबद्ध होते हैं वहीं हमें स्वस्थ रखने में सहयोगी हैं। प्रथम महापौर ने कहा कि मैं खासकर मेदिनीनगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में सेवा दे रहे डॉक्टरो को नमन करती हूं, जो इतनी महंगी पढ़ाई पढ़ने के बाद चाहते तो बड़े शहरों में रहकर यहां से ज्यादा ख्याति पा सकते थे। लेकिन आज हम सबों के बीच मेट्रोपॉलिटन की जिंदगी छोड़कर हमारे शहर में अपनी सेवा दे रहे हैं।

जो हम सबों के लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि मैं महिला डॉक्टर्स को विशेष अभिनंदन करती हूं। जिनके कुशल प्रयास से हम संसार में सेफ्ली आते हैं और जिनका दर्शन संसार में आते के साथ मां से पहले होता है। मैं आज डॉक्टरर्स डे पर प्रमंडल के सभी डॉक्टरों का तहे दिल से अभिनंदन करती हूं और उन्हें सम्मानित कर अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रही हूं।

### विपक्ष की भूमिका संसद में रचनात्मक नहीं, बल्कि विनाशकारी है : नड्डा

**नई दिल्ली :** लोक सभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बयान पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि विपक्ष ने एक बार फिर साबित कर दिया कि उनकी भूमिका संसद में रचनात्मक नहीं, बल्कि विनाशकारी है। पिछले 60 वर्षों में कभी भी किसी विपक्ष को लगातार जनता ने तीन बार खारिज नहीं किया। वे जिस तरह से कार्य कर रहे हैं, आने वाले समय में वे अपने ही रिकॉर्ड को तोड़ देंगे। उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अपने भाषण के पहले दिन ही सबसे खराब प्रदर्शन किया है। उन्हें 2024 का जनादेश (उनकी लगातार तीसरी हार) समझ नहीं आया है और न ही उनमें कोई विनम्रता आई है। सोमवार को जेपी नड्डा ने एक्स पर दिए अपने बयान में कहा कि राहुल गांधी को सभी हिन्दुओं को हिंसक बताने के लिए तुरंत माफी मांगनी चाहिए।

# राजस्थानः करौली में बोलेरो और ट्रक की भिड़ंत में नौ की मौत

**एजेंसी**

**करौली :** करौली में करौली-मंडारायल मार्ग स्थित डूंडापुरा मोड़ के पास सोमवार को बोलेरो और ट्रक की भिड़ंत में दो बच्चों व छह महिलाओं समेत नौ लोगों की मौत हो गई। बोलेरो सवार चार लोग घायल हैं। मृतक करौली मंडारायल और मध्य प्रदेश के रहने वाले बताए गए हैं। जिला पुलिस अधीक्षक ब्रजेश ज्योति उपाध्याय के अनुसार करौली-मंडरायल मार्ग स्थित डूंडापुरा मोड़ के पास तेज रफ्तार कार और ट्रक की आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में कार का आगे का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार वाहन के अनियंत्रित होने से हादसा हुआ है। पुलिस ने सभी घायलों को करौली जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने नौ लोगों को मृत घोषित कर दिया। चार घायलों को




अस्पताल में भर्ती किया गया है। हादसे की सूचना मिलते ही कलेक्टर नीलाभ सक्सेना और एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय दुर्घटना स्थल पहुंचे। उन्होंने राहत और बचाव कार्यों की जानकारी ली। एडीएम राजवीर चौधरी हॉस्पिटल पहुंचे और घायलों के हालचाल जाना। एक बच्चे और दो महिलाओं समेत चार लोगों के शव पुलिस के ट्रक से करौली अस्पताल की मोर्चरी लेकर गए। इस दौरान अस्पताल में बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए। भीड़ को हटाने के लिए पुलिस जाब्ता तैनात किया गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार बोलेरो सवार सभी लोग कैला माता के दर्शन करने के लिए जा रहे थे।

# नये तीन कानूनों के पहले दिन देश का पहला आत्मसमर्पण रांची एसएसपी चंदन के नेतृत्व में हुआ



**परवेज़ कुरैशी@प्रभात मंत्र**

**रांची।** देश में सोमवार एक जुलाई 2024 से आईपीसी, सीआरपीसी और इंडियन एविडेंस एक्ट की जगह क्रमशः भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय न्याय सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) लागू हो गया है। इस नए तीन कानून के तहत रांची जिला में वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा के नेतृत्व में एक उपलब्धि दर्ज हो गई है। यह न सिर्फ रांची, झारखंड बल्कि देश भर में पहला मामला है, जो ऐतिहासिक हो गया है। इस मामले में वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा के नेतृत्व में एक नाबालिग युवक जो मुख्य धारा से भटक चुका था, पिछले करीब डेढ़ सालों से बुढ़मू थाना क्षेत्र के टीएसपीसी के एरिया कमांडर राहुल गंझू की टीम में शामिल होकर आपराधिक घटनाओं से जुड़ा हुआ था। ये और आगे कई बड़ी घटनाओं को अंजाम देता, इससे पहले ही उस नाबालिग को आत्मसमर्पण कराने में रांची सीआरपीएफ इंस्पेक्टर और खिलारी डीएसपी राम नारायण चौधरी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

**फूल माला पहनाकर कराया आत्मसमर्पण**

वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा ने बताया कि आधार कार्ड से पता चलेगा कि इसकी उम्र कितनी है, लेकिन अभी सोलह साल ही बता रहा है और ये टीएसपीसी के एरिया कमांडर राहुल गंझू के साथ मिलकर उसके घटनाओं में संलिप्त रहता था, लेकिन इसके मन में एक ख्याल आया की जो रास्ता अख्तियार कर रहा है वह गलत है, कानून के खिलाफ है, इसलिए मुख्य धारा पर लौटने के लिए मन बनाया, वह अपने नजदीकी थाना नहीं जाकर सीआरपीएफ इंस्पेक्टर से किसी के माध्यम से संपर्क कराया और फिर हम लोगों को इसकी जानकारी दी गई। तब हम लोगों ने इसको आत्मसमर्पण करने में सहयोग किया और उसका स्वागत आत्मसमर्पण नीति के तहत फूलों का मामला पहना शॉल ओढ़ाकर सम्मानपूर्वक उसे आत्मसमर्पण कराने का काम किया गया है।

### आईपी यूनिवर्सिटी में नए आपराधिक कानून पर परिचर्चा का आयोजन

**नई दिल्ली :** गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज़ द्वारा आज से लागू तीन आपराधिक कानून भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय न्याय संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम पर एक परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस परिचर्चा की शुरुआत करते हुए यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो.(डॉक्टर) महेश वर्मा ने इसे सरकार का एक युगांतकारी कदम बताया। उन्होंने कहा कि ये तीनों कानून अब पूरी तरह देशी स्वरूप में ढल गए हैं और एक सार्थक, संवेदनशील और न्यायसंगत समाज का निर्माण करने में सहायक होंगे। उन्होंने कहा कि इन तीनों कानूनों को लेकर लोगों को जागरूक करने की ज़रूरत है और इसे क्रियान्वित करने वाले लोगों को प्रशिक्षित करने की भी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में विश्वविद्यालय एक बड़ी भूमिका निभा सकता है।

# देश के लिए खून बहाने वालों को अपना आदर्श मानना चाहिए : डा. मोहन भागवत

### सरसंघचालक ने किया मेरे पापा परमवीर पुस्तक का लोकार्पण

**एजेंसी**

**गाजीपुर :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डा. मोहनराव भागवत ने सोमवार को धामूपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में मेरे पापा परमवीर पुस्तक का लोकार्पण किया। परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद के जीवन पर आधारित इस पुस्तक को डॉ.रामचंद्रन श्री निवासन ने लिखी है।सरसंघचालक अपने एक दिवसीय दौरे पर परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद के गांव धामूपुर पहुंचे थे। यह कार्यक्रम वीर अब्दुल हमीद के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित की गई है। उनके और उनकी पत्नी रसूलन बीबी के मूर्ति पर सर्वप्रथम माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।इस मौके पर डॉ.



भागवत ने कैप्टन मकसूद गाजीपुरी द्वारा लिखित पुस्तक भारत का मुसलमान का भी विमोचन किया। कैप्टन मकसूद सेना से रिटायर्ड हैं। वो अब्दुल हमीद की जयंती पर आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे थे।इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डा.मोहनराव भागवत ने कहा कि देश के लिए खून तथा पसीना बहाने वालों को अपना आदर्श मानना चाहिए। उन्होंने कहा कि शहीदों के स्मरण और अनुकरण से विशाल भारत का निर्माण होता है और अच्छे भारत भारतीय होने का गौरव प्राप्त होता है। परिस्थिति चाहें जैसी हो हमें अपनी मातृभूमि व प्राचीन संस्कृति पर गर्व करते हुए अनुकरण करना चाहिए।उन्होंने कहा कि जानवर और इंसान में फर्क है। इंसान दूसरे के लिए जीता है, जबकि जानवर अपने लिए जीता है। इसे चरितार्थ परमवीर चक्र विजेता अब्दुल हमीद ने किया। वह युद्ध के रण में शहीद हो गए। शहीद अब्दुल हमीद की जयंती पर भागवत ने कहा कि मुख्य द्वार पर मैंने एक लाइन लिखी देखी शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले,वतन पर मरने वालों का यही बांकी निशां होगा। वास्तव में शहीद अमर हो जाते हैं। शहीद का बलिदान महान होता है। भारतीय संस्कृति में अपने उपभोग और मजे के लिए जीने की परंपरा नहीं है। शहीद ऐसे ही अपना जीवन जीते हैं। ये बहुत कठिन तपस्या है।